रजिस्टर्ड नं0 HP/13/SML/2005.



राजपत्र, हिमाचल प्रदेश

(असाधारण)

हिमाचल प्रदेश राज्य शासन द्वारा प्रकाशित

शिमला, बुधवार, 7 दिसम्बर, 2005/16 अग्रहायण, 1927

हिमाचल प्रदेश सरकार

आबकारी एवं कराधान विभाग

अधिसूचना

शिमला–2, 2 दिसम्बर, 2005

संख्या ई0 एक्स0 एन0–एफ(5)– 4/2005.—हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2005 (2005 का 12) की धारा 63 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते

3398–राजपत्र/2005–7–12–2005—2,967. मूल्य : एक रुपया।

हुए, उक्त अधिनियम के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :–

अध्याय–1
प्रारम्भिक

1. संक्षिप्त नाम और विस्तार.—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश मूल्य परिवर्धित कर नियम, 2005 है।

(2) ये तुरन्त प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाए.—(1) इन नियमों में जब तक कि कोई बात, विषय या संदर्भ से विरुद्ध न हो,–

(क) "अधिनियम" से हिमाचल प्रदेश मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2005 अभिप्रेत है;

(ख) "अभिकर्ता" से व्यौहारी द्वारा प्ररूप मू.प.क.(वैट)–26 मे लिखित में अपनी ओर से अधिनियम के अधीन सशक्त किसी अधिकारी के समक्ष, अधिनियम के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए प्राधिकृत व्यक्ति अभिप्रेत है, जो,

(i) व्यौहारी का रिश्तेदार है, या

(ii) कोई व्यक्ति जो व्यौहारी के पास नियमित और अंशकालिक कर्मचारी है, या

(iii) कोई व्यक्ति जो तत्समय प्रवृत्त विधि द्वारा समाविष्ट किसी भारतीय विश्वविद्यालय या राज्य सरकार द्वारा इस निमित्त सम्यक् रूप से अनुमोदित किसी विदेशी विश्वविद्यालय से उच्चतर लेखा परीक्षण सहित वाणिज्य, विधि, अर्थशास्त्र या बैंककारी में उपाधि रखता हो ;

(ग) "समुचित निर्धारण प्राधिकारी" से किसी विशिष्टि व्यौहारी की बाबत सहायक आबकारी एवं कराधान आयुक्त या आबकारी एवं कराधान अधिकारी, जिसकी अधिकारिता में व्यौहारी का कारबार का स्थान

स्थित है, या यदि व्यौहारी का हिमाचल प्रदेश में एक से अधिक कारबार का स्थान है, तो सहायक आबकारी एवं कराधान आयुक्त या आबकारी एवं कराधान अधिकारी, जिनकी अधिकारिता में हिमाचल प्रदेश में ऐसे कारबार का मूल स्थान स्थित है, या ऐसा अन्य व्यक्ति जो अधिनियम की धारा 3 के अधीन नियुक्त किया गया है और राज्य सरकार द्वारा अधिनियम की धारा 2 के खण्ड (ग) के अर्थ के अन्तर्गत ऐसे व्यौहारी की बाबत निर्धारण करने के लिए प्राधिकृत किया है, अभिप्रेत है;

(घ) "समुचित सरकारी खजाना" से सरकार का खजाना या उप–खजाना या जिले में स्थित भारतीय स्टेट बैंक की कोई शाखा या स्टेट बैंक ऑफ पटियाला की कोई शाखा, जिसमें सम्बन्धित व्यौहारी का हिमाचल प्रदेश में कारबार का स्थान, या कारबार का मूल स्थान, हैं यदि राज्य में कारबार एक या एक से अधिक स्थान पर किया जा रहा है, अभिप्रेत है;

स्पष्टीकरण.— स्टेट बैंक ऑफ पटियाला की शाखा समुचित सरकारी खजाना केवल तभी समझी जायेगी यदि,

(क) राज्य सरकार ने बैंक को प्राधिकृत किया है, और

(ख) व्यौहारियों के सम्बन्ध में जहां सरकार का कोई खजाना या उप–खजाना या भारतीय स्टेट बैंक की कोई शाखा न हो;

(ड.) "सहायक आबकारी एवं कराधान आयुक्त" से अधिनियम की धारा 3 के अधीन राज्य सरकार द्वारा आयुक्त की सहायता करने के लिए उस पदनाम द्वारा नियुक्त व्यक्ति अभिप्रेत है;

(च) "ईंट" से किसी भट्ठे में से की गई या पकाई गई मिट्टी की ईन्टें अभिप्रेत हैं और इसके अन्तर्गत छत बनाने की खपरी भी सम्मिलित है;

(छ) "चार्ज कोड" से आयुक्त द्वारा निर्धारण के सर्किल को समनुदेशित संख्या अभिप्रेत है;

(ज) "प्ररूप ग" से केन्द्रीय विक्रय कर (रजिस्ट्रीकरण और आवर्त्त) नियम, 1957 के अधीन विहित प्ररुप "ग" अभिप्रेत है;

(झ) "आबकारी एवं कराधान अधिकारी" से अधिनियम की धारा 3 के अधीन राज्य सरकार द्वारा आयुक्त की सहायता करने के लिए उस पदनाम द्वारा नियुक्त व्यक्ति अभिप्रेत है;

(ञ) "प्ररुप" से इन नियमों से संलग्न प्ररूप अभिप्रेत है;

(ट) "मास" से कलैण्डर मास अभिप्रेत है;

(ठ) "धारा" से अधिनियम की धारा अभिप्रेत है;

(ड) "छोटा संकर्म ठेकेदार" से वर्ग "ग" या वर्ग "घ" संकर्म ठेकेदार जो क्रमशः 25 लाख रुपये और 6 लाख रुपये तक का कार्य के लिए बोली या निविदा देने के लिए अर्हित हो; और

(ढ) "कर का भाग" से निम्न फार्मूला के अनुसार संगणित कोई भाग अभिप्रेत है, अर्थातः—

$$\frac{(S)\ \text{विक्रय} \times (R)\ \text{दर}}{(R)\ \text{दर} + 100}$$

जहाँ यथास्थिति विक्रय कराधेय माल का विक्रय मूल्य है और मू.प.क. (वैट) की दर या टी0 ओ0 टी0 है ।

(2) जो शब्द और पद इन नियमों में प्रयुक्त हैं किन्तु परिभाषित नहीं हैं, के वही अर्थ होंगे जो उस अधिनियम में क्रमशः उनके हैं।

अध्याय—2

मुख्यालय का रजिस्ट्रीकरण नामनिर्देशन और कतिपय व्यौहारियों के लिए कराधेय मात्रा

3. रजिस्ट्रीकरण के लिये आवेदन.—(1) धारा 14 के अधीन रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन समुचित निर्धारण प्राधिकारी को प्ररूप मू.प.क. (वैट)—1 में किया जाएगा और निम्नलिखित के मामले में हस्ताक्षरित किया जाएगा, अर्थात्:—

(i) स्वामित्व अधिकार (स्वतत्व), कारबार के स्वत्वधारी (स्वामी) द्वारा;

(ii) भागीदारी, समस्त भागीदारों द्वारा;

(iii) हिन्दू अविभक्त कुटुम्ब कारबार, प्रबंधक या हिन्दू अविभक्त कुटुम्ब के कर्त्ता द्वारा;

(iv) कम्पनी अधिनियम, 1956 या किसी अन्य विधि के अधीन निगमित कम्पनी, अध्यक्ष, प्रबंध निदेशक या कारबार प्रबंध करने वाले मुख्य अधिकारी द्वारा;

(v) सोसाइटी, अध्यक्ष, सचिव या कारबार प्रबंध करने वाले किसी अधिकारी द्वारा;

(vi) क्लब या व्यक्तियों का संगम, क्लब या संगम के कार्यकलापों का प्रबंध करने वाले व्यक्ति, इस निमित सम्यक रूप से प्राधिकृत सदस्यों द्वारा; और

(vii) सरकारी विभाग, विभागाध्यक्ष या उसके द्वारा लिखित में सम्यक रूप से प्राधिकृत कोई अन्य अधिकारी या अधिकारियों द्वारा हस्ताक्षरित किया जाएगा।

(2) उप–नियम (1) के अधीन आवेदन प्ररुप मू.प.क. (वैट)–2 में जमा की रसीद और समुचित सरकारी खजाने में एक सौ रुपये फीस के साथ संलग्न की जाएगी।

(3) साधारण रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए भी आवेदन किसी व्यौहारी द्वारा प्ररूप मू0प0क0(वैट)–1 में किया जाएगा जो धारा 9 के अधीन या धारा 16 की उप–धारा (2) के अधीन कर के संदाय का विकल्प रखता है और उसमें "साधारण रजिस्ट्रीकरण" के लिए आवेदन शब्द रूप से वर्णित किए जाएंगे ।

4. प्रतिभूति.—(1) रजिस्ट्रीकरण के लिये धारा 15 के अधीन दी जाने वाली अपेक्षित प्रतिभूति या अतिरिक्त प्रतिभूति, निम्नलिखित प्ररूपों में दी जा सकेगी, अर्थात:–

(क) नकद जमा या डाकखाना बचत खाता या अनुसूचित बैंक का बचत बैंक खाता पास बुक या निर्धारण प्राधिकारी के पास सम्यक रूप से गिरवी रखी गई सावधि जमा रसीद या अनुसूचित बैंक से बैंक गारंटी; या

(ख) समुचित निर्धारण प्राधिकारी के समाधान के लिये स्वीय बंधपत्र सहित दो ऋणशोधक्षम प्रतिभूतियां और समुचित मूल्य के नॉन–जुडिशियल पेपर पर प्ररूप मू.प.क. (वैट)–3 में निष्पादित किया गया हो।

(2) उप–नियम (1) के अधीन दी गई प्रतिभूति, जब तक रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र प्रवृत्त रहेगा, पूर्णतः अनुरक्षित रखी जायेगी। यदि पूर्व निर्धारित प्रतिभूति की रकम अपर्याप्त पाई जाती है, निर्धारण प्राधिकारी, किसी भी समय, पर्याप्त कारणों से अतिरिक्त प्रतिभूति मांग सकेगा।

(3) जहां किसी व्यक्ति ने बैंक गारंटी के रूप में प्रतिभूति या अतिरिक्त प्रतिभूति दी है, ऐसे गारंटी देने वाला व्यक्ति इसके अवसान की तारीख से कम से कम तीस दिन पूर्व उसको पुनः विधिमान्य करेगा।

(4) जहां किसी व्यक्ति द्वारा दी गई प्रतिभूति या अतिरिक्त प्रतिभूति प्रतिभू–बंधपत्र के रूप में है और प्रतिभू दिवालिया हो जाता है या अन्यथा असमर्थ हो जाता है अथवा मर जाता है या उसे वापिस ले लेता है, तो वह व्यक्ति इन घटनाओं में से किसी के घटित होने के पन्द्रह दिन के भीतर रजिस्ट्रीकरण प्रदान करने वाले प्राधिकारी को सूचित करेगा और ऐसी घटना के तीस दिन के भीतर ऐसी ही रकम की एक नई प्रतिभूति या अतिरिक्त प्रतिभूति देगा।

(5) किसी कर, ब्याज या देय शास्ति के संदाय में व्यतिक्रम की दशा में, उसको सूचना देने के पश्चात, ऐसे कर, ब्याज या शास्ति की वसूली हेतु, निर्धारण प्राधिकारी, उप नियम (1) के अधीन व्यौहारी द्वारा दी गई प्रतिभू या अतिरिक्त प्रतिभूति का समपहरण और समायोजन करने का दायी होगा और ऐसी सूचना की तारीख से तीन दिनों की अवधि के भीतर प्रतिभूति या अतिरिक्त प्रतिभूति की रकम में कमी को व्यौहारी द्वारा भरा जायेगा।

5. रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण पत्र.—(1) जब समुचित निर्धारण प्राधिकारी का, ऐसी जांच करने के पश्चात्, जैसी वह आवश्यक समझें, समाधान हो जाता है कि आवेदन विधिवत है और आवेदक ने अधिनियम और इन नियमों के उपबन्धों के अनुसार अपेक्षाओं की पूर्ति की है, वह ऐसे व्यौहारी या ऐसे व्यक्ति को रजिस्ट्रीकृत कर सकेगा और प्ररूप मू.प.क. (वैट)–4 में रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण पत्र जारी करेगा, (एक मुश्त कर संदाय करने पर व्यौहारी को जारी किया गया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र "साधारण रजिस्ट्रीकरण" के रूप में और मू.प.क. का व्यौहारी द्वारा संदाय करने की दशा में "वैट रजिस्ट्रीकरण" के रूप में स्पष्ट निर्दिष्ट करें) जो कि नियम 3 के उप–नियम (1) के अधीन आवेदन की प्राप्ति की तारीख से, या कर संदाय करने के दायित्व के प्रारम्भ से, जो भी पश्चात्कथित (परवर्त्ती) हो, विधिमान्य होगा, परन्तु धारा 14 की उप–धारा

(2) के अधीन रजिस्ट्रीकरण के मामले में, रजिस्ट्रीकरण का प्रमाणपत्र इसके प्रदान करने की तारीख से विधिमान्य होगा।

(2) रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र, अन्य विशिष्टियों के साथ–साथ निम्नलिखित विनिर्दिष्ट करेगा :–

(क) कारबार और कारबार की किसी शाखा की अवस्थिति;

(ख) कारबार की प्रकृति;

(ग) कर और विवरणी अवधि; और

(घ) अंतराल जिसमें कर संदेय किया जाना है।

(3) अधिनियम और नियमों से यथाशक्य संगत, इस नियम की उप–धारा (2) के खण्ड (ख) और (ग) में निर्दिष्ट विशिष्टियां रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र में, उन्हीं शब्दों में जैसा कि व्यौहारी या व्यक्ति ने अपने आवेदन प्ररूप में उपयोग की है, वर्णन किया जायेगा।

(4) प्रत्येक मूल्य परिवर्धित कर (वैट) रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र की एकमात्र संख्या, होगी जिसे करदाता पहचान संख्या के रूप में जाना जाएगा (जिसे इसमें इसके पश्चात् टी0 आई0 एन0 के रूप में निर्दिष्ट किया है), जोकि 11 अंकों की संख्या से मिलकर बना होगा, जिसमें ,–

(क) प्रथम दो अंक का, जैसा कि संघ के गृह–मंत्रालय द्वारा प्रयुक्त "राज्य कोड", का प्रतिनिधित्व करेंगे ;

(ख) अगले दो अंक "प्रभार कोड" का प्रतिनिधित्व करेंगे ;

(ग) अगले चार अंक "रजिस्ट्रीकरण संख्या" का उपयुक्त प्रतिनिधित्व करेंगे;

(घ) अगला एक अंक "अधिनियम पहचान कोड", अर्थात्, हिमाचल प्रदेश मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2005 या केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम, 1956; का प्रतिनिधित्व करेगा ; और

(ड.) अन्तिम दो अंक "चैक कोड" (जांच कोड) का निम्नलिखित रूप में प्रतिनिधित्व करेंगे, अर्थात्:–

दृष्टांत : 11 अंकों वाले करदाता पहचान संख्या की संरचना

राज्य कोड		प्रभार कोड		रजिस्ट्रीकरण संख्या				अधिनियम पहचान कोड		चैक कोड	
0	2	0	1	0	0	0	1			1	0

(5) रजिस्ट्रीकरण का प्रमाणपत्र कारबार के मुख्य स्थान पर रखा जाएगा और इसकी एक अनुप्रमाणित प्रति कारबार के प्रत्येक अतिरिक्त स्थानों, जिससे यह सम्बन्धित है रखी जाएगी ।

(6) इस नियम में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी धारा 9 या 16(2) के अधीन कर का संदाय करने का विकल्प रखने वाले व्यौहारी को साधारण रजिस्ट्रीकरण संख्या आबंटित की जाएगी और प्रमाणपत्र या रजिस्ट्रीकरण के शीर्ष पर "साधारण रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र" विनिर्दिष्ट किया जाएगा ।

6. रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र की अनुप्रमाणित प्रति देना.—समुचित निर्धारण प्राधिकारी, प्रति कापी पचास रुपये फीस के संदाय पर, उसमें प्रगणित कारबार के प्रत्येक अतिरिक्त स्थान के लिये रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र की एक अनुप्रमाणित प्रति (कापी) रजिस्ट्रीकृत व्यौहारी को सौंपेगा (देगा)।

7. रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र की (अनुलिपि) दूसरी प्रति जारी करना.— रजिस्ट्रीकृत व्यौहारी, समुचित सरकारी खजाने में पचास रुपये फीस जमा करने के पश्चात्, उसको जारी किया गया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जो कि गुम , नष्ट हो गया था, विरुपित या विकृत हो गया था, की दूसरी प्रति, आवेदन पर, समुचित निर्धारण प्राधिकारी से प्राप्त कर सकेगा।

8. रजिस्ट्रीकृत व्यौहारी के रजिस्टर का रख–रखाव.—(1) धारा 14 की उप–धारा (1) के अधीन रजिस्ट्रीकृत प्रत्येक व्यौहारी के कारबार का नाम और अन्य विशिष्टियां, प्रथमतः रजिस्टर में प्ररूप मू.प. क. (वैट)–5 में दर्ज की जाएगी।

(2) धारा 14 की उप–धारा (2) के अधीन रजिस्ट्रीकृत प्रत्येक व्यक्ति के कारबार का नाम और अन्य विशिष्टियां रजिस्टर में प्ररूप मू.प.क.–6 में दर्ज की जाएगी।

9. धारा 14 (2) के अधीन रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र का प्रतिस्थापन.—कोई व्यौहारी जो धारा 14 की उप–धारा (2) के अधीन रजिस्ट्रीकृत है,अपने कारबार की स्थापना के प्रयोजन के लिए, कारबार के स्थापन से 30 दिन के भीतर अपने रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र के प्रतिस्थापन के लिये आवेदन करेगा और अपने विद्यमान रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र को भी समुचित निर्धारण प्राधिकारी को अभ्यर्पित करेगा। रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र, समुचित निर्धारण प्राधिकारी द्वारा, धारा 14 की उप–धारा (1) के अधीन रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करते हुए और विद्यमान रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र को रद्द करते हुए, कारबार के प्रारम्भ की तारीख से, प्रतिस्थापित किया जायेगा, तत्पश्चात् रजिस्टर में प्ररूप मू.प.क. (वैट)–6 में प्रविष्टि का लोप किया जायेगा और निर्धारण प्राधिकारी द्वारा रजिस्टर में प्ररूप मू.प.क. (वैट)–5 में साथ–साथ आवश्यक प्रविष्टि की जायेगी।

10. रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र का संशोधन इत्यादि.—(1) प्रत्येक व्यौहारी, धारा 14 की उप–धारा (6) के अधीन, समुचित निर्धारण प्राधिकारी को, उसमें विनिर्दिष्ट किसी अनिश्चित घटना के घटने पर या उक्त उप–धारा के खण्ड (क) के अधीन अन्तरण द्वारा कारबार का स्वामित्व अर्जित करने पर या भागीदारी में किसी परिवर्तन की दशा में, इस निमित आवेदन करते हुए, सूचना देगा :

परन्तु यह कि जहां रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र का संशोधन, समुचित निर्धारण प्राधिकारी की अधिकारिता से बाहर स्थित कारबार के किसी अतिरिक्त स्थान से सम्बन्धित है, ऐसे संशोधनों के बारे सूचना, ऐसे प्राधिकारी को भी, जिसकी अधिकारिता में ऐसे कारबार का अतिरिक्त स्थान स्थित है, अग्रेषित की जाएगी।

(2) जब कोई व्यौहारी उप–नियम (1) के अधीन सूचना देता है, वह समुचित निर्धारण प्राधिकारी को अपना रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र भी भेजेगा जो यथास्थिति, रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र का संशोधन या प्रतिस्थापन या रद्द कर सकेगा, जो कि निर्धारण प्राधिकारी द्वारा, व्यौहारी से सूचना प्राप्त करने की तारीख से, यथास्थिति,संशोधित या प्रतिस्थापित या रद्द किया गया समझा जाएगा।

(3) समुचित निर्धारण प्राधिकारी यथास्थिति, रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र के संशोधनों या प्रतिस्थापन या रद्दकरण की आवश्यक प्रविष्टि, रजिस्टरों में यथास्थिति, प्ररूप मू.प.क. (वैट)–5 या मू.प.क. (वैट)–6 में करेगा।

(4) कोई व्यौहारी, जिसे "साधारण रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र" जारी किया गया है, अपने रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र को मूल्य परिवर्धित कर रजिस्ट्रीकरण में संपरिवर्तित करने के लिए समुचित निर्धारण प्राधिकारी को आवेदन कर सकेगा । उक्त प्राधिकारी, ऐसे व्यौहारी को "साधारण रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र" को संशोधित करेगा जिससे कि

संशोधन को आगामी तिमाही या मास के प्रथम दिवस से प्रभावी किया जा सके जैसा कि व्यौहारी कर का संदाय कर रहा है ।

11. धारा 14 (6) के अधीन रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र का रद्ददकरण.—(1) प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत व्यौहारी जो रजिस्ट्रीकरण का प्रमाणपत्र रद्द करने के लिए आवेदन कर रहा है, रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र और उसकी अनुप्रमाणित प्रतियां, यदि कोई हैं, निर्धारण प्राधिकारी को अग्यर्पित करने के अतिरिक्त, आवेदन के साथ और निम्नलिखित दस्तावेजों को भी प्रस्तुत करेगा, अर्थात:—

(क) अप्रयुक्त कानूनी प्ररूप;

(ख) आवेदन की तारीख पर प्रस्तुत करने के लिए देय विवरणी यदि कोई है;

(ग) ठीक पूर्ववर्ती दो वर्ष के दौरान उसके द्वारा आयातित या विनिर्मित वस्तुओं का मूल्य दर्शाते हुए विवरणी; और

(घ) बंद स्टाक की विवरणी।

(2)(क) प्रत्येक व्यौहारी जिसका रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र रद्द हो चुका है, इस निमित दिये गये नोटिस की तामील की तारीख से 15 दिनों के भीतर, समुचित निर्धारण प्राधिकारी द्वारा यथा अपेक्षित ऐसी अन्य सूचना या दस्तावेज भी देगा/करेगा।

(ख) यदि व्यौहारी अप्रयुक्त कानूनी प्ररूप विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर अग्यर्पित करने में असफल रहता है, ऐसे प्ररूप राजपत्र में प्रकाशित लोक सूचना द्वारा अप्रचलित घोषित किए जाएंगे।

(3) अधिनियम के अधीन रद्द की गई समस्त रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्रों की विशिष्टियां, समुचित निर्धारण प्राधिकारी द्वारा, यथासंभव शीघ्र राजपत्र में अधिसूचित की जाएंगी।

(4) समुचित निर्धारण प्राधिकारी आवेदन की प्राप्ति से 60 दिन के भीतर रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र के रद्ददकरण का अनिवार्य आदेश पारित करेगा और रद्ददकरण के आदेश की एक प्रति रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र के रद्ददकरण के आदेश की तारीख से 15 दिन के भीतर यथा स्थिति, व्यौहारी या अन्य व्यक्ति को तामील करेगा ।

(5) नियम 12 में यथा उपबन्धित के सिवाय, रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र का रद्दकरण, निर्धारण प्राधिकारी द्वारा, यथास्थिति, इस निमित अधिसूचना जारी करने की तारीख या रद्दकरण के आदेश की तारीख या आवेदन की तारीख, जो भी पश्चात्वर्ती हो, से प्रभावी होगा।

12. धारा 4 के अनुसार रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र का रद्दकरण.—(1) जब समुचित निर्धारण प्राधिकारी का समाधान हो जाता है कि धारा 14 के अधीन रजिस्ट्रीकृत किसी व्यौहारी का सकल आवर्त्त लगातार तीन वर्षों के लिए कराधेय मात्रा से अधिक होने में असफल रहा है, यह, ऐसे व्यौहारियों जिनका रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र प्रति वर्ष जून के आखिरी दिन या दिसम्बर के आखिरी दिन को रद्द किया जा सकेगा, की विशिष्टियां देते हुए एक सूची आयुक्त को अग्रेषित करेगा और ऐसे रद्दकरण के आदेश क्रमशः आगामी सितम्बर के ठीक आखिरी दिन या आगामी मार्च के ठीक आखिरी दिन से प्रभावी होगा और धारा 4 की उप–धारा (6) के अधीन व्यौहारी का कर का संदेय करने का दायित्व उक्त तारीख से समाप्त हो जाएगा।

(2) तत्पश्चात् अधिनियम के अधीन रद्द किये गये समस्त रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्रों की वशिष्टियां, रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र रद्द करने वाले प्राधिकारी द्वारा यथाशक्य शीघ्र राजपत्र में अधिसूचित की जाएगी।

13. रद्द रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र का अभ्यर्पण.—प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत व्यौहारी या उसका विधिक प्रतिनिधि जिनका रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र रद्द हो गया है, या तो समुचित निर्धारण प्राधिकारी द्वारा स्वप्रेरणा से या धारा 14 की उप–धारा (6) के खण्ड (ख) या खण्ड (ग) के अधीन व्यौहारी के विधिक प्रतिनिधि के आवेदन पर, अपना रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र, इस निमित्त जारी किये गये नोटिस (सूचना) की तामील की तारीख से 15 दिन के भीतर समुचित निर्धारण प्राधिकारी को अभ्यर्पित करेगा।

14. रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र का नवीकरण.—व्यौहारी के आवेदन पर, व्यौहारी को स्वीकृत किए गए रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र का, समुचित निर्धारण प्राधिकारी द्वारा, इसके जारी किये जाने की तारीख से ऐसी अवधि के पश्चात् जैसा कि आयुक्त आदेश द्वारा निदेश दे, और सरकारी खजाने में एक सौ रुपये फीस के संदाय पर, नवीकृत किया जायेगा।

15. व्यौहारी के पास एक से अधिक कारबार का स्थान होने की दशा में कारबार के मूल स्थान का नाम निर्देशन.—(1) जहां किसी व्यौहारी के पास हिमाचल प्रदेश के भीतर कारबार का एक से अधिक स्थान हो (जिसे इसमें इसके पश्चात् "शाखाएं" निर्दिष्ट किया गया है), वह ऐसी शाखाओं में से किसी एक शाखा को जिनमें कारबार किया गया है, इस नियम के प्रयोजन के लिये कारबार के मूल स्थान के रूप में नाम निर्दिष्ट करेगा :

परन्तु यह कि यदि व्यौहारी किसी एक शाखा को कारबार का मूल स्थान नामनिर्देशित करने में असफल रहता है तो सभुचित निर्धारण प्राधिकारी, इस नियम के प्रयोजन के लिये ऐसी किसी एक शाखा को कारबार का मूल स्थान नामनिर्दिष्ट कर सकेगा।

(2) समस्त शाखाओं की बाबत, अधिनियम या इन नियमों के अधीन अपेक्षित, समस्त आवेदन (रजिस्ट्रीकरण प्रदान करने हेतु आवेदन सहित) विवरणियां (समस्त शाखाओं के आवर्त सहित) या कथन कारबार के मूल स्थान के भारसाधक व्यक्ति द्वारा संयुक्त रूप से समुचित निर्धारण प्राधिकारी को प्रस्तुत किया जायेगा। प्रत्येक शाखा का भारसाधक व्यक्ति भी सभी युक्तियुक्त समय पर और किसी अधिकारी, जो कि आबकारी और कराधान निरीक्षक के नीचे की पंक्ति का न हो, की मांग पर, कारबार के मूल स्थान का नाम और पता देगा और उसकी शाखा के आवर्त की विवरिणियां, ऐसे कारबार के मूल स्थान को प्रेषित की गई है या नहीं, सूचित करेगा।

(3) सम्पूर्ण कारबार के लिये आवर्त, समस्त शाखाओं के आवर्त का योग होगा।

(4) अधिनियम या इन नियमों के अधीन जारी किये जाने वाले या तामील किये जाने वाले समस्त नोटिसों और आदेशों को उप–नियम (1) के अधीन नामनिर्देशित कारबार के मूल स्थान के भारसाधक व्यक्ति को जारी किया जाएगा और तामील करवायी जायेगी :

परन्तु यह कि कारबार परिसरों और लेखों के निरीक्षण के मामले में, नोटिस और आदेश, किसी भी निर्धारण प्राधिकारी द्वारा किसी भी शाखा पर तामील किया जा सकेगा ।

(5) ऐसे कारबार के मूल स्थान के भारसाधक व्यक्ति को ज़ारी किया गया या तामील किया गया नोटिस (सूचना) या आदेश, सम्बन्धित व्यौहारी की समस्त शाखाओं को जारी और तामील किया गया समझा जायेगा।

16. कतिपय व्यौहारियों के लिए कराधेय मात्रा.—व्यौहारी के सम्बन्ध में,—

(क) जो राज्य के बाहर निवास करता है, परन्तु किसी माल को विक्रय के लिये राज्य में परिदत्त करता है या माल का क्रय राज्य में करता है; और

(ख) जो अनुसूची "ग" में विनिर्दिष्ट माल का क्रय करता है, कराधेय मात्रा एक रुपये होगी।

अध्याय–3

कराधेय आवर्त, आगत कर प्रत्यय (इनपुट टैक्स क्रैडिट) का अवधारण और संदेय शुद्ध कर का परिकलन

17. सकल आवर्त से कटौती.—(1) अपने कराधेय आवर्त का परिकलन करते हुए, रजिस्ट्रीकृत व्यौहारी अपने सकल आवर्त से निम्न कटौती कर सकेगा,–

(i) अधिनियम की धारा 9 के अधीन कर मुक्त घोषित माल के विक्रय का आवर्त;

(ii) माल के किए गए विक्रय का आवर्त,–

(क) राज्य के बाहर ;

(ख) अन्तरराज्यिक व्यापार और वाणिज्य के अनुक्रम में;

(ग) भारत में माल के आयात के अनुक्रम में; और

(घ) अधिनियम की धारा 58 के अधीन भारत के राज्य क्षेत्र के बाहर माल का निर्यात;

(iii) अवक्रय संव्यवहार के मामले में ब्याज के रूप में पृथकतः प्रभारित की गई रकम या किश्तों द्वारा संदाय की किसी प्रणाली के अधीन ब्याज के रूप में प्रभारित रकम ;

(iv) कराधेय माल का विक्रय मूल्य जहां ऐसा विक्रय रद्द हो गया हो:

परन्तु यह कि इस खण्ड के अधीन कटौती के लिए दावा केवल तभी किया जायेगा, यदि यथास्थिति, कर बीजक या फुटकर बीजक की समस्त प्रतियां व्यक्ति के कब्जे में हों।

(v) छः मास की अवधि के भीतर वापस किये गए किसी माल की बाबतः विक्रय मूल्य :

परन्तु यह कि इस खण्ड के अधीन व्यौहारी कटौती का दावा, केवल, क्रेता द्वारा, वापिस किये गये माल हेतु जारी किये गये नामे नोट के आधार पर करेगाः

(vi) रोकड़ छूट के रूप में अनुज्ञात राशि परन्तु ऐसी छूट नियमित व्यापार पद्धति के अनुसार हो ।

(vii) निम्नलिखित के लिए उनके वास्तविक उपयोग के लिए माल के विक्रयों का आवर्त प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के अध्यधीन उसे प्रमाण मू0प0क0–15 में विवरणी के साथ संलग्न करते हुएः–

(1) संयुक्त राष्ट्र संघ और इसके घटक अभिकरण जैसे :–

(i) यु0 एन0 डी0 पी0

(ii) यू0 एन0 इ0 एस0 सी0 ओ0

(iii) यु0 एन0 एफ0 पी0 ए0

(iv) यू0 एन0 एच0 सी0 आर0

(v) यु0 एन0 आई0 सी0 ई0 एफ0

(vi) यु0 एन0 आई0 डी0 ओ0

(vii) यु0 एन0 आई0 सी0 ई0 एफ0

(viii) डब्ल्यू0 एफ0 ए0 ओ0

(ix) डब्ल्यू0 एच0 ओ0

(x) आई0 एल0 ओ0

2. राजनयिक मिशन

प्रमाणपत्र

प्रमाणित किया जाता है कि हमने निम्नलिखित वस्तुएं मैसर्ज..... रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र संख्या धारक से हि0 प्र0 मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2005 के अधीन अपने वास्तविक उपभोग के लिए क्रय की है:–

क्रम संख्या	माल का विवरण	माल का क्रय मूल्य	कैश मैमों की संख्या और जारी किया गया फुटकर बीजक
1	2	3	4

स्थान.....
तारीख.....

क्रेता के हस्ताक्षर
पूर्ण पता और मोहर सहित ।

स्पष्टीकरण.–इस उप–नियम के प्रयोजन के लिए परेषण आधार या शाखा अन्तरण आधार पर भेजे गए माल का आवर्त व्यौहारी के कुल आवर्त से अपवर्जित किया जाएगा ।

(2) उप–नियम (1) के खण्ड (iv) और (v) में निर्दिष्ट कटौती का दावा, कर अवधि, जिसमें घटना घटी है, में किया जायेगा :

परन्तु यह यदि अवधि का आवर्त, दावे से कम है, तब ऐसे कटौती के अतिशेष का दावा पश्चात्वर्ती कर अवधि (अवधियें) में किया जाएगा।

(3) उप–नियम (1) के खण्ड (i) से (vii) के उपबन्ध अधिनियम की धारा 6 की उप–धारा (1) के खण्ड (ख) के अधीन उस विस्तार तक लागू हैं क्रय कर के उदग्रहण के लिये क्रय के कराधेय आवर्त के निर्धारण के लिये भी लागू होंगे।

(4)(क) किसी संकर्म संविदा के निष्पादन में अन्तर्वलित माल का मूल्य समस्त संकर्म संविदा के मूल्य को विचार में रखते हुए और उससे निम्नलिखित सहित श्रम और सेवाओं के प्रति किए गए संदाय के संघटक को घटाते हुए, निर्धारित किया जाएगा, अर्थात् :–

(i) संकर्म के निष्पादन के लिए श्रम प्रभार ;

(ii) उप ठेकेदार को श्रम और सेवाओं के लिए संदत्त रकम ;

(iii) योजना, डिजाइनिंग और वास्तुविद् फीस के लिए प्रभार ;

(iv) संकर्म संविदा के निष्पादन के लिए उपयोग करने हेतु मशीनरी और औजार भाड़े पर लेने के लिए प्रभार ;

(v) खपने वाले जैसे जल, विद्युत और ईन्धन की लागत जिसे संकर्म संविदा के निष्पादन में उपयोग किया जाता है, सम्पत्ति जोकि सकर्म संविदा के निष्पादन के दौरान अंतरित नहीं होगी ;

(vi) ठेकेदार की स्थापना का उस विस्तार तक, जहां तक यह श्रमिक और सेवाओं की पूर्ति से सम्बन्धित है, की लागत ;

(vii) अन्य समान खर्चे जो कि श्रमिक और सेवाओं की पूर्ति से सम्बन्धित हैं ;

(viii) ठेकेदार द्वारा, उस विस्तार तक अर्जित लाभ जहां तक यह श्रमिक और सेवाओं की पूर्ति से सम्बन्धित है ।

(ख) इन शीर्षों के अधीन कटौती योग्य रकमों को ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत की गई सामग्री के आधार पर प्रत्येक विशिष्ट मामले के तथ्यों को ध्यान में रखते हुए निर्धारित की जाएगी ।

(5) अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत, अपने मालिक के निमित्त कमीशन अभिकर्ता द्वारा बेचे गए माल का विक्रय मूल्य अभिकर्ता के कराधेय आवर्त में जोड़ा जाएगा ।

18. कर की दर के अनुसार कराधेय आवर्त का वर्गीकरण.—प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत व्यौहारी, अधिनियम और नियमों के उपबन्धों के अनुसार अवधारित, अपने

विक्रय या क्रयों के कराधेय आवर्त का वर्गीकरण, सरकार द्वारा यथा अधिसूचित या अधिनियम से संलग्न अनुसूची (अनुसूचियों) में विनिर्दिष्ट कर की दर के आधार पर करेगा।

19. कराधेय आवर्त पर कर की संगणना.—रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति से अन्यथा प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत व्यौहारी विक्रय के कराधेय आवर्त पर देय, कर की संगणना, सरकार द्वारा यथा अधिसूचित या अधिनियम से संलग्न अनुसूची (अनुसूचियों) में विनिर्दिष्ट कर की दर को लागू करते हुए, करेगा।

20. आगत कर प्रत्यय (इनपुट टैक्स क्रेडिट) हेतु शर्तें–(1) अधिनियम की धारा के अधीन आगत कर प्रत्यय किसी रजिस्ट्रीकृत व्यौहारी को अनुज्ञात होगा, यदि ऐसे व्यौहारी के पास,–

(क) उनके कब्जे में व्यौहारी द्वारा उसको जारी किया गया मूल मू0प0क0 बीजक, जिससे ऐसे माल का क्रय प्रभावित होता है, होगा, जिसमें कर पृथकतः प्रभारित किया जाएगा ; और

(ख) आगत कर प्रत्यय के लिए पात्र माल के समस्त क्रयों को कालानुक्रम में उसमें अभिलखित करते हुए और उसमें समायोजित समस्त उचित लेखे बनाए रखेगा ।

(2) इन नियमों से संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट माल की बाबत कोई आगत कर प्रत्यय उपलब्ध नहीं होगा ।

21. आगत कर प्रत्यय (इनपुट टैक्स क्रेडिट) की संगणना.—नियम 22 और 23 के उपबन्धों के अध्यधीन, रजिस्ट्रीकृत व्यौहारी (स्पैशल ईकनौमिक जोन या साफ्टवेयर टेकनोलौजी पार्क के अधीन आने वाले व्यौहारी सहित) कर/विवरणी (रिर्टन) अवधि के दौरान माल के क्रयों पर संदत्त समस्त आगत कर के लिये उससे प्रतिवर्ती आगत कर प्रत्यय (इनपुट टैक्स क्रैडिट) घटाने के पश्चात् आगत कर प्रत्यय का हकदार होगा :

परन्तु यह कि अधिनियम की धारा 11 की उप–धारा (3) और उप–धारा (4) के द्वितीय परन्तुक में विनिर्दिष्ट माल की बाबत, आगत कर प्रत्यय केवल उस विस्तार तक, जिसके द्वारा राज्य में संदत्त कर की रकम चार प्रतिशत से अधिक हो जाती है, उपयोग की जाएगी :

परन्तु यह और भी कि अधिनियम की धारा 6 के अधीन संदत्त क्रय कर को उसी व्यक्ति के हाथों में पश्चात्वर्ती विक्रय के प्रयोजन के लिए आगत कर प्रत्यय के रूप में माना जाएगा ।

22. आगत कर प्रत्यय (इनपुट टैक्स क्रैडिट) जहां माल की पहचान सम्भव है.—जहां रजिस्ट्रीकृत व्यौहारी ने कराधेय विक्रयों के लिये अंशतः क्रय किये गये माल का उपयोग किया है और उनका विनिर्माण या विक्रयों में उपयोग में उसके क्रय का वस्तु-वार लेखा बनाये रखा है और ऐसे क्रयों का कराधेय माल के विक्रय से सहसम्बन्ध रखा है, कर/विवरणी (रिर्टन) अवधि के लिये आगत कर प्रत्यय, प्रतिवर्ती आगत कर प्रत्यय (इनपुट टैक्स क्रैडिट) द्वारा यथा घटाये गये ऐसे क्रयों पर संदत या संदेय मूल्य परिवर्धित कर की रकम होगी ;

परन्तु यह कि अधिनियम की धारा 11 की उप–धारा (4) में विनिर्दिष्ट माल की बाबत, आगत कर प्रत्यय केवल उस विस्तार तक, जिसके द्वारा राज्य में संदत्त कर की रकम चार प्रतिशत से अधिक हो, और उपरोक्त संगणित रकम निम्नलिखित फार्मूला के अनुसार संगणित रकम (राशि) से घटायी जाएगी :–

$$\frac{\text{पी0X4}}{100}$$

जहां "पी" क्रय मूल्य है से कर की रकम को अपवर्जित करके, उस माल की बाबत, जिसे उपर्युक्त विनिर्दिष्ट रीति में प्रेषित किया गया है रकम का निरूपण करता है।

23. आगत कर प्रत्यय (इनपुट टैक्स क्रैडिट) जहां माल की पहचान सम्भव नहीं है.—जहां किसी रजिस्ट्रीकृत व्यौहारी ने कराधेय विक्रयों के लिये अंशतः क्रय किये गये माल का उपयोग किया है और नियम 20 में यथा उपबन्धित लेखों को बनाये रखने में असमर्थ रहता है, और उसके द्वारा विक्रय में कर मुक्त माल का विक्रय और कराधेय माल और/या शाखा या परेषण अन्तरण सम्मिलित है, तब यह उपधारणा की जाएगी कि कर अवधि के दौरान ऐसे क्रय किये गये माल, कर मुक्त माल के विक्रयों के आवर्त के अनुपात में, कराधेय माल और कर अवधि के क्रमशः शाखा या परेषण अन्तरण में उपयोग किया गया है और तदनुसार आगत कर प्रत्यय (इनपुट टैक्स क्रैडिट) की संगणना कर उस अनुपात में दावा किया जायेगा।

24. अधिनियम के प्रारम्भ में रखे स्टाक पर आगत कर प्रत्यय (इनपुट टैक्स क्रैडिट).—(1) धारा 62 की उप–धारा (2) के उपबन्धों के अध्यधीन, हिमाचल प्रदेश साधारण विक्रय कर अधिनियम, 1968 (जिसे इसमें इसके पश्चात् निरसित अधिनियम

निर्दिष्ट किया गया है) के अधीन, किसी रजिस्ट्रीकृत व्यौहारी द्वारा, इस अधिनियम के प्रारम्भ में, स्टाक में रखे पूंजी माल से अन्यथा माल पर आगत कर प्रत्यय (इनपुट टैक्स क्रैडिट) निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन उपलब्ध होगा, अर्थात् :–

(क) रजिस्ट्रीकृत व्यौहारी समुचित निर्धारण प्राधिकारी को :

(i) आयुक्त द्वारा यथा अधिसूचित प्ररुप में अधिनियम के प्रारम्भ से चार मास के भीतर, उसमें आगत कर प्रत्यय (इनपुट टैक्स क्रैडिट) का, केवल उस रकम के लिये दावा करते हुए जो कि बीजक पर पृथकतः प्रभारित की गई थी या मूल्य कर सहित दर्शाया गया है, ऐसे माल की विवरणी प्रस्तुत करेगा ; और

(ii) विनिर्दिष्ट रुप से कर की रकम संदत्त कर दी है साबित करते हुए निरसित अधिनियम के अधीन विहित प्ररुप एस.टी.–25 में समुचित प्रमाणपत्र ।

(ख) रजिस्ट्रीकृत व्यौहारी अधिनियम के प्रारम्भ की तारीख से 5 वर्ष की अवधि के लिये आगत कर प्रत्यय (इनपुट टैक्स क्रैडिट) के दावे से सम्बन्धित दस्तावेजों/साक्ष्य को प्रतिधारित करेगा और ऐसे दस्तावेज (दस्तावेजों/साक्ष्य) को समुचित निर्धारण प्राधिकारी को या धारा 3 की उप–धारा (1) के अधीन नियुक्त किसी अन्य अधिकारी को, जैसे ही और जब अपेक्षित हो, संवीक्षा (परिशोधन) के लिये उपबंध करेगा:

परन्तु यह कि परेषण पर अंतरित या शाखा अन्तरण आधार पर, माल की बाबत आगत कर प्रत्यय (इनपुट टैक्स क्रैडिट) केवल उस विस्तार तक अनुज्ञात किया जायेगा, जिसके द्वारा राज्य में संदत मूल्य परिवर्धित कर की रकम 4 (चार) प्रतिशत से अधिक हो जाती है।

(2) समुचित निर्धारण प्राधिकारी या अधिनियम की धारा 3 की उप–धारा (1) के अधीन नियुक्त अधिकारी, उप–नियम (1) के खण्ड (क) के अधीन किये गये दावे को सत्यापित करेगा, और इसके फाइल करने के तीस दिन के भीतर, रजिस्ट्रीकृत व्यौहारी को उपलब्ध आगत कर प्रत्यय (इनपुट टैक्स क्रैडिट) की रकम को अवधारित करेगा। ऐसा प्रत्यय (उधार) दावेदार द्वारा अधिनियम के प्रारम्भ की तारीख से पांच मास के पश्चात् एक वर्ष की अवधि के लिए अनुपात में उपयोग में लाना होगा ।

(3) आगत कर प्रत्यय (इनपुट टैक्स क्रैडिट) ऐसे माल के बाबत ग्राह्य नहीं होगी, जो कि निरसित अधिनियम के अधीन कर के संदाय से छूट–प्राप्त औद्योगिक इकाइयों से क्रय किया गया था।

25. अनुलिपि कर बीजक पर आगत कर प्रत्यय (इनपुट टैक्स क्रैडिट).—(1) यदि मूल कर बीजक गुम हो जाता है, नष्ट हो जाता है या विकृत हो जाता है, रजिस्ट्रीकृत व्यौहारी, समुचित निर्धारण प्राधिकारी को आवेदन करेगा और उसके साथ, उसको विक्रेता रजिस्ट्रीकृत व्यौहारी द्वारा जारी किये गये कर बीजक की अनुलिपि (दूसरी) प्रति संलग्न करेगा और ऐसे बीजक के अधीन दावा किये गये आगत कर प्रत्यय (इनपुट टैक्स क्रैडिट) की रकम के बराबर रकम के लिये प्ररुप संख्या मू.प.क. (वैट)–7 में क्षतिपूर्ति बंधपत्र देगा।

(2) ऐसे आवेदन की प्राप्ति पर, समुचित निर्धारण प्राधिकारी संव्यवहार का प्रतिपरीक्षण करेगा और संव्यवहार की वास्तविकता के बारे समाधान हो जाने के पश्चात् इस सम्बन्ध में पारित आदेश द्वारा दावा अनुज्ञात करेगा।

(3) रजिस्ट्रीकृत व्यौहारी केवल उप–नियम (2) में विर्निदिष्ट आदेश की प्राप्ति के पश्चात् आगत कर प्रत्यय (इनपुट टैक्स क्रैडिट) का उपयोग करेगा ।

26. संदेय शुद्व कर.—रजिस्ट्रीकृत व्यौहारी, उत्पाद कर दायित्व और आगत कर प्रत्यय (इनपुट टैक्स क्रैडिट) की अवधारणा के पश्चात् धारा 12 के उपबंधों के अनुसार कर/विवरणी अवधि के लिये शुद्व कर दायित्व की संगणना करेगा।

अध्याय–4

नैमित्तिक कारबार में लगे हुए व्यौहारी

27 अनुज्ञा प्रदान करने के लिये आवेदन.—(1) नैमित्तिक व्यौहारी, समुचित निर्धारण प्राधिकारी को प्ररुप मू.प.क. (वैट)–8 में आवेदन करेगा और सरकारी खजाने में, चालान द्वारा प्ररुप मू.प.क. (वैट)–2 में एक सौ रुपये की अनंतरणीय फीस देय करेगा और अपने आवेदन के साथ खजाना रसीद संलग्न करेगा।

(2) नैमित्तिक व्यौहारी, समुचित निर्धारण प्राधिकारी को, प्ररुप मू.प.क. (वैट)–8 में आवेदन के साथ विक्रय बिल बहीं (बहियां) और लेखा बहियां या अधिप्रमाणीकरण के लिये देगा और विक्रय की जाने वाली वस्तुओं की सूची संलग्न करेगा।

(3) नैमित्तिक व्यौहारी, नैमित्तिक कारबार के प्रारम्भ की तारीख से पहले, किसी भी समय अपना आवेदन वापिस ले सकेगा।

28. प्रतिभूति.— (1) समुचित निर्धारण प्राधिकारी, नियम 27 के अधीन आवेदन की प्राप्ति पर, हाथ में लिए गए या लिए जाने के लिए आश्यित कारबार की मात्रा को ध्यान में रखते हुए, प्रतिभूति की रकम अवधारित करेगा जो कि एक लाख रुपये से अधिक नहीं होगी।

(2) प्रत्येक नैमित्तिक व्यौहारी, समुचित निर्धारण प्राधिकारी के पक्ष में, उप–नियम (1) के अधीन अवधारित रकम के लिये प्रतिभूति देगा जो कि किसी स्थानीय अनुसूचित बैंक से बैंक गांरटी या मांगदेय ड्राफ्ट के रुप में होगी।

(3) समुचित निर्धारण प्राधिकारी, नैमित्तिक कारबार के चालू रहने के दौरान, किसी भी समय अतिरिक्त प्रतिभूति मांग सकेगा, यदि उसका समाधान हो जाता है कि पहले से प्राप्त की गई प्रतिभूति अपर्याप्त है :

परन्तु यह कि अतिरिक्त प्रतिभूति सहित प्रतिभूति की कुल रकम, एक लाख रुपये से अधिक नहीं होगी।

29. अनुज्ञा प्रदान करना.—जब समुचित निर्धारण प्राधिकारी का समाधान हो जाता है कि प्ररुप मू.प.क. (वैट)–3 में आवेदन सभी प्रकार से पूर्ण है, और नियम 28 के उप–नियम (1) के अधीन प्रतिभूति दी गई है, नैमित्तिक व्यौहारी को प्ररूप मू.प.क. (वैट)–9 में अनुज्ञा देगा, जो कि तीन प्रतियों में होगी। प्रथम दो प्रतियां नैमित्तिक व्यौहारी को दी जायेगी। ऐसा प्राधिकारी, ऐसी अनुज्ञा की विशिष्टियां प्रयोजन हेतु अनुरक्षित रखने के लिए रजिस्टर में दर्ज करेगा :

परन्तु यह कि यदि उक्त प्राधिकारी का समाधान नहीं होता है कि आवेदन में अंतर्विष्ट विशिष्टियां सही और पूर्ण हैं या कि नैमित्तिक व्यौहारी ने प्रतिभूति नहीं दी है, वह, सुनवाई का अवसर प्रदान करने के पश्चात्, कारणों को लिखित में अभिलिखित करते हुए आवेदन को नामजूंर करेगा।

30. नैमित्तिक व्यौहारी द्वारा माल का आयात.—(1) नैमित्तिक व्यौहारी जो राज्य के बाहर से माल लाता है, राज्य में प्रवेश करने पर प्रथम चैक पोस्ट या बैरियर को रिपोर्ट करेगा और समुचित निर्धारण प्राधिकारी द्वारा जारी किये गये प्रमाणपत्र की दूसरी प्रति प्ररूप मू.प.क. (वैट)–9 में देगा और अपना माल प्ररुप मू.प.क. (वैट)–26–क में घोषित करेगा।

(2) उप–नियम (1) में विनिर्दिष्ट नैमित्तिक व्यौहारी, नैमित्तिक कारबार के प्रारम्भ से पहले, समुचित निर्धारण प्राधिकारी नजदीकी चैक पोस्ट का प्रभारी आबकारी एवं कराधान अधिकारी को ऐसे माल का ब्यौरा देगा। उक्त कारबार के चालू रहने के दौरान आयातित माल का ब्यौरा भी तुरन्त समुचित निर्धारण प्राधिकारी को देगा।

31. नैमित्तिक कारबार (इवेन्ट) की अवधि का विस्तार या नये निर्गम (आउटलैट) का खोला जाना.—यदि नैमित्तिक व्यौहारी, नैमित्तिक कारबार इवेन्ट के संचालन की अवधि का विस्तार करने का आशय रखता है या कोई नया निर्गम खोलने का आशय रखता है, वह, इस निमित्त अग्रिम रुप में कम से कम तीन कार्य दिवस पूर्व, समुचित निर्धारण प्राधिकारी को सूचित करेगा और ऐसा प्राधिकारी, ऐसी सूचना की प्राप्ति पर और आवेदन की वास्तविकता के विषय में अपना समाधान करने के पश्चात, नैमित्तिक कारबार इवेन्ट के संचालन हेतु अनुज्ञा की अवधि का विस्तार कर सकेगा और अवधि का विस्तार करने के तथ्य और/या नये निर्गम के खोले जाने को प्ररूप मू.प.क. वैट–(9) में सम्मिलित करेगा :

परन्तु यह कि अनुज्ञा की अवधि का विस्तार करते समय या नया निर्गम खोलने की अनुमति देते समय, समुचित निर्धारण प्राधिकारी पहले से दी गई प्रतिभूति का पुनर्विलोकन कर सकेगा।

32. कर संदाय का ढंग.—नियम 33 के उप–नियम (4) के उपबन्धों के अध्यधीन, नैमित्तिक व्यौहारी, कारबार की समाप्ति पर देय कर की रकम को समुचित सरकारी खजाने में, चालान द्वारा प्ररूप मू.प.क. (वैट)–2 में जमा करेगा :

परन्तु यह कि यदि नैमित्तिक कारबार इवेन्ट की अवधि सात दिन से अधिक हो जाती है, तो कर की रकम, साप्ताह की समाप्ति के पश्चात् प्रथम कार्य दिवस को साप्ताहिक और अन्तिम किश्त नैमित्तिक कारबार इवेन्ट की समाप्ति के तुरन्त बाद, जो भी पहले हो, जमा की जाएगी।

33. नैमित्तिक कारबार इवेन्ट की समाप्ति के पश्चात् प्रक्रिया और कर दायित्व को अन्तिम रुप देना.—(1) नैमित्तिक व्यौहारी, समुचित निर्धारण प्राधिकारी को, नैमित्तिक कारबार इवेन्ट की समाप्ति के तुरन्त पश्चात् प्ररूप मू.प.क. (वैट)–10 में विक्रयों और क्रयों और कर दायित्वों के ब्यौरे देते हुए विवरण देगा। वह अविक्रीत माल का ब्यौरा भी संलग्न करेगा और समुचित निर्धारण प्राधिकारी के समक्ष अन्तिम कर दायित्व अवधारित करने के लिये लेखा बहियों को प्रस्तुत करेगा।

(2) समुचित निर्धारण प्राधिकारी, प्ररूप मू.प.क. (वैट)–10 में विवरण की प्राप्ति की तारीख को या अगले कार्य दिवस पर, तुरन्त नैमित्तिक व्यौहारी के लेखा बहियों का परीक्षण करेगा और नैमित्तिक व्यौहारी का अन्तिम कर दायित्व अवधारण करेगा और उससे ऐसी अवधारित कर की रकम तुरन्त जमा करने की अपेक्षा करेगा।

(3) जहां कोई नैमित्तिक व्यौहारी, समुचित निर्धारण प्राधिकारी द्वारा यथा अवधारित, अपना कर दायित्व चुकाने में असमर्थ रहता है, उसे नैमित्तिक व्यौहारी द्वारा दी गई प्रतिभूति से वसूल किया जाएगा। शेष कोई रकम जो वसूल नहीं हुई है, को अधिनियम और इन नियमों के उपबन्धों के अधीन वसूलीय किया जाएगा।

(4) अपना समाधान हो जाने के पश्चात् कि नैमित्तिक व्यौहारी ने कर दायित्व चुका दिया है– समुचित निर्धारण प्राधिकारी, यदि कुछ देय नही है, प्रतिभूति को निर्मुक्त करेगा और उसे प्ररूप मू.प.क. (वैट)–11 में (तीन प्रतियों में) अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करेगा और उसे प्रथम और द्वितीय प्रतियां वहां पर दी जाएंगी। व्यौहारी द्वितीय प्रति को राज्य से जाते समय आखिरी चैक पोस्ट या बैरियर पर जमा करेगा।

34. नैमित्तिक व्यौहारी के माल का अवरोध.—यदि कोई नैमित्तिक व्यौहारी नियम 33 के अधीन अपने कर दायित्व को चुकाने में असमर्थ रहता है; उसके द्वारा वाहित माल, यदि कोई है, रोक दिया जाएगा और नियम 62 में प्रक्रिया के अनुसार, यदि अपेक्षित हो, नीलाम कर दिया जाएगा।

35. अनुज्ञा लेने में असफलता.—यदि नैमित्तिक व्यौहारी नियम 27 के अधीन अनुज्ञा के लिये आवेदन करने में असफल रहता है या नियम 27 से 34 तक के किन्हीं उपबन्धों का उल्लंघन करता है, अन्तिम कार्रवाई लेने से पहले उसे मामले में सुनवाई का अवसर प्रदान किया जाएगा।

अध्याय–5

कर का संदाय और विवरणियां

36. कर का संदाय और अन्य देय .—(1) कोई व्यौहारी, भागीदारी के समस्त भागीदार, सोसाइटी, या संगम या क्लब के समस्त सदस्य और समस्त व्यक्ति जो कारबार (संस्था) समुत्थान बना रहे हैं, अधिनियम या इन नियमों के अधीन देय कर, शास्ति, ब्याज या किसी रकम का संदाय करने के लिये संयुक्ततः और पृथकतः दायी होंगे।

(2) प्रत्येक व्यौहारी,–

(i) धारा 7 या धारा 16 की उप–धारा (2) के अधीन प्रशमन के रूप में, एकमुश्त राशि का संदाय करने के लिये दायी होगा; और

(ii) अधिनियम की धारा 16 की उप–धारा (4) के अधीन कर;

विवरणी दाखिल करने से पहले ऐसी एकमुश्त राशि और कर का संदाय करेगा।

(3) अधिनियम के अधीन देय कोई अन्य रकम, ऐसे निर्देशों के अनुसार जैसे समुचित निर्धारण प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए हैं, संदत्त की जाएगी।

37. कर के संदाय का ढंग इत्यादि.—(1) व्यौहारी द्वारा, कर, ब्याज, शास्ति, प्रशमन धन, रजिस्ट्रीकरण फीस या अधिनियम या इन नियमों के अधीन देय किसी अन्य किसी दायित्व या रकम के बाबत, संदेय कोई रकम, समुचित सरकारी खजाने में संदत्त की जाएगी। निर्धारण प्राधिकारी के पक्ष में ऐसी किसी रकम का कोई संदाय, स्थानीय अनुसूचित बैंक को संदेय बैंक ड्राफ्ट या क्रास चैक के सिवाय, सहायक आबकारी एवं कराधान आयुक्त या जिला के प्रभारी आबकारी एवं कराधान अधिकारी के कार्यालय में स्वीकृत नहीं किया जाएगा।

(2) अधिनियम के अधीन समस्त संदाय, चालान द्वारा जिला आबकारी एवं कराधान कार्यालय और इसके उप–कार्यालयों से निःशुल्क अभिप्राप्त होने वाले प्ररुप मू. प.क.(वैट)–2 में किए जांएगे ।

(3) चालान चार प्रतियों में भरा जाएगा। चालान की प्रति जिसे "दूसरी प्रति" चिन्हित किया गया है, खजाना द्वारा रखी जाएगी, "मूल" के रूप में चिन्हित प्रति कोषाधिकारी द्वारा सहायक आबकारी एवं कराधान आयुक्त या जिला के प्रभारी आबकारी एवं कराधान अधिकारी को भेजी जाएगी और प्रतियां जिन्हें "तीसरी प्रति" और "चतुर्थ प्रति" चिन्हित किया गया है सम्यक रूप से हस्ताक्षरित, संदाय के साक्ष्य के रूप में संदाय करने वाले व्यक्ति को लौटा दी जाएगी । चालान की तीसरी प्रति संदाय करने वाले व्यक्ति द्वारा, विवरणी या आवेदन के साथ निर्धारण प्राधिकारी को दी जाएगी।

38. संकर्म ठेकेदारों के बिलों/बीजकों से कर की कटौती.—(1) संकर्म संविदा के निष्पादन में माल के रूप में सम्पति अन्तरण के लिये, प्रत्येक व्यक्ति जो संकर्म ठेकेदार के साथ संविदा करता है या कोई संकर्म ठेकेदार उप–ठेकेदार के

साथ संविदा करता है, समुचित निर्धारण प्राधिकारी को, ऐसी संविदा के 30 दिनों की अवधि के भीतर प्ररूप मू.प.क.–(वैट)–12 में ऐसी संविदा की विशिष्टियां देगा।

(2) संकर्म संविदा के निष्पादन में अन्तर्वलित माल के रूप में सम्पति अन्तरण के लिए, प्रत्येक व्यक्ति जो किसी संकर्म ठेकेदार के साथ संविदा करता है या कोई संकर्म ठेकेदार उप–ठेकेदार के साथ संविदा करता हैं और धारा 17 के अधीन कर की कटौती के लिये दायी है, समुचित निर्धारण प्राधिकारी को प्ररूप मू.प.क. (वैट)–12 में कर कटौती संख्या के आबंटन के लिये आवेदन करेगा।

यदि आवेदन सभी प्रकार से पूर्ण है, समुचित निर्धारण प्राधिकारी ऐसे आवेदन की प्राप्ति के 7 दिनों के भीतर, आवेदक को कर कटौती संख्या आबंटित करेगा।

(3) धारा 17 के प्रयोजन के लिये, किसी सरकारी विभाग, निगम, सरकारी उपक्रम, सहकारी सोसाइटी, स्थानीय निकाय, न्यास या प्राईवेट या पब्लिक लिमिटेड कम्पनी या अन्य कोई समुत्थान (संस्था) में, संकर्म संविदा के निष्पादन में अन्तर्वलित माल में सम्पति के अन्तरण के लिये चाहे माल के रुप में या किसी अन्य रुप में संदेय मूल्यवान प्रतिफल के मदे कोई संदाय करने या किसी दायित्व का उन्मोचन करने के लिये, या किसी संकर्म को क्रियान्वित करने के लिये दायी प्रत्येक व्यक्ति;

(i) नकदी या चैक या बैंक ड्राफ्ट या किसी अन्य ढंग द्वारा, उसके संदाय के समय पर ; या

(ii) संकर्म ठेकेदार के खाते में ऐसी राशि (रकम) के जमा करने के समय पर; या

(iii) संकर्म ठेकेदार के उक्त मूल्यवान प्रतिफल के कारण दायित्व का उन्मोचन करते समय,

अधिनियम की धारा 17 के अधीन कर के प्रति ऐसी राशि (रकम) के 2 प्रतिशत के बराबर रकम की कटौती करेगा।

(4) उप–नियम (1) के अधीन कटौती, निष्पादित समस्त संकर्म संविदा, चाहे अंशतः है या पूर्ण है, की बाबत की गई समस्त संदायों से की जायेगी।

(5) रकम, जिसे किसी व्यक्ति से पूर्वगामी उप–नियमों के अधीन किसी मास में कटौती करना अपेक्षित है, उसके द्वारा, पृथकतः प्रत्येक संकर्म ठेकेदार के लिए प्ररूप मू.प.क. (वैट)–2 में चालान द्वारा, प्रत्येक मास की समाप्ति से 15 दिनों के भीतर

समुचित सरकारी खजाने में सदंत्त किया जाएगा। संदाय करने वाला व्यक्ति चालान की चौथी प्रति प्ररूप मू.प.क. (वैट)–13 में विवरणी के साथ संलग्न करेगा, जो कि उसके द्वारा, ठीक पूर्ववर्ती तिमाही के दौरान उसके द्वारा की गई कटौती की बाबत प्रत्येक तिमाही की समाप्ति के 30 दिनों के भीतर, समुचित निर्धारण प्राधिकारी को दी जाएगी, और "तीसरी प्रति" भी सम्बन्धित संकर्म ठेकेदार को सदांय और कर कटौती के प्रमाणपत्र के रूप में दी जाएगी, जो इसे प्ररूप मू. प.क. (वैट)–15 या यथास्थिति, प्ररूप मू.प.क. (वैट) 15–च में अपनी विवरणी के साथ संलग्न करेगा, यदि वह अधिनियम के अधीन संदेय कर की रकम के स्थान पर प्रशमन द्वारा एक मुश्त संदाय करने का विकल्प करता है। विवरणी जो हस्ताक्षरित नहीं है या चालान की समुचित प्रति के साथ संलग्न नहीं है, को विवरणी नहीं माना जाएगा।

(6) संकर्म ठेकेदार, जिसे उप–नियम (5) में विनिर्दिष्ट संदाय और कर कटौती का प्रमाणपत्र दिया जाना है, को प्रमाणपत्र की वास्तविकता और शुद्धता के सत्यापन के अध्यधीन, इसमें दर्शाई गई रकम को, प्रमाणपत्र में विनिर्दिष्ट अवधि के लिये उससे देय, कर की कुल रकम से कटौती करने का हक होगा और अतिशेष का नियम 37 में अधिकथित रीति में सदांय करेगा।

39. दैनिक वसूली रजिस्टर रखना और संदाय का समाधान.—(1) प्रत्येक जिला में एक दैनिक वसूली रजिस्टर प्ररूप मू.प.क. (वैट)–14 में रखा जाएगा, जिसमें अधिनियम के अधीन देय, कर या शास्ति या अन्य कोई रकम, का संदाय जो किसी व्यौहारी या अन्य व्यक्ति ने किया हैं, के सबूत में प्राप्त प्रत्येक चालान की विशिष्टियां अभिलिखित की जाएंगी।

(2) प्रत्येक कोषाधिकारी, पूर्ववर्ती मास के दौरान अधिनियम और इन नियमों के अधीन, खजाना में जमा की गई रकम का विवरण, प्रत्येक मास के प्रथम सप्ताह के भीतर जिला आबकारी एवं कराधान कार्यालय को भेजेगा।

(3) प्रत्येक जिले का सहायक आबकारी एवं कराधान आयुक्त या प्रभारी आबकारी एवं कराधान अधिकारी प्रत्येक मास के प्रथम सप्ताह में, अधिनियम या इन नियमों के अधीन संदत्त विभिन्न रकमों की वसूली दर्शाते हुए एक विवरणी तैयार करेगा और उसे अपने जिले के कोषाधिकारी को सत्यापन के लिए अग्रेषित करेगा। यदि सत्यापन के समय कोई फर्क पता चलता है तो जिला का प्रभारी अधिकारी खजाना के साथ आवश्यक समाधान की व्यवस्था करेगा।

40. विवरणी की अवधि.—(1) उप–नियम (2) के उपबन्धों के अध्यधीन, प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत व्यौहारी, द्वितीय वर्ष की प्रत्येक तिमाही की समाप्ति के 30 दिनों के भीतर त्रैमासिक स्वतः निर्धारित विवरणी प्ररूप मू.प.क. (वैट)–15 में देगा :

परन्तु यह कि प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत व्यौहारी जिसका कुल आवर्त पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष में पांच करोड़ रुपए या उससे अधिक था, वित्तीय वर्ष के प्रत्येक मास की समाप्ति से 30 दिनों के भीतर मासिक विवरणी देगा।

(2) उप–नियम (1) के उपबन्धों के होते हुए भी, समुचित निर्धारण प्राधिकारी, कारणों को अभिलिखित करते हुए, किसी व्यौहारी के लिये मासिक विवरणियां नियत करेगा और ऐसा आदेश तब तक प्रवृत्त रहेगा जब तक कि निर्धारण प्राधिकारी द्वारा पुनरीक्षित नहीं कर दिया जाता ।

(3) व्यौहारी, जिसके लिये, उप–नियम (2) के अधीन मासिक विवरणी अवधि नियत की गई है, प्रत्येक मास की समाप्ति से 30 दिनों के भीतर, प्रत्येक मास के लिये प्ररूप मू.प.क. (वैट)–15 में स्वतः निर्धारित विवरणी देगा।

(4) प्ररूप मू.प.क.(वैट)–15 में विवरणी समुचित निर्धारण प्राधिकारी या जिला मुख्यालय से अन्यथा स्थानों पर मू.प.क. कार्य के लिये तैनात आबकारी एवं कराधान निरीक्षक को, देय कर के संदाय के सबूत में खजाना या बैंक रसीद के साथ भेजी जाएगी। विवरणी की मूल प्रति कार्यालय में रखी जाएगी और दूसरी प्रति हस्ताक्षरित करके और तारीख के साथ शासकीय स्टाम्प और आवक संख्या लगवा कर उसकी अभिस्वीकृति के पश्चात् व्यौहारी को लौटा दी जाएगी।

(5) प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत व्यौहारी, आगामी 31 अक्तूबर को या उससे पहले प्ररूप मू.प.क. (वैट)– 15–"अ" में पूर्ववर्ती वर्ष के लिये भी वार्षिक विवरणी देगा।

वार्षिक विवरणी,–

(i) वर्ष के अन्त का तुलनपत्र, वर्ष के लिये लाभ और हानि सहित विनिर्माण/व्यापार लेखे सहित, अन्तिम लेखे की प्रति से संलग्न होगी और

(ii) वार्षिक बजट में ज्ञापित आवर्त और ऐसे लेखे के मध्य अन्तर यदि कोई है, का, समाधान करते हुए विवरण, के साथ होगी और निम्नलिखित रीति में सत्यापित करेगी:–

मैं/हम ————पुत्र श्री ———— एतद्द्वारा घोषित करता हूँ/ करते हैं कि मैसर्ज ———— की बाबत, 31 मार्च_____ को समाप्त होने वाले वर्ष के लिये उपरोक्त लेखे का विवरण सत्य और सही है और

वर्ष के लिये बनाये गये नियमित लेखा पुस्तक के आधार पर है और उसमें कुछ भी छिपाया नहीं गया है।

व्यौहारी की हैसियत सहित हस्ताक्षर

तारीख .....

स्थान .....

(6) प्रत्येक विवरणी, जिसका इन नियमों के अधीन दिया जाना अपेक्षित है, जब तक कि उसमें वर्णित सूचियां, विवरणियां, घोषणाएं, प्रमाणपत्र और दस्तावेज संलग्न न हो या जिसे इन नियमों के अधीन विवरणी के साथ दिया जाना अपेक्षित है, अपूर्ण होगा। विवरणी, हिन्दू अविभक्त कुटुम्ब के मामले में कर्त्ता, स्वत्वधारी संस्था के मामले में स्वत्वधारी, भागीदारी के मामले में भागीदार, या यथास्थिति इस निमित्त लिखित में कर्त्ता, स्वत्वधारी या भागीदार द्वारा प्राधिकृत कोई पूर्णकालिक कर्मचारी और सरकारी विभाग के मामले में विभागाध्यक्ष या उनके द्वारा प्राधिकृत किसी अधिकारी द्वारा और किसी सोसाइटी या कम्पनी के मामले में अध्यक्ष, निदेशक, सचिव या प्रधान अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित किया जाएगा। विवरणी जो हस्ताक्षरित नहीं है या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित है, को विवरणी नहीं माना जाएगा। प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्त्ता अकेला ही विवरणी के साथ संलग्न प्रत्येक सूची और विवरणी पर हस्ताक्षर करेगा। कोई सूची या विवरणी जो हस्ताक्षरित नहीं है या किसी प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्त्ता द्वारा हस्ताक्षरित नहीं है, को सूची या विवरणी नहीं माना जाएगा।

41. विक्रयों और क्रयों की सूची.—प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत व्यौहारी अपनी विवरणी (रिटर्न) के साथ प्ररूप एल एस–1 और एल.पी. 1 में विक्रयों और क्रयों की सूचियां जो कि विवरणी (रिटर्न) में प्ररूप मू.प.क. (वैट) 15 में विर्निदिष्ट है, संलग्न करेगा।

42. मांग और संग्रह रजिस्टर का अनुरक्षण.—प्रत्येक निर्धारण प्राधिकारी, प्ररूप मू.प.क. (वैट)–17 में कर का संदाय, शास्ति, ब्याज, प्रशमन द्वारा एकमुश्त, अन्य रकम, व्यौहारियों द्वारा अपनी अधिकारिता में अग्रनीत करते हुए आगत कर प्रत्यय (इनपुट टैक्स क्रैडिट) दर्शाते हुए, मांग और संग्रह रजिस्टर बनाये रखेगा।

43. व्यौहारियों द्वारा किये गये अप्राधिकृत संग्रह की विवरणियां इत्यादि.—कोई व्यौहारी, जिसने कर का अप्राधिकृत संग्रहण किया है, को धारा 20 के अधीन ऐसी संग्रहीत की गई रकम को सरकारी खजाने में संदत्त करना अपेक्षित है और प्ररूप मू.प.क. (वैट)–15–ग में विवरणी देगा, जो कि ऐसे खजाने से ऐसी रकम का संदाय और समुचित निर्धारण प्राधिकारी द्वारा जब तक कि अन्यथा निर्दिष्ट प्रत्येक मास की

समाप्ति के 10 दिनों के भीतर प्ररुप एल.एस–3 में सूची दर्शाते हुए, प्ररूप मू.प.क. –(वैट)–2 में रसीद के साथ संलग्न होगा।

44. विवरणियों की संवीक्षा, निरीक्षण और विवरणियों के लेखे इत्यादि की संपरीक्षा.—(1) समुचित निर्धारण प्राधिकारी, अधिनियम की धारा 16 के अधीन दाखिल की गई व्यौहारी की प्रत्येक विवरणी की संवीक्षा करेगा। यदि ऐसी संवीक्षा पर विवरणी में कोई त्रुटि पाई जाती है और व्यक्ति द्वारा ऐसी विवरणी के अनुसार संदेय से, कम कर संदत्त किया गया पाया जाता है, ऐसा प्राधिकारी, सम्बन्धित व्यौहारी को, उसे ठीक करने, और कम संदत्त की गई कर की रकम को अधिनियम की धारा 19 के अधीन संदेय को ब्याज सहित देय करने का और खजाना रसीद (रसीदों) को उक्त नोटिस में विनिर्दिष्ट समय के भीतर, उसके समक्ष प्रस्तुत करने का निदेश देते हुए, नोटिस की तामील करवाएगा :

परन्तु यह कि यदि यह पाया जाता है कि व्यौहारी ने ऐसी विवरणी के अनुसार कर या ब्याज संदेय रकम से अधिक संदत्त कर दिया है, उक्त प्राधिकारी इसके बारे में व्यौहारी को, ऐसी संवीक्षा के पूर्ण होने के एक मास के भीतर नोटिस भेजते हुए द्वारा सूचित करेगा।

(2) यदि, उप–नियम (1) में निर्दिष्ट नोटिस की प्राप्ति पर, व्यौहारी ऐसे नोटिस में दिए गए निर्देश का अनुपालन करता है और ऐसे अनुपालन का, खजाना रसीद की प्रति सहित सबूत देता है, निर्धारण प्राधिकारी उसका अभिलेख रखेगा और संवीक्षा को बन्द कर देगा। यदि व्यौहारी ऐसे निदेशों का अनुपालन नहीं करता है या ऐसे नोटिस में दिए गए निर्देशों का, ऐसी असहमति के कारणों को प्रस्तुत करते हुए लिखित में अपनी असहमति अभिव्यक्त करता है, निर्धारण प्राधिकारी, जब तक कि ऐसे कारणों को सही या न्यायोचित स्वीकार नहीं कर लेता, मामले को सहायक आबकारी एवं कराधान आयुक्त या जिले के भारसाधक अन्य अधिकारी को पंद्रह दिन के भीतर, ऐसे व्यौहारी की बाबत अधिनियम की धारा 61 के अधीन संपरीक्षा शुरु करने की सिफारिश करते हुए निर्दिष्ट करेगा।

(3) विवरणियां, वार्षिक विवरण और लेखे की संपरीक्षा के प्रयोजनों के लिए, आयुक्त या समुचित निर्धारण प्राधिकारी या धारा 3 की उप–धारा (1) के अधीन नियुक्त अन्य कोई अधिकारी, किसी व्यौहारी को किसी विवरणी की शुद्धता के सत्यापन के लिए साक्ष्य और अन्य कोई अतिरिक्त सूचना (सूचनाएं) जैसा आवश्यक समझे प्रस्तुत करने की अपेक्षा कर सकेगा।

(4) आयुक्त, अधिकथित पैरामीटरों के आधार पर, उप–नियम (2) के अधीन अधिकथित रीति में, धारा 61 के अधीन या तो यंत्र या कम्प्यूटर की सहायता से संपरीक्षा करने के लिए कुछ व्यक्तियों का चयन करेगा :

परन्तु यह कि आयुक्त, सूचना की प्राप्ति पर या अन्यथा, उन व्यक्तियों का संपरीक्षा के लिए, जो, उसके अनुसार, संपरीक्षित किए जाने के लिए अपेक्षित है, चयन कर सकेगा।

(5) संपरीक्षा, टीम के रूप में नामनिर्देशित अधिकारी द्वारा की जाएगी। ऐसी टीम एक या एक से अधिक आबकारी एवं कराधान अधिकारी, सहायक आबकारी एवं कराधान आयुक्त या उप–आबकारी एवं कराधान आयुक्त, जैसा आयुक्त उचित समझे से गठित हो सकेगी।

(6) विवरणियां, वार्षिक विवरण और लेखों की संपरीक्षा के प्रयोजन के लिए, ऐसी संपरीक्षा के लिए नियत अवधि, तारीख, समय और स्थान नोटिस में स्पष्ट रुप में होना चाहिए। नोटिस में यथा विर्निदिष्ट, लेखा बहियों को प्रस्तुत करने के लिए कम से कम 10 दिन की अवधि दी जानी चाहिए ।

(7) कोई व्यक्ति जिसे उप–नियम (2) के अधीन नोटिस की तामील की गई है, विनिर्दिष्ट तारीख और समय पर नोटिस में यथा विनिर्दिष्ट लेखा बहियों को प्रस्तुत करेगा। संपरीक्षा, यथासम्भव, व्यौहारी के कारबार परिसर में की जाएगी।

(8) उप–नियम (1) में निर्दिष्ट प्राधिकारी या अधिकारी, संपरीक्षा के दौरान व्यौहारी को, नोटिस में दी गई अवधि के लिए लेखा बहियों का निरीक्षण/ सत्यापित करने के लिए उसे आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने की अपेक्षा कर सकेगा। व्यौहारी, ऐसे अधिकारी या प्राधिकारी द्वारा पूछे गए प्रश्नों का स्पष्टीकरण भी देगा।

अध्याय–6

प्रशमन के रूप में एकमुश्त राशि (कर के संदाय में)

45. प्रशमन के रूप में एकमुश्त राशि.—(1) (व्यौहारी जो राज्य के बाहर से वस्तुओं का आयात करता है और व्यौहारी जो औषधियों का व्यौहार करता है से अन्यथा) रजिस्ट्रीकृत व्यौहारी के पास धारा 7 या धारा 16 की उप–धारा (2) के अधीन प्रशमन के रूप में उपधारणात्मक एकमुश्त कर राशि देय करने का विकल्प है, और ऐसा कर, इस अध्याय में यथाविहित रीति में संदत्त करेगा।

(2) ऐसा संदाय (जिसे इसमें इसके पश्चात् "एक मुश्त राशि" कहा गया है) निर्धारण सम्बन्धी उपबन्धों के उपयोजन घोषणा प्ररूपों के उपयोग, ऐसे प्ररूपों से सम्बन्धित अभिलेख को बनाए रखने, ब्याज का उद्ग्रहण, अधिनियम के उपबन्धों के विरुद्ध उल्लंघन और अपराधों के लिए शास्ति अधिरोपित करने, और परादेय देयों की वसूली के प्रयोजन के लिए कर समझा जाएगा।

(3) एकमुश्त राशि का संदाय करने के लिए प्रस्ताव का आवेदन, विहित प्ररूप में, समुचित निर्धारण प्राधिकारी को किया जाएगा और अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन देने हेतु पात्र व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित किया जाएगा। समुचित निर्धारण प्राधिकारी, व्यौहारी द्वारा फाइल किए गए आवेदन की संवीक्षा करेगा और विकल्प, मास के प्रथम दिवस से अनुगामी दिवस पर जिसमें ऐसा विकल्प प्रस्तुत किया गया है, यदि यह ठीक और पूर्ण है प्रवर्त्तन में रहेगा । आवेदन की प्राप्ति पर, ऐसा प्राधिकारी अभिनिश्चित करेगा कि यह पूर्ण है और इसकी विषय–वस्तु सही है, और तत्पश्चात् आवेदक को एकमुश्त राशि संदाय करने के लिए अनुज्ञात करेगा।

(4) उप–नियम (2) के अधीन ऐसे विकल्प का प्रयोग करने वाले व्यौहारी को आवेदन की तारीख से आगामी मास के आरम्भ से एक मुश्त राशि का संदाय करने के लिए अनुज्ञात किया गया समझा जाएगा। यदि समुचित निर्धारण प्राधिकारी विकल्प को अपूर्ण पाता है तो वह व्यौहारी को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर देते हुए उसे पूर्ण करने के लिए अनुज्ञात करेगा।

(5) एकमुश्त राशि का संदाय करने वाला व्यौहारी एकमुश्त राशि को समान त्रैमासिक किश्तों में संदत्त करेगा, जो प्रत्येक तिमाही की समाप्ति के तीस दिनों के भीतर संदेय होगा, और ऐसे किए गए संदाय के सबूत में, समुचित निर्धारण प्राधिकारी को, एक खजाना रसीद प्रस्तुत करेगा।

(6) एकमुश्त राशि का संदाय करने का विकल्प रखने वाला व्यौहारी, धारा 30 के अधीन कर बीजक जारी नहीं करेगा और आगत कर प्रत्यय, ऐसे व्यौहारियों से खरीदे गए माल की बाबत शून्य होगा, और ऐसे व्यौहारी को, उसके द्वारा क्रय किए गए माल पर कोई आगत कर प्रत्यय का दावा करने का भी हक नहीं होगा।

(7) एकमुश्त राशि का संदाय करने का विकल्प रखने वाला व्यौहारी, जैसा विहित किया जाए, कर का प्रभार करने का हकदार होगा।

(8) इस अध्याय में किसी बात के अन्तर्विष्ट होते हुए भी, राज्य सरकार किसी भी समय, किसी या समस्त वर्ग (वर्गों) के व्यौहारियों से एकमुश्त राशि संदाय करने की सुविधा को प्रत्याहृत कर सकेगी।

46. ईंट भट्ठा मालिकों की बाबत एकमुश्त राशि स्कीम.—(1) ईंट भट्ठा मालिक (ईंट भट्ठा के पट्टेदार सहित) धारा 16 की उप–धारा (2) और नियम 45 के उपबन्धों और इस नियम के अध्यधीन अपने विकल्प पर, प्रशमन द्वारा एकमुश्त राशि, को, अधिनियम के अधीन देय, कर के बदले, निम्नलिखित सारणी में दी गई दरों पर संदत्त करेगा, अर्थात् :–

सारणी

क्रम संख्या	भट्ठे की क्षमता	वर्ग	प्रति वर्ष से देय एकमुश्त राशि जब किसी भट्ठे को एक स्थान पर जलाने के लिए नाम निर्दिष्ट किया जाता है
1.	33 घौरी की संख्या से अधिक क्षमता का ईंट भट्ठा	क	1,93,600 रुपए + 6800 रुपए 33 घौरी की संख्या से अधिक प्रति अतिरिक्त घौरी के लिए
2.	28 से 33 घौरी की संख्या की क्षमता का ईंट भट्ठा	क	1,93,600 रुपए
3.	22 से 27 घौरी की संख्या की क्षमता का ईंट भट्ठा	ख	1,51,250 रुपए
4.	22 से कम घौरी की संख्या की क्षमता का ईंट भट्ठा	ग	1,21,000 रुपए
5.	30 सितम्बर को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान न जलाया गया ईंट भट्ठा जिसमें भट्ठे के अन्दर और बाहर का स्टॉक पिछले प्रथम अक्तूबर को समाप्त समस्त वर्गों की 5 लाख से से अधिक ईन्टें न हो	घ	30,250 रुपए

टिप्पण.– यदि किसी भट्ठे को दो स्थानों पर जलाने के लिए अभिहित किया जाता है, ऐसे भट्ठे के मालिक द्वारा संदेय एकमुश्त राशि की दर उपरोक्त दरों से दुगुनी होगी।

स्पष्टीकरण.–इस नियम के प्रयोजन के लिए 'घोरी ' से ईन्ट की चौड़ाई की तरफ से कालम में खड़ी रखी ईन्टे, लम्बाई में रखी ईन्टे के बराबर हों, जो आगे उसी प्रकार सीधी रखी ईंटों के कालम से लगभग 4 ईंच से 5 ईंच के

फासले पर अलग रखी हों, अभिप्रेत है, और "घोड़ी की संख्या" से सीधी रखी ईंटों के कालम की संख्या जो कि भट्ठे की आन्तरिक और बाह्य दीवार के मध्य उसकी पूरी चौडाई के ऊपर समायोजित हो जाए, अभिप्रेत है ।

(2) ईंट भट्ठा मालिक किसी भी समय निम्नलिखित प्ररूप में, कर के बदले एकमुश्त का संदाय करने का विकल्प दे सकेगा ।

आवेदन का प्ररूप

सेवा में

निर्धारण प्राधिकारी,

———— जिला ————

विषय.–हिमाचल प्रदेश मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2005 की धारा 16 की उप–धारा (2) के अधीन निपटारे (प्रशमन) द्वारा एकमुश्त संदाय करने का विकल्प।

मैं———— (नाम), आयु _____(वर्ष) पुत्र श्री ———— निवासी गांव/शहर ———— जिला ———— मैसर्ज ————होल्डिंग टिन ———— ईंट भट्ठा मालिक ———— में स्थापित (स्थान) जिला_____ का स्वामी /भागीदार/प्रबन्धक/प्रबन्ध निदेशक, एतद्द्वारा (अधिनियम के अधीन देय कर के स्थान पर) हिमाचल प्रदेश मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2005 की धारा 16 की उप–धारा (2) के अधीन और तद्धीन बनाए नियमों के अधीन तिमाही की शुरूआत से प्रतिकर के रूप में एकमुश्त संदाय करने का विकल्प देता हूं और घोषणा करता हूं कि मैं नियम 47 के उप–नियम (1) में यथाविनिर्दिष्ट _____ श्रेणी में आता हूं क्योंकि ईंट भट्ठे की क्षमता _____ घोड़ी की है।

स्थान.....

तारीख.....

ईंट भट्ठा मालिक के हस्ताक्षर।

अभिस्वीकृति

मैसर्ज _____ [टी. आई.एन./जी.आर.एन.(यदि कोई है] धारक स्वत्वधारी/सहभागीदार/प्रबन्धक/प्रबन्ध निदेशक श्री..... से हिमाचल प्रदेश मू.प.क. अधिनियम, 2005 की धारा 7 या 16(2) के अधीन संदेय उपधारणात्मक/एकमुश्त कर के लिए विकल्प प्राप्त किया ।

निर्धारण प्राधिकारी के हस्ताक्षर
नाम बड़े अक्षरों में
पदनाम

स्थान.....

तारीख.....

(3) उप–नियम (2) के अधीन ईंट भट्ठा मालिक द्वारा किए गए विकल्प का प्रयोग उसके द्वारा क्रियाशील समस्त ईंट भट्ठों पर लागू होगा और इस नियम के उप–नियम (1) में विनिर्दिष्ट दरों पर अपने समस्त ईंट भट्ठों के लिए एकमुश्त संदाय करेगा।

(4) इस नियम के अधीन प्रत्येक ईंट भट्ठा मालिक, प्रतिवर्ष, प्रत्येक तिमाही की समाप्ति पर तीस दिन के भीतर प्ररूप मू.प.क.–15–घ में विवरणी दाखिल करेगा।

(5) ईंट भट्ठे की क्षमता के सत्यापन के प्रयोजन के लिए इसकी प्रास्थिति– क्या इसमें कार्य किया गया है, कार्य नहीं हो रहा या बन्द है– और भट्ठे के स्थान पर ईंटों का स्टाक, एक मुश्त संदाय करने के लिए दायी किसी स्वामी के ईंट भट्ठे का, कोई अधिकारी जो आबकारी एवं कराधान निरीक्षक से नीचे की पंक्ति का न हो, निरीक्षण कर सकेगा।

(6) (क) आगामी सम्पूर्ण वर्ष के लिए बन्द होने के लिए आयियत होने किसी ईंट भट्ठे की दशा में, उसका स्वामी जो एकमुश्त का संदाय करने के लिए दायी है समुचित निर्धारण प्राधिकारी को ऐसे बन्द होने के 10 दिन पूर्व लिखित में सूचित करेगा और भट्ठे के स्थान पर इटों के स्टाक की घोषणा करेगा। ईंट भट्ठा आगामी वर्ष से केवल तभी प्रवर्ग–डी में रखा जाएगा यदि स्थल पर समस्त प्रकार

की ईंटों का शुरूआती स्टाक उस दिन पांच लाख ईंटों से अधिक न हो और भट्ठा सम्पूर्ण वर्ष कार्यरत न रहा हो ।

(ख) यदि ईंट भट्ठा मालिक खण्ड (क) में विनिर्दिष्ट रीति में भट्ठे के बंद होने के बारे में सूचना देने में असफल रहता है, यह समझा जाएगा कि ईंट भट्ठा सामान्य रूप से कार्य कर रहा है।

(7) वर्ष के एक भाग के लिए ईंट भट्ठे का प्रचालन होते हुए भी, स्वामी उस पर पूरे वर्ष के लिए एकमुश्त संदाय के लिए दायी होगा, सिवाय इसके कि कोई स्वामी जो प्रथम बार एकमुश्त के संदाय के लिए विकल्प देता है, महीने के प्रारम्भ में एकमुश्त संदाय करने के लिए दायी होगा, जिसमें वह अपने विकल्प का प्रयोग करता है और विकल्प का प्रयोग करने से पहले उस अवधि के लिए प्रथम बार, विधि के सामान्य उपबन्धों के अधीन वह कर का संदाय करने के लिए दायी होगा।

47. लॉटरी व्यौहारियों की बाबत एकमुश्त स्कीम.—(1) निदेशक, राज्य लॉटरी द्वारा सम्यक रूप से प्राधिकृत लाटरी टिकटों के क्रय या विक्रय के कारबार में लगा हुआ प्रत्येक व्यवहारी (इस नियम में एतद्द्वारा "लाटरी व्यौहारी" कहा गया है) धारा 16 की उप–धारा (2) के अधीन और नियम 45 के उपबन्धों और इस नियम के अध्यधीन, उसके विकल्प पर, निम्नलिखित सारणी में दी गई दरों पर एकमुश्त संदत्त करेगा, अर्थात्:–

सारणी

क्रम संख्या	लॉटरी की किस्म	एकमुश्त संदेय रकम
1.	दैनिक लॉटरी	50,000 रुपए प्रति ड्रॉ
2.	साप्ताहिक लॉटरी	2.5 लाख रुपए प्रति ड्रॉ
3	मसिक लॉटरी	10 लाख रुपए प्रति ड्रॉ
4.	उत्सव लॉटरी	10 लाख रुपए प्रति ड्रॉ
5.	तत्काल लॉटरी	10 लाख रुपए प्रति ड्रॉ

(2) एकमुश्त संदाय करने के लिए विकल्प देने वाला लॉटरी व्यौहारी निम्नलिखित प्ररूप में, एकमुश्त संदाय करने के लिए अनुज्ञात करने हेतु आवेदन देगा।

आवेदन का प्ररूप

सेवा में

निर्धारण प्राधिकारी

——— जिला ———

विषय.–हि.प्र. मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2005 की धारा 16 की उप–धारा (2) के अधीन समझौते (प्रशमन) द्वारा एकमुश्त संदाय करने का विकल्प।

श्रीमान जी,

मैं ——————————— (नाम), आयु _____(वर्ष), पुत्र श्री ——— निवासी गांव ———————, तहसील ——————— मैसर्ज ——————— होल्डिंग टी आई एन/जी.आर.एन. धारक——————— (स्थान) ——————— जिला ——————— में स्थित कारबार परिसर का स्वत्वधारी/ भागीदार/प्रबन्धक/प्रबन्ध निदेशक हूं ———————(स्थान) में स्थित.....जिला में लाटरी व्यौहारी हूं ..... से कारबार कर रहा हूं एतद्द्वारा (इस अधिनियम के अधीन संदेय कर के स्थान पर) धारा 16 की उप–धारा (2) के अधीन और तद्धीन बनाए नियमों के अधीन लॉटरी टिकटों के विक्रय पर समझौते (प्रशमन) द्वारा एकमुश्त संदाय करने का विकल्प करता हूं और घोषणा करता हूं कि मैं निम्नलिखित प्रकार की लॉटरियों में व्यवहार कर रहा हूं, अर्थात्:–

क्रम संख्या	लॉटरी की किस्म	लॉटरी के निजी आपरेटर/राज्य का नाम

स्थान.....

तारीख.....



लॉटरी व्यौहारी के हस्ताक्षर।

अभिस्वीकृति

मैसर्ज ———— से प्राप्त विकल्प (टी आई एन/जी आर एन यदि कोई हो, सहित पूर्ण नाम और पता उल्लिखित करें) ।

स्थान.....

तारीख.....

निर्धारण प्राधिकारी के हस्ताक्षर
नाम बड़े अक्षरों में:
पदनाम:

(3) उप–नियम (2) में विवरणित रीति में लॉटरी व्यौहारी द्वारा विकल्प का प्रयोग करते हुए, समस्त राज्यों या लॉटरी के प्राईवेट आपरेटरों द्वारा प्रचालित लॉटरी की समस्त स्कीमों की बाबत जिसमें वह कारबार कर रहा है, का एकमुश्त संदाय करना होगा।

(4) एकमुश्त संदाय का विकल्प लॉटरी व्यौहारी द्वारा किसी भी समय प्रयोग किया जा सकेगा और विकल्प का प्रयोग करने के पश्चात् आगामी प्रथम ड्रा (लॉटरी) से यह प्रभावी होगा।

(5) प्रत्येक लॉटरी व्यौहारी प्ररूप मू.प.क.–15–उ में प्रत्येक तिमाही की समाप्ति पर मासिक विवरणी दाखिल करेगा।

48. संकर्म ठेकेदारों की बाबत एकमुश्त स्कीम.—(1) (वर्ग "ग" और "घ" में आने वाले) राज्य के भीतर कार्यों के निष्पादन में लगा हुआ प्रत्येक "लघु संकर्म ठेकेदार" (जिसे इस नियम में संकर्म ठेकेदार कहा गया है) धारा 16 की उप–धारा (2) के अधीन और नियम 45 के उपबन्धों और इस नियम के अध्यधीन, उसके विकल्प पर, संकर्म संविदा के निष्पादन में अन्तर्वलित माल में सम्पत्ति के अन्तरण पर एकमुश्त संदाय (चाहे माल के रूप में या किसी अन्य रूप में) प्रशमन (समझौते) द्वारा, वित्तीय वर्ष के दौरान उसे अधिनिर्णित प्रत्येक संकर्म के निष्पादन के लिए कराधेय आवर्त प्रतिफल के चार प्रतिशत से संगणित किया जाएगा।

(2) एकमुश्त संदाय का विकल्प कर रहा संकर्म ठेकेदार, उसे अधिनिर्णित ठेके से तीस दिन के भीतर उप–नियम (1) के अधीन निम्न प्ररूप में उसके द्वारा संदाय करने के लिए अनुमति प्राप्त करने हेतु आवेदन देगा, अर्थात्:–

आवेदन का प्ररूप

सेवा में

निर्धारण प्राधिकारी,
——— जिला ———

विषयः हि.प्र. मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2005 की धारा 16 की उप–धारा (2) के अधीन प्रशमन (समझौते) द्वारा एकमुश्त संदाय करने का विकल्प।

श्रीमान जी,

मैं ——————————— (नाम), आयु _____, (वर्ष), पुत्र श्री ——————— निवासी गांव ———————, तहसील ——————— मैसर्ज ——————— टी. आई. एन./जी.आर.एन. धारक_____ स्वत्वधारी/साझीदार/प्रबन्धक/प्रबन्ध निदेशक हूं और ——————— से संकर्म संविदा निष्पादन का कारबार कर रहा हूं एतद्द्वारा हि.प्र. मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2005 की धारा 16 की उप–धारा (2) के अधीन और तद्धीन बनाए नियमों के अधीन समझौते द्वारा (अधिनियम के अधीन संदेय कर के बदले में) सम्पत्ति के माल के रूप में हस्तांतरण में अन्तर्वलित (चाहे माल के रूप में या किसी अन्य रूप में) नीचे दिए गए संकर्म संविदा के निष्पादन में, अर्थात्:–

ठेकेदार का नाम व पता	संविदा के अधि–निर्णय की संख्या और तारीख	संविदा के निष्पादन का स्थान	वृद्धि सहित संविदा की कुल कीमत	निष्पादन की अवधि

2. इसके संलग्नकों सहित संविदा या करार की प्रति, इस आवेदन के साथ संलग्न है।

स्थान .....

तारीख.....

संकर्म ठेकेदार के हस्ताक्षर।

अभिस्वीकृति

मैसर्ज ———————— (टी. आई. एन,/जी.आर.एन. यदि कोई हो, सहित पूर्ण नाम और पता वर्णित करे)।

स्थान .....
तारीख.....

निर्धारण प्राधिकारी के हस्ताक्षर
नाम बड़े अक्षरों में:
पदनाम:

(3) संकर्म ठेकेदार, एकमुश्त संदाय के विकल्प का प्रयोग करने के पश्चात् प्रदान की गई प्रत्येक संकर्म संविदा की बाबत उसे एकमुश्त संदाय करना पड़ेगा और ऐसे विकल्प के प्रयोग से पूर्व, उसे दी गई अन्य संविदाओं की बाबत, अधिनियम की धारा 6 के अधीन उसे कर का संदाय करना होगा।

(4) संकर्म ठेकेदार, द्वारा एकमुश्त संदाय के प्रत्याहरण का विकल्प, ऐसे प्रत्याहरण केवल पश्चात्वर्ती संकर्म संविदाओं को लागू होगा, परन्तु अन्य संविदाओं की बाबत, वह एकमुश्त का संदाय तब तक जारी रखेगा जब तक प्रत्येक संविदा पूर्ण नहीं हो जाती।

(5) संकर्म ठेकेदार प्ररूप मू.प.क.–15–च में त्रैमासिक विवरणी दाखिल करेगा ।

49. ग्राम उद्योगों की बाबत एकमुश्त स्कीम.—(1) कोई रजिस्ट्रीकृत व्यौहारी जो ग्राम उद्योग इकाई चला रहा हो और उद्योग विभाग, हिमाचल प्रदेश से उस रूप में रजिस्ट्रीकृत हो, धारा 7 या धारा 16 की उप–धारा (2) और इस अध्याय के

नियम 45 के उपबन्धों के अध्यधीन उसके विकल्प पर, निम्नलिखित सारणी में दी गई दरों पर एकमुश्त संदाय करेगा, अर्थात् :–

व्यौहारी जिसके पास वार्षिक आवर्त है	एकमुश्त संदेय
25 लाख रुपए तक	धारा 6 के अधीन अधिसूचित कर की दर का 25%
25 लाख रुपए से अधिक परन्तु 50 लाख रुपए तक	धारा 6 के अधीन अधिसूचित कर की दर का 50%

(2) एकमुश्त संदाय करने के लिए आवेदन निम्नलिखित प्ररूप पर किया जाएगा :–

आवेदन का प्ररूप

सेवा में

निर्धारण प्राधिकारी,

——— जिला ———

विषयः हिमाचल प्रदेश मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2005 की धारा 16 की उप–धारा (2) के अधीन प्रशमन (समझौते) द्वारा एकमुश्त के संदाय का विकल्प।

श्रीमान जी,

मैं———————————— (नाम), आयु _____(वर्ष) पुत्र श्री ———————— निवासी (पता), ———————— नगर, ———————— जिला ————————मैसर्ज ———————— स्थित———————— (स्थान), जिला———————— टी.आई. एन./ जी. आर.एन._____ धारक अनन्य रूप में मैसर्ज ———————— के नाम और रीति में स्वत्वधारी/ सांझीदार/कर्त्ता/प्रबन्धक/ निदेशक/प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता जो ———————— वस्तुएं बनाते और विक्रय करते हैं, हिमाचल प्रदेश मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2005 की धारा 16 की उप–धारा (2) के अधीन और तद्धीन बनाए नियमों के अधीन

संदेय कर के बदले में एतद्द्वारा प्रशमन (समझौता) द्वारा एकमुश्त संदाय का विकल्प करते हैं।

(2) मैं निम्नलिखित वस्तुओं (माल) का कारबार कर रहा हूं:–

(3) मैं, हिमाचल प्रदेश मूल्य परिवर्धित कर नियम,2005 के नियम 49 में यथापरिभाषित ग्राम उद्योग इकाई, उक्त पैरा (2) में विनिर्दिष्ट वस्तुएं बनाने और विक्रय करने हेतु चला रहा हूं।

आवेदक के हस्ताक्षर।

स्थान .....
तारीख.....

अभिस्वीकृति

मैसर्ज_____(टी.आई.एन./जी.आर.एन. यदि कोई है सहित पूर्ण नाम और पता उल्लिखित करें) से विकल्प प्राप्त किया।

निर्धारण प्राधिकारी के हस्ताक्षर
नाम बड़े अक्षरों में:
पदनाम:

स्थान .....
तारीख.....

(3) ग्रामोद्योग चलाने वाला व्यौहारी प्ररूप मू.प.क. 15–छ में त्रैमासिक विवरणी दाखिल करेगा।

(4) व्यौहारी जिसका वर्ष के दौरान कराधेय आवर्त 50 लाख रुपए से अधिक हो जाता है, अधिनियम के अधीन कर सदांय करेगा,–

(क) कराधेय आवर्त पर, 50 लाख रुपए तक, इस नियम के उप– नियम (1) में विनिर्दिष्ट दरों पर ; और

(ख) कराधेय आवर्त के उस भाग पर जो पचास लाख रुपए से अधिक है धारा 6 के अधीन अधिसूचित सामान्य कर की दरों पर।

ऐसा व्यौहारी, समुचित निर्धारण प्राधिकारी को उस तारीख को जिसको उसका कराधेय आवर्त वर्ष के दौरान 50 लाख रुपए से अधिक हुआ है के बारे में भी सूचित करेगा और समुचित निर्धारण प्राधिकारी आगामी ठीक प्रथम अप्रैल से ऐसे व्यौहारी के रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र को मूल्य परिवर्धित कर व्यौहारी के प्रमाणपत्र में उपांतरित करेगा, और तब ऐसा व्यौहारी इस अध्याय के अधीन एकमुश्त संदेय करने के लिए पात्र नहीं रहेगा।

स्पष्टीकरण– इस उप–नियम के प्रयोजन के लिए,–

(i) "ग्राम उद्योग" से राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित कोई उद्योग और छोटे सैक्टर में "ग्राम क्षेत्र" में स्थित, जो किसी वस्तु का उत्पाद करता है या उर्जा का उपयोग करते हुए या न करते हुए कोई सेवा करता है और जहां भूमि, भवन, पौधे और मशीनरी में प्रति कारीगर या कर्मकार पर कुल नियत पूंजी विनिधान (पचास) 50,000 रुपए से अधिक न हो, परन्तु ऐसा उद्योग इसके अन्तर्गत नहीं होगा, जो कि राज्य सरकार द्वारा अनुसूची में विनिर्दिष्ट है, अभिप्रेत है; और

(ii) "ग्रामीण क्षेत्र" से हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम,1994 की धारा 2 के खण्ड (46) में यथा परिभाषित, कोई क्षेत्र अभिप्रेत है।

50. अन्य व्यवहारियों की बाबत एकमुश्त स्कीम.—(1) इस नियम में विनिर्दिष्ट कोई व्यौहारी, धारा 7 या धारा 16 की उप–धारा (2) के अधीन और इस नियम और नियम 45 के उपबन्धों के अध्यधीन, उसके विकल्प पर, निम्नलिखित एकमुश्त राशि का संदाय करेगा, अर्थात् :–

व्यौहारी जिसके पास वार्षिक आवर्त है।	एकमुश्त संदेय राशि
आठ लाख रुपए तक	3600 रुपए प्रतिवर्ष
आठ लाख रुपए से अधिक 14 लाख रुपए तक	8000 रुपए प्रतिवर्ष
14 लाख रुपए से अधिक और 20 लाख रुपए तक	14,000 रुपए प्रतिवर्ष
20 लाख रुपए से अधिक और 25 लाख रुपए तक	20,000 रुपए प्रतिवर्ष

(2) एकमुश्त राशि का संदाय करने के लिए आवेदन निम्नलिखित प्ररूप पर किया जाएगा :–

आवेदन का प्ररूप

सेवा में

निर्धारण प्राधिकारी,

——— जिला ———

विषयः हिमाचल प्रदेश मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2005 की धारा 7 और धारा 16 की उप–धारा (2) के अधीन (प्रशमन) समझौते द्वारा एकमुश्त के संदाय का विकल्प।

श्रीमान जी,

मैं———————————— (नाम), आयु _____ (वर्ष) पुत्र श्री ————निवासी (पता), ———————— नगर, ———— जिला ———————— टी.आई. एन./जी.आर.एन. धारक———————— अनन्य रूप से मैसर्ज ———————— के नाम और रीति में स्वत्वधारी/सांझीदार/कर्त्ता/प्रबन्धक/निदेशक/प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता जो ———— वस्तुएं बनाते और विक्रय करते हैं।

हिमाचल प्रदेश मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2005 की धारा 7 और धारा 16 की उप–धारा (2) और तद्धीन बनाए नियमों के अधीन संदेय कर के बदले में एतद्द्वारा (प्रशमन) समझौते द्वारा एकमुश्त संदाय का विकल्प करते हैं।

(2) मैं निम्नलिखित वस्तुओं (माल) का कारबार कर रहा हूं।

आवेदन करने वाले व्यक्ति के हस्ताक्ष हैसियत।

स्थान.....

तारीख.....

अभिस्वीकृति

मैसर्ज———————— (टी.आई.एन./जी.आर.एन.) यदि कोई है सहित पूर्ण नाम और पता वर्णित करें।

निर्धारण प्राधिकारी के हस्ताक्षर
नाम बड़े अक्षरों में:
पदनाम:

स्थान.....
तारीख.....

(3) व्यौहारी जिसका वर्ष के दौरान कराधेय आवर्त 25 लाख रुपए से अधिक हो जाता है, अधिनियम के अधीन धारा 6 में विनिर्दिष्ट सामान्य दरों पर 25 लाख रुपए से अधिक होने वाले घटक आवर्त पर कर संदाय करेगा। ऐसा व्यौहारी समुचित निर्धारण प्राधिकारी को उस तारीख के बारे में जिसको उसका कराधेय आवर्त वर्ष के दौरान 25 लाख रुपए से अधिक हुआ है, सूचित करेगा। समुचित निर्धारण प्राधिकारी आगामी प्रथम अप्रैल से ऐसे व्यौहारी के रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र को मूल्य परिवर्धित कर (वैट) में व्यौहारी के प्रमाणपत्र को उपातंरित करेगा और तब वह इस अध्याय के अधीन एकमुश्त राशि संदेय करने के लिए पात्र नहीं रहेगा।

(4) व्यौहारी प्ररूप मू.प.क. 15–ए में त्रैमासिक विवरणी दाखिल करेगा और एकमुश्त राशि का, त्रैमासिक प्रत्येक तिमाही की समाप्ति के पश्चात् 15 दिनों के भीतर संदाय करेगा।

अध्याय–7
लेखे रखना

51. व्यौहारी द्वारा लेखे रखना.—(1) निम्नलिखित लेखे, सामान्यत धारा 7 या धारा 16 की उप–धारा (2) के अधीन एक मुश्त राशि या उपधारणात्मक कर का संदेय करने वाले व्यौहारियों से अन्यथा, रजिस्ट्रीकृत व्यौहारी द्वारा रखे जाएंगे,–

(क) रोकड़ बही, दैनिक बही, खाता, बीजक बही और क्रय बाऊचर ;

(ख) कुल उत्पाद कर विनिर्दिष्ट करते हुए मासिक कर लेखे, कुल उत्पाद कर ऋण और कुल संदेय कर या अग्रनयन के लिए देय अधिक कर ऋण।

(ग) क्रय का ब्यौरा दर्शाते हुए क्रय अभिलेख, जिन पर कर का संदाय दिया गया है, कर का संदाय किए बिना किया गया क्रय, किसी छूट प्राप्त औद्योगिक इकाई से किए गए क्रय और राज्य के बाहर से किया गया क्रय। मूल कर बीजक क्रय के लिए जिन पर कर का संदाय कर दिया गया है और मूल्य परिवर्धित कर का संदाय किए बिना क्रम के लिए बनाए गए बीजक, तारीख और संख्यात्मक क्रम में रखे जाएंगे;

(घ) कर की विभिन्न दरों पर, जीरो रेटिड कराधेय विक्रयों और कर मुक्त विक्रयों पर राज्य में किए गए विक्रयों को पृथक दर्शाते हुए विक्रयों का अभिलेख, कराधेय विक्रयों से सम्बन्धित कर बीजकों की प्रतियां और कर मुक्त विक्रयों से सम्बंधित समस्त बीजक तारीख और संख्यात्मक क्रम में रखे जाएंगे;

(ङ) फुटकर काम हेतु भेजे गए माल सहित अन्तरराज्यिक विक्रयों अर्न्तराज्यिक माल के अन्तरण, वैधानिक घोषणाओं और ऐसे अन्य साक्ष्य द्वारा समर्थित, जो सुसंगत हो का अभिलेख ;

(च) जहां रजिस्ट्रीकृत व्यौहारी कराधेय और कर मुक्त विक्रय कर रहा हो आगत कर ऋण संगणना का ब्यौरा ;

(छ) स्टाक प्राप्तियां और माल का परिदान और विनिर्माण अभिलेखों को दर्शाता हुआ स्टाक अभिलेख ;

(ज) जहां–जहां लागू है, आदेश, अभिलेख और परिदान चालान ;

(झ) वर्ष की समाप्ति पर व्यापार लेखा, तुलनपत्र और लाभ और हानि लेखे सहित अन्तिम वार्षिक लेखे ;

(ञ) बैंक लेखे जिसके अन्तर्गत विवरणियां, चैक बुक, प्रतिपर्ण और वेतन पर्ची।

(2) व्यौहारी, अपनी अपेक्षाओं के अनुरूप और कारबार की प्रकृति के अनुसार लेखे बहियां रखेगा परन्तु ये इस नियम में विनिर्दिष्ट समस्त सूचना विनिर्दिष्ट रखेंगे।

(3) प्रत्येक व्यक्ति जिसे धारा 17 में कर कटौती अपेक्षित है चाहे नकद द्वारा, समायोजन, लेखे से उधार द्वारा, देयों की वसूली या किसी अन्य रीति में, यथास्थिति संकर्म ठेकेदारों को, उसके सम्बन्ध में या संकर्म संविदा के निष्पादन या माल की आपूर्ति के लिए किए गए संदाय का लेखा रखेगा। प्रत्येक संकर्म संविदा या माल की आपूर्ति की संविदा और यथास्थिति, प्रत्येक ठेकेदार या पूर्तिकर्ता के अलग लेखे रखे जांएगे। ऐसा व्यक्ति, जब आबकारी एवं कराधान विभाग के किसी अन्य अधिकारी, जो आबकारी एवं कराधान निरीक्षक से नीचे की पंक्ति का न हो, द्वारा अपेक्षा किए जाने पर उसके सम्मुख लेखे प्रस्तुत करेगा ।

52. कर बीजक में उल्लिखित की जाने वाली विशिष्टियां.—(1) सिवाय तब के जब बीजक कम्प्यूटर या अन्य इलैक्ट्रोनिक या यांत्रिक युक्ति द्वारा तैयार किए जाएं, कर बीजक सम्यक रूप से आबद्ध बीजक बही से जारी किए जाएंगे। ये कम से कम तीन प्रतियों में और क्रमवार क्रम संख्या में होने चाहिए।

(2) बीजक की सम्बन्धित प्रतियों पर प्रमुख रूप से ये शब्द लिखे जाएंगे। मूल प्रति पर यह टिप्पणी अंकित की जाएगी, "इस प्रति के विरुद्व रजिस्ट्रीकृत व्यौहारी को आगत कर प्रत्यय उपलब्ध है" और द्वितीय प्रति पर "यह प्रति धारक को आगत कर प्रत्यय के दावे के लिए हकदार नहीं बनाती है" टिप्पण लिखे जाएंगे। मूल प्रति क्रेता को जारी की जाएगी, द्वितीय प्रति माल के वहन के लिए होगी और अन्तिम प्रति विक्रेता द्वारा रखी जाएगी।

(3) शब्द मूल्य परिवर्धित कर (वैट) बीजक प्रमुख रूप से बीजक पर मुद्रित किए जाएंगे।

(4) कर बीजक जहां तक हो सके प्ररूप मू.प.क.–18 में होंगे ।

53. विशिष्टियां खुदरा बीजक में उल्लिखित होंगी.—(1) सिवाय तब के जब बीजक कम्प्यूटर या अन्य इलैक्ट्रोनिक या यांत्रिक युक्ति द्वारा तैयार किए जाएं, खुदरा बीजक सम्यक रूप से आबद्ध बीजक बही से जारी किए जाएंगे ये कम से कम दो प्रतियों में होने चाहिए।

(2) खुदरा बीजक की प्रथम प्रति माल के क्रेता को जारी की जाएगी। द्वितीय प्रति विक्रेता व्यौहारी द्वारा रखी जाएगी।

(3) खुदरा कर बीजक जहां तक हो सके प्ररूप मू.प.क.–19 में होगा।

54. नकद पत्रक (कैश मीमो) मे विशिष्टियां इत्यादि उल्लिखित की जाएगी.— सिवाय तब के जब नकद पत्रक या बिल कम्प्यूटर या अन्य इलैक्ट्रोनिक या यांत्रिक युक्ति द्वारा तैयार किए जाएं, नकद पत्रक या बिल सम्यक रूप से आबद्ध बीजक बही से जारी किए जाएंगे। व्यवहारी द्वारा या उसकी ओर से माल के विक्रय की बाबत जारी किए जाने वाले मीमो या बिल, एक संव्यवहार में 200 रुपए मूल्य से अधिक होने पर जहां तक हो सके प्ररूप मू.प.क.–20 में होंगे।

55. क्रेडिट/ऋण टिप्पण में उल्लिखित की जाने वाली विशिष्टियां इत्यादि.—(1) क्रेडिट/ऋण टिप्पण, कर बीजक बही से जारी की जाएंगी और इसमें निम्नलिखित सूचनाएं अन्तर्विष्ट होंगी–

(क) "क्रेडिट टिप्पण" या " ऋण टिप्पण" बीजक पर प्रमुख रूप से लिखा जाएगा;

(ख) उस व्यक्ति का नाम, पता और रजिस्ट्रेशन संख्या जिसे जारी किया गया ;

(ग) बीजक की तारीख और संख्या जिससे क्रेडिट या ऋण टिप्पण सम्बन्ध रखता है ;

(घ) ऋण या क्रेडिट टिप्पण जारी करने बारे संक्षिप्त कारण ; और

(ङ) माल की कीमत और कर परिमाण सहित जमा कर ली गई या विकलित रकम।

(2) टिप्पण में यथास्थिति, स्वत्वधारी या भागीदार या निदेशक द्वारा जारी करने की तारीख और हस्ताक्षर अंकित किए जाएंगे।

(3) खुदरा कर बीजक, जहां तक हो सके प्ररूप मू.प.क.–21 में होगा।

56. अभिलेख का इलैक्ट्रोनिक अनुरक्षण.—(1) व्यौहारी, आयुक्त या समुचित निर्धारण प्राधिकारी को, अनुसरण की जाने वाली प्रणाली के बारे में सूचित करने के पश्चात् नियम 52 से 54 के अधीन विहित कम्प्यूटर का प्रयोग करके इलैक्ट्रोनिकली पढ़े जाने वाले रूप विधान में समस्त या किन्हीं अभिलेखों, विवरणियों और बीजकों का इलैक्ट्रोनिकली अनुरक्षण या जेनरेट करेगा। जब कभी प्रणाली में बदलाव किए जाते हैं तो व्यौहारी 15 दिन के भीतर आयुक्त या समुचित निर्धारण प्राधिकारी को सूचित करेगा।

(2) अभिलेखों और दस्तावेजों के प्रिंट आउट (हार्ड कॉपीज) प्रत्येक मास की समाप्ति पर लिए जाएंगे और हर किस्म के अभिलेख, विवरणियों और बीजकों को आबद्ध फोल्डरों में रखा जाएगा।

(3) व्यौहारी यह सुनिश्चित करेगा कि समुचित बैक–अप अभिलेख भी अनुरक्षित और परिरक्षित किए जाएंगे ताकि अपरिहार्य दुर्घटनाओं या प्राकृतिक आपदाओं के कारण विनाश की दशा में, युक्तियुक्त समय अवधि के भीतर सूचनाएं प्रत्यावर्तित की जा सकें। ऐसे समस्त अभिलेख, विवरणियां, बीजक और अन्य दस्तावेज (बैक–अप–अभिलेख सहित दोनों इलैक्ट्रोनिक और हार्ड कॉपियां) छः वर्ष की अवधि के लिए परिरक्षित की जाएगी और (वित्तीय वर्ष के प्रथम दिन से गणना करके उस वित्तीय वर्ष का अनुसरण करते हुए जिससे अभिलेख विवरणी, बीजक सम्बंधित हैं) या तब तक जब तक निर्धारण का निपटारा नहीं हो जाता, जो भी पहले हो।

(4) यह व्यौहारी का कर्त्तव्य होगा जो इलैक्ट्रोनिक अभिलेखों का अनुरक्षण करता है कि लेखा प्रणाली द्वारा प्रारम्भ की अवस्था से समाप्ति तक और समुचित निर्धारण प्राधिकारी या किसी अन्य अधिकारी जो आबकारी एवं कराधान अधिकारी से नीचे की पंक्ति का न हो को संचारण करके संव्यवहारों के प्रवाह और व्यवहार सहित हार्ड कापी में और/या इलैक्ट्रोनिकली पढ़े जाने वाले रूप विधान में सुसंगत अभिलेखों की मांग किए जाने पर प्रस्तुत करे।

(5) व्यौहारी, चाहे कागज या इलैक्ट्रोनिक पर लेखा अनुगमन और परस्पर सम्बद्धता और वित्तीय लेखे अभिलेख अभिन्यास, ऐसे अभिलेखों की नमूना प्रतियों सहित प्रत्येक क्षेत्र में डाटा (आंकड़े) कोष और अभिलेखों की कुल संख्या की व्यवस्था भी करेगा।

(6) यदि कोई व्यौहारी इस सुविधा का दुरुपयोग करता पाया जाता है या सूचना पर (पहुंच) एसेस की व्यवस्था नहीं कर रहा है या यदि जहां कोई अन्य तर्कपूर्ण कारण हो, तो आयुक्त या उसके द्वारा सम्यक रूप से प्राधिकृत कोई अन्य अधिकारी, जो आबकारी एवं कराधान अधिकारी की पंक्ति से नीचे का न हो, ऐसे कारणों को अभिलिखित करने और ऐसे व्यक्ति द्वारा फर्क (अन्तर) यदि कोई हो, के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण को ध्यान में रखने के पश्चात्, किसी अभिलेख को इलैक्ट्रोनिकली अनुरक्षित करने या जेनरेट करने, विवरणियां या बीजक के लिए कम्प्यूटर का प्रयोग करने से किसी व्यक्ति को प्रतिबद्ध कर सकेगा।

57. लेखा बहियों के अधिप्रमाणीकरण की रीति.—(1) समुचित निर्धारण प्राधिकारी द्वारा अपेक्षा करने पर व्यौहारी, अधिप्रमाणीकरण के प्रयोजन के लिए, अपने कारबार से सम्बन्धित कोई बही, दस्तावेज या लेखा उसके समक्ष प्रस्तुत करेगा।

(2) समुचित निर्धारण प्राधिकारी, जहां तक संभव हो, पूर्व सूचना पर व्यौहारी की लेखा बहियों का अधिप्रमाणीकरण करेगा।

(3) (क) समुचित निर्धारण प्राधिकारी, प्रत्येक बही, दस्तावेजों या लेखा में एक या अधिक स्थानों पर अपने हस्ताक्षर सहित मोहर लगाएगा, और उसके प्रथम पृष्ठ पर निम्न प्ररूप में प्रमाणपत्र अभिलिखित करेगा, अर्थात्:—

"प्रमाणित किया जाता है कि बही/दस्तावेज/ लेखा जिसमें _____पृष्ठ अन्तर्विष्ट है और मैंने कार्यालय मोहर सहित पेज_____ और _____ पर अपने हस्ताक्षर कर दिए हैं।

तारीख :

जिला:

समुचित निर्धारण प्राधिकारी
के हस्ताक्षर"।

(ख) निर्धारण प्राधिकारी, व्यौहारी की अलग-अलग फाइलों में उसके परिसर या लेखे या स्टाक के निरीक्षण के समय उपयोग के लिए ऐसे अधिप्रमाणीकरण का नियमित अभिलेख रखेगा।

(4) समुचित निर्धारण प्राधिकारी, व्यौहारी द्वारा धारा 32 की उप-धारा (2) के खण्ड (ख) के अधीन अपेक्षित अनुरक्षित किए जाने वाले लेखों की सूची पर ऐसे अधिप्रमाणीकरण का टिप्पण देगा।

58. क्रास चैकिंग (पड़ताल) और सर्वेक्षण का अभिलेख.—समुचित निर्धारण प्राधिकारी, क्रास चैकिंग, (पड़ताल) सर्वेक्षण और लेखा बहियों के अधिप्रमाणीकरण के प्रयोजन के लिए जारी किए गए नोटिसों का एक अभिलेख रखेगा।

अध्याय–8

माल के वहन और परिवहन और अभिवहन में माल का निरीक्षण

59. माल का वहन और परिवहन.—(1) परिवहन कम्पनी या बुकिंग एजेंसी के किसी कर्मचारी सहित परिवाहक के माल का प्रत्येक वाहक या अभिकर्ता, माल की बाबत जिस पर विक्रय या क्रय अधिनियम के अधीन कराधेय है, परिवहन रसीद (पावती) के प्ररूप में अग्रेषण टिप्पण, मार्ग पत्रक प्रेषण रजिस्टर और परिदान रजिस्टर जो क्रमशः प्ररूप मू.प.क.–22, मू.प.क.–22–अ, मू.प.क. –22–आ मू.प.क. –22–इ और मू.प.क.–24 में होंगे, परिवहन के लिए वाहित, वितरित या प्राप्त ऐसे माल का सही अभिलेख रखेगा। ऐसा अभिलेख उसके द्वारा पांच वर्ष की अवधि के लिए परिरक्षित रखा जाएगा। वह इस नियम के उप–नियम (3) के खण्ड (ग) में वर्णित प्राधिकार पत्र अभिलेख में समरूप अवधि के लिए भी परिरक्षित करेगा।

(2) परिवहन प्राप्तियां और मार्ग पत्रक क्रमवार संख्याकिंत किए जाएंगे। क्रम संख्या 100,000 तक होगी तत्पश्चात् परिवहन प्राप्तियों और मार्ग पत्रक की नई शृंखला शुरु की जाएगी। परिवाहक द्वारा नई शृंखला के प्रयोग से पहले इसकी सूचना जिला के सहायक आबकारी एवं कराधान आयुक्त या आबकारी एवं कराधान अधिकारी को दी जाएगी।

(3) माल का वाहक या परिवहन कम्पनी या बुकिंग एजेंसी का अभिकर्ता तब तक माल के किसी परेषण का परिवहन, बुकिंग के लिए स्वीकृत या निर्मुक्त नहीं करेगा, जिसका विक्रय या क्रय अधिनियम के अधीन कराधेय है, जब तक,–

(क) यथास्थिति, परेषण, क्रय बीजक की प्रति या विक्रय पत्रक या परिदान टिप्पण से समाविष्ट न हों ;

(ख) बुकिंग किए जाने के लिए आशयित परेषण से सम्बंधित विशिष्टियां प्ररूप मू.प.क.–22–अ में प्रेषण टिप्पण में भेजने वाले द्वारा दाखिल न कर दिए जाएं।

(ग) परेषिति से मुद्रांकित पृष्ठांकन वाली परिवहन प्राप्ति जो उसकी पूर्ण विशिष्टियां और रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र, यदि कोई हो को दर्शाते हुए;

(4) वाहन का चालक या प्रभारी व्यक्ति, ले जाए जाने वाले माल के प्रत्येक परेषण की बाबत हमेशा अपने साथ प्ररूप मू.प.क.–22–आ में मार्ग पत्रक की प्रति और प्ररूप मू.प.क.–22 में परिवहन रसीद (पावती) की प्रति भी रखेगा।

(5) जहां परेषित को, परेषण का परिदान परिवहन कम्पनी या बुकिंग एजेंसी की सहायता के बिना दिया जाता है, यान का स्वामी, चालक या प्रभारी व्यक्ति, रजिस्टर में प्ररूप मू.प.क.–22 में परेषणों की बाबत अभिलेख का अनुरक्षण करेगा।

60. रजिस्ट्रीकृत व्यौहारियों द्वारा प्राप्त या प्रेषित माल के लेखे.—(1) प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत व्यौहारी सड़क द्वारा प्राप्त किए गए या प्रेषित माल का रजिस्टर में, जो क्रमशः प्ररूप मू.प.क.–24 और मू.प.क.–24–अ मे होगा का सही अभिलेख रखेगा।

(2) कोई व्यौहारी या उसकी तरफ से कार्य करने वाला कोई व्यक्ति माल का परिदान नहीं ले सकेगा जिसका विक्रय या क्रय इस अधिनियम के अधीन कराधेय है या परिवहन कम्पनी या बुंकिग एजेंसी के अभिकर्ता सहित माल के वाहक को बुकिंग के लिए माल परिदत नहीं करेगा, जब तक कि –

(क) यथास्थिति, परेषण को समाविष्ट करते हुए क्रय बीजक, विक्रय बिल या परिदान टिप्पण की प्रति परिवाहक या उसके प्रतिनिधि को प्रस्तुत नहीं कर दी जाती;

(ख) बुकिंग किए जाने के लिए आशयित परेषण की विशिष्टियां, प्ररूप मू.प. क.–22–अ में प्रेषण टिप्पण में प्रस्तुत नहीं कर दी जाती ;

(ग) व्यौहारी, जो बुकिंग के लिए माल का परिदान लेता है या माल परिदत करता है, के कब्जे में उसके द्वारा हस्ताक्षरित यथास्थिति परेषिति या (माल) भेजने वाला (परेषण) से सम्यक रूप से अनुप्रमाणित होना चाहिए; और

(घ) अधिनियम के अधीन, उसकी सम्पूर्ण विशिष्टियां और रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र संख्या यदि कोई है दर्शाते हुए मुद्रांकित पृष्ठाकंन, परेषिति द्वारा, परिवहन प्राप्ति पर अभिलिखित की जाए ; और

61. परिदान टिप्पण, घोषणाएं, प्रतिभूति बंधपत्र और निजीबंधपत्र.—(1) धारा 34 की उप–धारा (2) और (4) में निर्दिष्ट परिदान टिप्पण और घोषणा, क्रमशः प्ररूप मू.प.क.–26 और मू.प.क.26–अ में होगी।

(2) धारा 34 की उप–धारा (4) के प्रथम परन्तुक में निर्दिष्ट घोषणा, प्ररूप मू.प.क.–27 में होगी।

(3) धारा 34 की उप–धारा (6) के प्रयोजनों के लिए, माल का स्वामी या उसका प्रतिनिधि, मालयान या जलयान का चालक या अन्य प्रभारी व्यक्ति, माल के स्वामी की ओर से, प्रतिभूति देगा, या जैसा सम्बंधित अधिकारी निदेश दे। प्रतिभूति बंधपत्र और निजी बंधपत्र क्रमशः प्ररूप मू.प.क.–28 और मू.प.क. 28–अ पर होगा।

(4) इस नियम में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, वैयक्तिक उपयोग के लिए माल के परिवहन की बाबत कोई घोषणा अपेक्षित नहीं है और ऐसा माल चैक पोस्ट/बैरियर या अन्य स्थान पर निरुद्ध नहीं किया जाएगा।

62. प्ररूप मू.प.क.–26 अ में घोषणाओं का मुद्रण अभिरक्षा जारी करना इत्यादि .— (1) प्ररूप मू.प.क. 26–अ में राज्य सरकार द्वारा विशेष रूप से तीन प्रति प्रतियों में प्ररूप को मूल, "द्विप्रतिक" और "तीसरी प्रति" मुद्रित करवाया जाएगा और आयुक्त द्वारा समय–समय पर यथाअनुमोदित शृंखला की स्कीम को क्रम और रंग के अनुसार क्रम संख्यांकित किया जाएगा :

(2) कोई व्यौहारी जिसकी ओर से प्ररूप मू.प.क.–26–अ में एक घोषणा चैक पोस्ट या बैरियर के प्रभारी अधिकारी को की जानी अपेक्षित है या अधिनियम की धारा 34 की उप–धारा (4) में निर्दिष्ट किसी अन्य अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की जानी अपेक्षित है, प्ररूप मू.प.क.–26–"अ" में घोषणा प्ररूप प्रदान करने के लिए समुचित निर्धारण प्राधिकारी को आवेदन करेगा, जिसके स्पष्ट रूप से पहले से हस्तगत स्टाक और घोषणा प्ररूपों का ब्यौरा अपनी युक्तियुक्त मांग को तीन मास से अनधिक अवधि के लिए और वह तारीख जिसको और संख्या जिसमें, उसे घोषणा प्ररूप जारी किया गया था स्पष्ट रूप से दर्शाएगा :

परन्तु यह कि यदि आयुक्त का समाधान हो जाता है कि ऐसा करना अनिवार्य है, तो वह लिखित में आदेश द्वारा, माल के यान या जलयान के स्वामी या प्रभारी व्यक्ति को चैकपोस्ट या बैरियर पर प्ररूप मू.प.क. 26–अ जारी किए जाने के लिए अनुज्ञात करेगा या रजिस्ट्रीकृत व्यवहारियों के किसी वर्ग को स्वयं द्वारा (इलैक्ट्रोनिकली या अन्यथा) मुद्रित प्ररूप मू.प.क. 26–अ का उपयोग करने के लिए अनुज्ञात करेगा।

(3) यदि समुचित निर्धारण प्राधिकारी का समाधान हो जाता है कि व्यौहारी की अध्यपेक्षा वास्तविक और युक्तियुक्त है, तो वह सरकार द्वारा समय–समय पर नियत किए जाने वाले ऐसे प्ररूप की कीमत के पूर्व संदाय पर या तो नकद रूप में या व्यौहारी द्वारा ऐसी कीमत सरकारी खजाने में जमा करवाने पर, जैसा वह उचित समझे से उतने घोषणा प्ररूप जारी कर सकेगा।

(4) व्यौहारी जिसे घोषणा प्ररूप जारी किए गए हैं, उसकी उचित अभिरक्षा और उपयोग के लिए जिम्मेदार होगा। यदि घोषणा प्ररूप चाहे खाली हों या संपूरित हों किसी व्यौहारी की अभिरक्षा में या अभिवहन में खो हो जाते हैं, तो वह उनके खो जाने की सूचना समुचित निर्धारण प्राधिकारी को देगा, जिससे उसने उन्हें प्राप्त किया है।

(5) उप–नियम–(5) में निर्दिष्ट रिपोर्ट की प्राप्ति पर, समुचित निर्धारण प्राधिकारी प्रत्येक खोए प्ररूप की बाबत, व्यौहारी को बुलाकर युक्तियुक्त प्रतिभूति देकर प्ररूप मू.प.क. 28–आ में उनके दुरुपयोग से रक्षोपाय के लिए समस्त खोए प्ररुपों की बाबत इक्ट्ठे या अलग–अलग क्षतिपूर्ति बंधपत्र देने को कहेगा।

(6) कोई व्यौहारी जिसे घोषणा प्ररूप जारी किया गया है किसी दूसरे व्यक्ति को अंतरित नहीं करेगा।

(7) किसी व्यौहारी द्वारा समुचित निर्धारण प्राधिकारी से, जिसकी उसके मूल कारबार के स्थान पर अधिकारिता हो, घोषणा प्ररूप अभिप्राप्त करके और जो उप–नियम (10) के उपबन्धों के अधीन गतकालिक (अप्रचलित) या अविधिमान्य घोषित न हुआ हो, कोई घोषणा जारी नहीं करेगा।

(8) उप–नियम (3) में निर्दिष्ट व्यौहारी, प्ररूप मू.प.क. 26–आ में रजिस्टर में घोषणा प्ररूपों का लेखा रखेगा।

(9) व्यौहारी, किसी निर्धारण प्राधिकारी या उसके अधीनस्थ उसके द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी द्वारा लिखित में निरीक्षण के लिए मांग किए जाने पर विहित रजिस्टर प्रस्तुत करेगा।

(10) आयुक्त, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा घोषणा प्ररूप की कतिपय शृंखलाओं, डिजाईनों या रंगों को अप्रचलित और अविधिमान्य कर सकेगा। समस्त व्यौहारी, घोषणा प्ररूप के ऐसे अप्रचलित और अविधिमान्य घोषित होने की तारीख को या पहले, समुचित निर्धारण प्राधिकारी को ऐसे प्ररूप जो उनके कब्जे में हों अभ्यर्पित करेगें और विनिमय में ऐसे नए प्ररुप जो अप्रचलित और अविधिमान्य प्ररूपों के लिए प्रतिस्थापित हुए हैं प्राप्त करेंगे :

परन्तु यह कि व्यौहारी को तब तक नए प्ररूप जारी नहीं किए जाएंगे जब तक कि वह उसे जारी किए गए पुराने प्ररूपों का लेखा नहीं दे देता और वास्तविक हस्तगत बकाया यदि कोई हो समुचित निर्धारण प्राधिकारी को वापिस नहीं कर देता।

(11) उप–नियम (3) में निर्दिष्ट व्यौहारी, घोषणा प्ररूपों को जारी करने के लिए समुचित निर्धारण प्राधिकारी से मांग करने से पूर्व ऐसा व्यौहारी पूर्वतन जारी किए गए मू.प.क.–32–अ प्ररूप को अभिलेख पर्ची पर निम्नलिखित विशिष्टियां अन्तर्विष्ट करते हुए उस प्राधिकारी को ब्यौरे देगा, अर्थात् :–

————————निर्धाारण प्राधिकारी ———————— चैक पोस्ट/बैरियर

द्वारा _____ को प्राप्त की गई मू.प.क.–26–अ प्ररूप की अभिलेख पर्ची

तारीख	मू.प.क. 26–अ प्रयुक्त संख्या	माल का स्वामी/ वाहक	माल की श्रेणी	मूल्य रुपए	व्यौहारी के हस्ताक्षर
1.	2.	3.	4.	5.	6.
कुल					

(12) प्रत्येक व्यौहारी को प्ररूप मू.प.क. 26–अ का प्राप्त और जारी लेखा, समुचित निर्धारण प्राधिकारी द्वारा, प्ररूप मू.प.क. 26–इ में रखा जाएगा।

(13) अधिनियम की धारा 34 (4) के प्रयोजनों के लिए, चैक पोस्ट या बैरियर का प्रभारी अधिकारी, घोषणाओं की सत्यता और पूर्णता से सन्तुष्ट होने के पश्चात् चैक पोस्ट और बैरियर की शासकीय मुद्रा सहित प्राप्ति की तारीख दर्शाते हुए उन पर हस्ताक्षर और मुद्रा अंकित करेगा, और माल के यान या जलयान के स्वामी या प्रभारी व्यक्ति को घोषणा की द्विप्रतिक वापिस देगा। घोषणा की मूल प्रति सम्बंधित व्यौहारी के कारबार के मुख्य स्थान के जिला के समुचित निर्धारण प्राधिकारी को रजिस्ट्रीकृत व्यौहारी या अरिजस्ट्रीकृत व्यौहारी की बाबत यथास्थिति, प्ररुप मू.प.क. 26–ई, या मू.प.क. 25–उ में आवरण कथन के अन्तर्गत अग्रेषित की जाएगी। निर्धारण प्राधिकारी, प्ररूप मू.प.क. 26–ई और मू.प.क. 26–उ के अधीन प्राप्त हुए घोषणा प्ररूपों की वशिष्टियों की प्ररूप मू.प.क.–26–ऊ में व्यौहारीवार तैयार किए गए रजिस्टर में प्रविष्टि करेगा।

(14) यदि कर का संदाय करने के लिए दायी कोई व्यौहारी, कारबार के प्रयोजन हेतु रखे गए माल का राज्य के बाहर से रेल सेवा, वायु सेवा, डाकखाना या

कोरियर द्वारा आयात करता है, वह या उसका एजेंट (अभिकर्ता) प्ररूप मू.प.क. 26–अ में निकटतम चैकपोस्ट या बैरियर, यदि कोई है, या समुचित निर्धारण प्राधिकारी या सर्कल के आबकारी एवं कराधान निरीक्षक को बीजक, परिदान टिप्पण, रेलवे रसीद या इस प्रकार के किसी दस्तावेज के अनुसार घोषणा करेगा :

परन्तु यह कि ऐसे माल की बाबत जो आयुक्त अधिसूचित कर सकेगा, प्ररूप मू.प.क.–26–अ में घोषणा अग्रिम में केवल समुचित निर्धारण प्राधिकारी या आबकारी एवं कराधान निरीक्षक को दी जाएगी।

(15) चैक पोस्ट/बैरियर का प्रभारी अधिकारी सुसंगत सूचना को कम्प्यूटर में दाखिल करेगा और क्रमानुसार संख्याकित कम्प्यूटरीकृत मुद्रित प्ररूप मू.प.क. –26–अ को द्विप्रति में जेनरेट करेगा। प्रभारी अधिकारी कम्प्यूटर प्रिंट आउट जारी करने के लिए, सेवा प्रभार के रूप में आयुक्त द्वारा समय–समय पर प्ररूप मू.प.क. –(वैट) 26–अ को नियत ऐसी रकम, माल के मालिक या भारसाधक व्यक्ति से प्रभारित करेगा।

(16) चैक पोस्ट/ बैरियर का प्रभारी अधिकारी प्ररूप मू.प.क. 26–अ में कम्प्यूटर जेनेरेटिड घोषणा की मूलपर्ण अपने पास रखेगा और सम्यक रूप से स्टांपित और हस्ताक्षरित को, माल के मालिक या भारसाधक व्यक्ति को वापस करेगा।

(17) आयुक्त, किसी व्यौहारी को खाली प्ररूप जारी करने उनके उपयोग, उपयोग के पश्चात समर्पण और उसके द्वारा उपयोग न किए गए प्ररूपों का अभ्यर्पण और उससे सम्बन्धित अभिलेख के रख–रखाव के लिए समय–समय पर विस्तृत निदेश जारी कर सकेगा।

62. निरुध किए गए माल की नीलामी.—धारा 34 की उप–धारा (8) या अधिनियम के अन्य उपबन्धों और इन नियमों के अधीन निरुध किए जाने के लिए आदिष्ट माल, परन्तु जो निर्मुक्त नहीं हुआ है, सार्वजनिक नीलामी में एतद्द्वारा निम्नलिखित उपबंधित प्रक्रिया अपनाकर बेचा जाएगा, अर्थात् :–

(i) माल के स्वामी का शास्ति के संदाय या अन्य देयों (कर सहित) के संदाय पर माल को पुनः अर्जित करने का प्रथम विकल्प होगा, जिसके लिए सहायक आबकारी एवं कराधान आयुक्त या जिला का आबकारी एवं कराधान प्रभारी अधिकारी या वह अधिकारी जो शास्ति या अन्य देय अधिरोपित करता है नोटिस जारी करके ऐसे व्यक्ति को बुला कर, ऐसे नोटिस की तारीख से 10 दिन के भीतर माल पुनः अर्जित करने

को कहेगा और ऐसे व्यक्ति द्वारा (असफल रहने पर) ऐसा न करने पर माल को सार्वजनिक नीलामी के लिए रखा जाएगा ;

(ii) सहायक आबकारी एवं कराधान आयुक्त या जिला का आबकारी एवं कराधान प्रभारी अधिकारी, शास्ति अधिरोपित करने वाले अधिकारी और माल के निरुध करने वाले अधिकारी को समाविष्ट करके समिति द्वारा नीलामी का संचालन किया जाएगा;

(iii) सहायक आबकारी एवं कराधान आयुक्त और जिला का आबकारी एवं कराधान प्रभारी अधिकारी या शास्ति अधिरोपित करने वाले या माल निरुध करने वाले अधिकारी द्वारा प्रमाणित करने के पश्चात्, कि विधि की प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात् भी माल निर्मुक्त नहीं हुआ है या माल विनश्वर प्रकृति का है और तुरंत निपटान की आवश्यकता है, नीलामी का संचालन किया जाएगा ;

(iv) सहायक आबकारी एवं कराधान आयुक्त या जिला का आबकारी एवं कराधान प्रभारी अधिकारी निरुध किए गए माल को एक विशिष्ट तारीख को नीलामी के लिए रखने के लिए नियत करेंगे और ऐसी तारीख का इस नियम के खण्ड (v) के अधीन व्यापक प्रचार किया जाएगा ;

(v) सहायक आबकारी एवं कराधान आयुक्त या जिला का आबकारी एवं कराधान प्रभारी अधिकारी, अपने कार्यालय के सूचनापट्ट पर निरुध किए गए माल की सूची और जिनका कि विक्रय किया जाना है और नोटिस में नीलामी का स्थान, दिन और समय निर्दिष्ट करेगा। नीलामी द्वारा विक्रय का संचालन किए जाने से पूर्व पन्द्रह दिन का नोटिस दिया जाएगा। ऐसे नोटिस की प्रति और माल की सूची एक या अधिक सार्वजनिक स्थानों, चैक पोस्ट या बैरियरों और सहायक आबकारी एवं कराधान आयुक्त या जिला के आबकारी एवं कराधान प्रभारी अधिकारी और चैक पोस्ट या बैरियरों के प्रभारी अधिकारी जहां माल निरुध किया गया था, पर प्रदर्शित की जाएगी। नीलामी की सूचना की एक प्रति माल के स्वामी को भी भेजी जाएगी ;

(vi) नीलामी के प्रारम्भ से पूर्व, बोली देने के लिए आशयित बोलीदाता को माल के प्राक्कलित मूल्य के 10 प्रतिशत के बराबर अग्रिम धन जमा करवाना होगा ;

(vii) नीलामी की कार्रवाइयां लिखित में अभिलिखित की जाएगी ;

(viii) यदि नीलामी की रकम पचास हजार से अधिक हो जाती है, तो अन्तिम बोली, परिक्षेत्र (जोन) के प्रभारी उप–आबकारी एवं कराधान आयुक्त द्वारा अनुमोदित की जाएगी ;

(ix) नीलाम क्रेता, विक्रय के तुरंत पश्चात्, माल के विक्रय मूल्य का नकद संदाय करेगा और उसे माल के किसी भाग को ले जाने के लिए तब तक अनुज्ञात नहीं किया जाएगा जब तक कि वह उसका पूर्ण संदाय नही कर देता और खण्ड (viii) में विनिर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा विक्रय की पुष्टि नहीं हो जाती। जहां क्रेता बोली की रकम का संदाय करने में असफल रहता है, माल का तत्क्षण नीलामी द्वारा पुनः विक्रय किया जाएगा और व्यतिक्रमी क्रेता द्वारा जमा की गई अग्रिम राशी सरकार द्वारा जब्त कर ली जाएगी। असफल बोलीदाता द्वारा जमा की गई अग्रिम राशी बोली की समाप्ति के तुरंत पश्चात् उन्हें लौटा दी जाएगी; और

(x) उक्त कथित प्रक्रिया के अधीन रकम प्राप्त करने के पश्चात् माल का परिदान उचित पावती के अधीन किया जाएगा।

अध्याय–9

अपेक्षित निर्धारण, विवरणियों की छानबीन, निर्धारण, पुनः निर्धारण और गलतियों इत्यादि की परिशुद्धि

64. अपेक्षित निर्धारण की प्रक्रिया.—(1) धारा 16 के अधीन व्यौहारी द्वारा दाखिल की गई विवरणियां, उसमें विहित रीति में सम्यक रूप से अभिस्वीकृत की जाएगी, और जहां वित्तीय वर्ष से सम्बंधित समस्त विवरणियां दाखिल कर दी गई हैं और विशिष्टियां सारवान रूप से सम्पूर्ण हैं, तो व्यौहारी, उप–नियम (2) के उपबन्धों के अध्यधीन, उस वर्ष के लिए निर्धारित किया गया समझा जाएगा :

परन्तु यह कि जहां विवरणियां, विशिष्टतः सारवान रूप में पूर्ण नहीं हैं, व्यौहारी को नोटिस की तामील से तीस दिन के भीतर उसे पूर्ण करने के लिए एक अवसर दिया जाएगा।

(2) धारा 16 की उप–धारा (1) के प्रयोजनों के लिए कोई विवरणी–

(i) सही मानी जाएगी, यदि इसका पाठ, व्यौहारी द्वारा अनुरक्षित लेखाओं के अनुरूप हो और लेखा पाठ में कोई प्रतिकूल सूचना आगामी वितीय वर्ष के 30 नवम्बर तक उपलब्ध न हो ; और

(ii) विशिष्टतः सारवान रूप में सम्पूर्ण मानी जाएगी यदि दी जाने वाली अपेक्षित सम्पूर्ण सूचना इसमें अन्तर्विष्ट है, अंकगणितीय रूप से सही है और वैधानिक (कानूनी) या विहित सूचियों, दस्तावेजों और विवरणियों के अनुसार देय कर की सम्पूर्ण राशि के संदाय का साक्ष्य और व्यौहारी द्वारा सम्यक रूप से हस्ताक्षरित है संलग्न हों :

परन्तु यह कि कोई विवरणी सही और पूर्ण नहीं मानी जाएगी यदि यह वैधानिक (कानूनी) या विहित सूचियों, दस्तावेजों, प्रमाणपत्रों या घोषणाओं से संलग्न नहीं है या इनमें से कोई गलत है या समस्त विहित विशिष्टियां उपवर्णित नहीं है या हस्ताक्षरित नहीं है या अनुचित प्रकार से हस्ताक्षरित है और यदि कोई सूची दस्तावेज, प्रमाणपत्र या घोषणा जो हस्ताक्षरित नहीं है या प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित नहीं है, इसे सूची या दस्तावेज, प्रमाणपत्र या घोषणा के रूप में नहीं माना जाएगा और संलग्न विवरणी को गलत और अधूरा भी माना जाएगा।

65. विवरणियों की अभिस्वीकृति को निर्धारण आदेश समझा जाना.—नियम 66 के उप–नियम (1) के अधीन संवीक्षा के लिए चयनित मामलों के सिवाए, समस्त अन्य मामले नियम 64 के उप–नियम (1) के अधीन कर के निर्धारण के लिए समझे जाएंगे और ऐसे मामलों की बाबत वार्षिक विवरणी की अभिस्वीकृति निर्धारण आदेश की प्रति समझी जाएगी :

परन्तु नियम 64 के उप–नियम (1) के परन्तुक के अधीन आने वाले मामलों की बाबत, समुचित निर्धारण प्राधिकारी उसको अपेक्षित दस्तावेज देने के पश्चात् और/या गणित सम्बन्धी भूल, यदि कोई है, सही कर दी गई है और देय कर, यदि कोई है, उसके परिणामस्वरूप संदत्त कर दिया गया है, आदेश पारित कर विशिष्ट सामग्री में सुसंगत विवरणी की पूर्णता के बारे में उसका समाधान अभिलिखित कर दिया है और ऐसे आदेश की प्रति का सम्बन्धित व्यौहारी को प्रतिदाय कर दिया है और तदुपरि नियम 64 के उपबन्ध तदानुसार लागू होंगे।

66. संवीक्षा के लिए मामलों का चयन.—नियम 64 के उप–नियम (1) के अधीन मामलों में से निम्नलिखित प्रवर्ग के मामले संवीक्षा के लिए लिए जाएंगे:–

(i) जिनका वर्ष में सकल आवर्त एक सौ लाख से अधिक है ;

(ii) जिनका वर्ष में आगत कर प्रत्यय (इनपुट टैक्स क्रैडिट) का दावा चार लाख रुपए से अधिक है ;

(iii) जिनका वर्ष में प्रतिदाय का दावा पच्चास हजार रुपए से अधिक है;

(iv) जिनका वर्ष में अन्तर्राज्ययिक व्यापार और वाणिज्य या भारत के राज्य क्षेत्र के बाहर माल के निर्यात के अनुक्रम में या भारत के राज्य क्षेत्र में माल के आयात के अनुक्रम में एक लाख रुपए से अधिक की बिक्री का दावा किया है ;

(v) औद्योगिक इकाईयों के मामलों में, जिन्होंने धारा–62 की उपधारा (5) के अधीन कोई रियायत प्राप्त कर रहे हैं ;

(vi) पिछले वर्ष की तुलना में कर के सकल आवर्त या संदाय में कमी आई कमी ;

(vii) विक्रय, क्रय के दावे या संव्यवहार का अन्य पक्ष के लेखों से माल का अन्तरण शाखा/परेषण से मेल नहीं कर रहा है;

(viii) अपवाद मामले जिसमें क्रय और विक्रय या आगत कर प्रत्यय (इनपुट टैक्स क्रेडिट) और उत्पाद कर (आउटपुट टैक्स) के बीच या स्टाक और विक्रय के बीच अनुपात, व्यापार या उद्योग में साधारण प्रवृत्ति का उपाय है ।

(ix) कर के अपवंचन के बारे परिनिश्चित आसूचना पर आधारित मामले ;

(x) आयुक्त द्वारा यदा–कदा चयनित मामले ;

(xi) किसी विशिष्ट व्यापार या व्यापारों के मामले जिन्हें आयुक्त चयनित करे; और

(xii) मामले जिनमें व्यौहारी सारवान विशिष्टियों में विवरणी (यां) को पूर्ण करने में असफल रहता है या उन्हें नोटिस की तारीख से 15 दिनों की

अधिकतम अवधि के भीतर ऐसा करने के दिए गए अवसर के पश्चात् सही करने में असफल रहता है ।

67. निर्धारण का नोटिस.—(1) समुचित निर्धारण प्राधिकारी, नियम–66 के अधीन संवीक्षा के लिए चयनित प्रत्येक मामले में, प्रत्येक मामला जिसमें विवरणी सही और पूर्ण नहीं है और अन्य मामलों में, जहां समुचित निर्धारण प्राधिकारी को, व्यौहारी की बाबत धारा 21 या 22 के अधीन निर्धारण करना आवश्यक प्रतीत होता है, तो वह उसे प्ररूप भू.प.क.–29 में नोटिस तामिल करेगा :–

(क) अवधि या विवरणी की अवधि या अवधियां जिनकी बाबत निर्धारण प्रस्तावित है, का कथन करना ; और

(ख) उसके लेखों और अन्य दस्तावेजों की उसकी बहियों को प्रस्तुत करने हेतु बुलाना, जिन्हें ऐसा प्राधिकारी परीक्षण करने की इच्छा रखता हो, किसी आक्षेप सहित जिसे व्यौहारी प्रस्तुत करने की इच्छा और किसी साक्ष्य को जिसे वह उसके समर्थन में प्रस्तुत करने की इच्छा रखता हो, और वह साधरतणतया नोटिस की तामील की तारीख के पश्चात् ऐसे लेखों और दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के लिए, 10 दिन से अन्यून की तारीख नियत करेगा और किसी आक्षेप पर विचार करेगा जो व्यौहारी ने प्रस्तुत किए हैं ।

(2) उप–नियम (1) के अधीन निर्धारण, नोटिस की तामील के पश्चात्, तीन मास के भीतर पूर्ण किया जाएगा ।

68. व्यौहारी के आक्षेप और साक्ष्य को अभिलिखित करना.—(1) कोई व्यौहारी जिसे नियम 67 के अधीन नोटिस की तामिल की गई है, तो वह व्यक्तिगत रूप में या अभिकर्ता के माध्यम से लिखित में आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा । ऐसे किसी आक्षेप की बाबत कोई फीस संदेय नहीं होगी ।

(2) समुचित निर्धारण प्राधिकारी, उप–नियम (1) के अधीन किए गए आक्षेपों की बाबत ऐसी जांच करेगा, जैसी वह उचित समझे और उस पर निष्कर्ष अभिलिखित करेगा । वह एक निरीक्षक की भी प्रतिनियुक्त करेगा जिसे इस निमित व्यौहारी के आक्षेप अभिलिखित करेंगे के लिए प्राधिकृत किया गया है और उसके समर्थन में लाए गए किसी साक्ष्य को अभिलिखित करेगा ।

(3) समुचित निर्धारण प्राधिकारी, निर्धारण के प्रयोजन के लिए, या व्यौहारी द्वारा किए गए कारबार की नवीनतम स्थिति को अभिनिश्चित करने के लिए व्यौहारी

जिसका निर्धारण के अधीन अवधि के लिए सकल आवर्त पांच सौ लाख रूपए से अधिक है, के किन्हीं या समस्त स्थान (नों) का निरीक्षण करेगा, और वह ऐसे अन्य अधिकारियों या कर्मचारियों की सहायता से, जैसे वह आवश्यक समझे, समस्त कारबार क्रियाकलापों, प्रक्रिया लेखों, अभिलेखों, दस्तावेजों और निर्धारण कार्यवाहियों से सुसंगत अन्य बातों का निरीक्षण तथा परीक्षण कर सकेगा और यहां ऐसा निरीक्षण किया गया है, उसका दिन प्रतिदिन का अभिलेख रखेगा ।

69. कर का निर्धारण और शास्ति का अधिरोपण.—(1) व्यौहारी द्वारा किए गए किसी आक्षेप, उसके समर्थन में प्रस्तुत किए गए किसी साक्ष्य, नियम–67 के अधीन की गई जांच के परिणाम पर विचार करने के पश्चात् ,समुचित निर्धारण प्राधिकारी व्यौहारी को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात् कर की रकम का निर्धारण करेगा और शास्ति, यदि कोई है, अधिरोपित करेगा, जो व्यौहारी द्वारा नियम 67 के उप–नियम (2) में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर संदत्त की जाएगी ।

(2) इन नियमों में अन्तर्विष्ट किसी बात के प्रतिकूल होते हुए भी, संकर्म संविदा की दशा में, अधिनियम की धारा 2 के अधीन खण्ड (य घ) के अधीन व्यौहारी के "आवर्त" में सम्मिलित श्रम प्रभारों के लेखे में किसी राशि से अन्यथा श्रम प्रभारों के लिए समस्त राशि की कटौती करने के पश्चात् संकर्म ठेकेदार के "कराधेय आवर्त" पर कर का निर्धारण किया जाएगा जोकि प्रत्यक्षतः माल, सम्पत्ति जिसे संकर्म संविदा के निष्पादन में, चाहे माले के रूप में या किसी अन्य रूप में पारित किया गया है, से सम्बन्धित है :

परन्तु यह कि जहां श्रम प्रभार संकर्म ठेकदारों लेखों से अवधार्य नहीं है या संविदा की प्रकृति पर विचार करने पर अयुक्तियुक्त अत्यधिक मानी जा रही है, तो श्रम प्रभारों के लिए कटौती निर्धारण प्राधिकारी द्वारा नीचे दी गई सारणी के स्तम्भ 2 मे विनिर्दिष्ट संविदा के प्रकार के लिए स्तम्भ (3) में विहित सीमा के अनुसार अनुज्ञात की जाएगी, अर्थातः–

सारणी

क्रम संख्या	संविदा का प्रकार	संविदा के मूल्य की प्रतिशतता पर श्रम प्रभार
1	2	3
1	संयन्त्र और मशीनरी को बनाना और लगाना	25
2	लोहे और स्टील के अवसंरचना कार्यों का बनाना और सृजन सहित लोहे द्रवसिज, परलाइन्ज इत्यादि का बनाना, आपूर्ति और परिनिर्माण	15

1	2	3
3	क्रेनन्ज और ज्वांएटस का बनाना और लगाना	15
4	ऐल्विेटर(लिफ्टस) ओर एस्केलेटर का बनाना और लगाना	15
5	रोलिंग शटर ओर कलैप्सेवल गेट्ज का बनाना और लगाना	15
6	सिविल संकर्म जैसे भवन, पुल, सड़कों/बांध, वैरेजिज, नहरों तथा डाइवर्जन का निर्माण ।	25
7	दरवाजों,दरवाजे के फ्रेम्ज, खिड़कियों के फ्रेम्ज और ग्रिल्ज का लगाना	20
8	टाईल, स्लैब्ज, पत्थरों और शीट्स की आपूर्ति करना और लगाना	20
9	डीप फ्रीजरज, कोल्ड स्टोरेज प्लॉट और डी–हुमीडोर सहित वातानुकूलन उपकरणों की आपूर्ति करना और लगाना	15
10	एयर कन्डीशनरज और एयर कूलरज की आपूर्ति करना और लगाना	15
11	विद्युत माल की आपूर्ति और फिटिंग करना, ट्रान्सफोरमरज सहित विद्युत उपकरणों की आपूर्ति करना और लगाना	15
12	फर्नीचर और फिक्सचरज की आपूर्ति करना और लगाना (फिक्सिंग) और भीतरी सज्जा और अभासी सिलिंग के लिए संविदा सहित पार्टिसन्ज	20
13	कैरिज पर रेलवे द्वारा आपूर्ति किए गए रेलवे केविन्ज और बैगन का निर्माण	20
14	मोटर यानों की बॉडिज का निर्माण या मौंटिंग और ट्रेलरज का निर्माण	20
15	पल्मविंग और ड्रेनेज या सिवेरज के लिए सनेटिरी फिटिंग	25
16	पाइपलाइन्ज, केवन्ज या कन्डक्टरज की भूमिगत या सतह पर लाइन बिछाना	30
17	टैक्सटाइल की ड्रांईग और प्रिंटिंग	30
18	माप मशीनों और माप पूलों की आपूर्ति और परिनिर्माण	15
19	पेन्टिग, पॉलिशिंग और वाइट बाशिंग	30
20	समस्त अन्य संविदाएं जो उपरोक्त क्रम संख्या 1 से 19 में विनिर्दिष्ट नहीं है	25

परन्तु यह और कि निर्धारण प्राधिकारी श्रम प्रभारों से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की कटौती अनुज्ञात नहीं करेगा, जब तक कि संकर्म ठेकेदार इसके दावे को

विनिर्दिष्ट रूप से प्रस्तुत नहीं करता है और जब तक कि निर्धारण प्राधिकारी द्वारा, प्रत्येक मामले में ऐसा दावा उचित और न्यायसंगत नहीं पाया जाता है ।

(3) निर्धारण का प्रत्येक आदेश लिखित में अभिलिखित किया जाएगा और जहां निर्धारण प्राधिकारी व्यौहारी की आवर्त में अवधारित अंक, इन नियमों के उपबन्धों के अधीन प्रस्तुत की गई विवरणी में दिखाए अंको से भिन्न अभिनिर्धारित करता है, तो इसके लिए आदेश में कारणों को संक्षिप्त रूप में अभिकथित करेगा, परन्तु कारणों को अभिकथित करने में असफल रहने पर निर्धारण आदेश की विधि मान्यता प्रभावित नहीं होगी ।

(4) समुचित निर्धारण प्राधिकारी द्वारा अभिलिखित प्रत्येक निर्धारण आदेश व्यौहारी को संसूचित किया जाएगा और कर मांग नोटिस, यदि कोई हो, सहित उस निर्धारण आदेश की अनुप्रमाणित प्रति का उसे मुफ्त में प्रदाय किया जाएगा ।

70. कर मांग नोटिस.—(1) यदि नियम 69 के अधीन व्यौहारी द्वारा कोई रकम संदेय है, तो समुचित निर्धारण प्राधिकारी उसको प्ररूप मू.प.क.–30 में, तारीख को विनिर्दिष्ट करते हुए नोटिस की तामील करेगा, जो कि नोटिस की तामील की तारीख से 15 दिन से कम और 30 दिन से अधिक नहीं होगी, जिसको या जिससे पूर्व ऐसा संदाय किया जाना है और वह ऐसी तारीख को या इससे पूर्व ऐसी तारीख नियत करेगा जिसे व्यौहारी ऐसे संदाय के साक्ष्य में प्राप्त किए गए चलान को प्रस्तुत करेगा ।

(2) जब चालान प्रस्तुत किया जाएगा, तो समुचित निर्धारण प्राधिकारी व्यौहारी की व्यक्तिक नस्ति में और प्ररूप मू.प.क.–17 में मांग और संग्रहण रजिस्टर में आवश्यक प्रविष्टी करेगा ।

71. मामले संस्थित और निर्धारण करने का रजिस्टर.—प्रत्येक निर्धारण प्राधिकारी प्ररूप मू.प.क. 31 में पेशी रजिस्टर और प्ररूप मू.प.क.–32 में निर्धारण रजिस्टर अनुरक्षित करेगा, जिसमें वह क्रमशः प्रत्येक संस्थित मामले और प्रत्येक निर्धारित मामले के व्यौरों की प्रविष्टि करेगा ।

72. कर का पुनर्निर्धारण और लिपिकीय या गणितीय या अन्य भूलों की परिशुद्धि.—(1) समुचित निर्धारण प्राधिकारी अधिनियम की धारा 23 (1) में विनिर्दिष्ट व्यौहारी को प्ररूप मू.प.क.–33 में नोटिस भेजेगा और उसको सुनने के पश्चात् और ऐसी जांच करके जैसी वह आवश्यक समझे, आवर्त पर संदेय कर को पुनर्निर्धारण करने की कार्यवाही कर सकेगा जो निर्धारण या बचे हुए निर्धारण के अन्तर्गत है

और शास्ति को अधिरोपित करने की कार्रवाई भी करेगा तथा अधिनियम के अधीन ब्याज वसूल करेगा ।

(2) निर्धारण प्राधिकारी, धारा 23 की उप–धारा (2) के अधीन या किसी अपीली प्राधिकारी या अधिनियम की धारा 3 के अधीन नियुक्त किसी अन्य अधिकारी या आयुक्त द्वारा, पारित किसी आदेश के अभिलेख से प्रकट किसी लिपिकीय या गणितीय भूल की परिशुद्धि कर सकेगा :

परन्तु यह कि ऐसी कोई परिशुद्धि जो कर, ब्याज, शास्ति या किसी अन्य दायित्व की वृद्धि को प्रभावित करती है, नहीं की जाएगी, जब तक कि सम्बन्धित प्राधिकारी ने, सम्बन्धित व्यौहारी को, ऐसा करने का अपने आशय का नोटिस प्ररूप मू.प.क.–33 में नहीं दिया हो और उसको सुनवाई का युक्ति–युक्त अवसर अनुज्ञात न किया हो :

परन्तु यह और भी कि आयुक्त उसी रीति में, अधिनियम की धारा 47 के अधीन, अभिलेख में दृश्य किसी भूल की परिशुद्धि करेगा।

(3) किसी अतिरिक्त मांग के सृजन या परिशुद्धि के परिणाम–स्वरूप देय किसी प्रतिदाय को अधिनियम और इन नियमों के अधीन वसूलियों और प्रतिदाय के लिए उपबन्धित रीति में, यथास्थिति वसूल या अनुज्ञात किया जाएगा ।

73. निर्धारण प्राधिकारियों की अधिकारिता.—(1) जिला के प्रभारी सहायक आबकारी एवं कराधान आयुक्त या आबकारी एवं कराधान अधिकारी और अन्य आबकारी एवं कराधान अधिकारी, क्षेत्र के उप–आबकारी एवं कराधान आयुक्त के सम्पूर्ण नियन्त्रण के अध्यधीन, उनकी अपनी–अपनी क्षेत्रीय अधिकारिता के भीतर समस्त व्यौहारियों के सम्बन्ध में निर्धारण प्राधिकारी की शक्तियां प्रयोग करेंगे ।

(2) जिला के प्रभारी सहायक आबकारी एवं कराधान आयुक्त या आबकारी एवं कराधान अधिकारी इस निमित्त उसको किए गए आवेदन पर, आदेश द्वारा कारणों को लिखित में अभिलिखित करके, उसके जिला में कार्यरत आबकारी एवं कराधान अधिकारी की नस्ति से किसी मामले को अपनी नस्ति में और विपर्ययेन अन्तरित कर सकेगा ।

(3) क्षेत्र का उप–आबकारी एवं कराधान आयुक्त स्वप्रेरणा से या इस निमित्त उसको किए गए आवेदन पर, लिखित में आदेश द्वारा उसकी क्षेत्रीय अधिकारिता के भीतर किसी मामले को एक निर्धारण प्राधिकारी से उसी जिला के अन्य निर्धारण प्राधिकारी को अन्तरित कर सकेगा:

परन्तु यह कि जहां ऐसे अन्तरण के लिए उप–नियम (1) के अधीन आवेदन किया गया है तब तक इस उप–नियम के अधीन कोई आवेदन नहीं किया जाएगा जब तक कि उप–नियम (1) के अधीन किया गया पूर्ण आवेदन नामंजूर नहीं कर दिया जाता है ।

अध्याय–10

प्रतिदायों के लिए प्रक्रिया

74. प्रतिदाय के लिए आवेदन.—धारा 28 के अधीन अनुज्ञेय किसी रकम के प्रतिदाय के लिए आवेदन समुचित निर्धारण प्राधिकारी को किया जाएगा और आधारों (कारणों) से अन्तर्विष्ट होगा जिस पर प्रतिदाय का दावा किया गया है ।

75. प्रतिदाय की रकम का अवधारण और स्वीकृति.—(1) जब निर्धारण प्राधिकारी का लेखों की ऐसी संवीक्षा के पश्चात् समाधान हो जाता है और ऐसी जांचों जैसी वह आवश्यक समझे कि प्रतिदाय के लिए दावा अनुज्ञेय है, तो वह देय प्रतिदाय की रकम अवधारित करेगा और, यदि प्रतिदाय की जाने वाली रकम :

(i) दस हजार रूपए से अधिक नहीं है, तो स्वीकृत प्रतिदाय के आदेश अभिलिखित करेगा ;

(ii) दस हजार रूपए से अधिक किन्तु पच्चीस हजार रूपए से अधिक नहीं है, तो अपनी सिफारिशों सहित मामले का अभिलेख, आदेश के लिए, यथास्थिति सहायक आबकारी एवं कराधान आयुक्त या जिला के प्रभारी आबकारी एवं कराधान अधिकारी को, प्रस्तुत करेगा ;

(iii) पच्चीस हजार रूपए से अधिक किन्तु पच्चास हजार रूपए से अधिक नहीं है तो अपनी सिफारिशों सहित मामले का अभिलेख सहायक आबकारी एवं कराधान आयुक्त या जिला प्रभारी आबकारी एवं कराधान अधिकारी के माध्यम से, आदेश के लिए, यथास्थिति उप–आबकारी एवं कराधान आयुक्त या परिक्षेत्र के प्रभारी अन्य अधिकारी (उड़न दस्ते के सिवाए) को, प्रस्तुत किया जाएगा; और

(iv) पच्चास हजार रूपए से अधिक है, तो अपनी सिफारिशों सहित मामले का अभिलेख सम्बन्धित जिला और परिक्षेत्र के प्रभारी अधिकारी के माध्यम से, आदेश के लिए, आयुक्त को प्रस्तुत किया जाएगा ; और

निर्धारण प्राधिकारी खण्ड (ii), (iii) और (iv) में वर्णित स्वीकृत प्रतिदाय अपने–अपने खण्ड में केवल विनिर्दिष्ट प्राधिकारियों द्वारा किए गए आदेशों के अनुसार आदेश अभिलिखित करेगा ।

(2) जब किसी रकम के प्रतिदाय के लिए आदेश किया जाता है, तो जिला का प्रभारी अधिकारी–

(i) यदि व्यौहारी, ऐसी रकम जो व्यौहारी या अन्य व्यक्ति से देय किसी रकम की वसूली समायोजित करने के पश्चात् अतिशेष के लिए नकद में संदाय करने की इच्छा रखता हो प्ररूप मू.प.क.–34 में उसको प्रतिदाय संदाय आदेश जारी करेगा ;

(ii) यदि व्यौहारी, उसके द्वारा तत्पश्चात् संदेय किसी रकम के विरुद्ध समायोजन द्वारा संदाय की इच्छा रखता हो, तो जिला का प्रभारी अधिकारी या समूचित निर्धारण प्राधिकारी प्ररूप मू.प.क.–35 में, व्यौहारी को प्राधिकृत करते हुए, प्रतिदाय समायोजन आदेश जारी करेगा कि उस अवधि में, जिसके लिए विवरणी, ऐसे प्रतिदाय समायोजन आदेश के जारी करने के तत्पश्चात्, दाखिल की गई है या उसके द्वारा तत्पश्चात् संदाय किए जाने के लिए अवधारित किसी रकम से, उसके द्वारा संदेय रकम से प्रतिदाय की जाने वाली रकम की कटौती की जाएगी । समायोजन को अनुज्ञात करने के पश्चात्, यथास्थिति, जिला का प्रभारी अधिकारी या निर्धारण प्राधिकारी प्रतिदाय समायोजन आदेश को रद्द कर देगा ।

(3) जहां प्रतिदाय संदाय आदेश या प्रतिदाय समायोजन आदेश जारी है, ऐसे आदेश को जारी करने वाला प्राधिकारी उसमें विनिर्दिष्ट ऐसे प्रतिदाय पर धारा 19 के अधीन संदेय ब्याज, यदि कोई है, की स्वीकृति का आदेश साथ–साथ अभिलिखित करेगा, प्रतिदाय की रकम जिसका संदाय विलम्बित था, विलम्ब की अवधि जिसके लिए ऐसा ब्याज संदेय है और रकम राज्य सरकार द्वारा संदेय ब्याज की रकम और समरूप उस व्यौहारी को जिसको ब्याज संदेय है, संसूचित करेगा और आयुक्त को भी प्रतिदाय को अनुज्ञात करने में विलम्ब के लिए कारणों का संक्षिप्त में कथन करेगा । जहां इस नियम के अधीन विलम्बित प्रतिदाय पर ब्याज के संदाय के लिए आदेश किए गए हैं, तो मन्जूरी प्राधिकारी व्यौहारी को व्याज संदाय करने के आदेश जारी करेगा ।

76. समायोजन का दावा.—व्यौहारी, नियम 75 के अनुसार कटौती के लिए दावे के समर्थन में, उसके द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली आगामी विवरणी में प्रतिदाय समायोजन आदेश संलग्न करेगा ।

अध्याय–11

अपील और पुनरीक्षण

77. अपील प्रस्तुत करना या पुनरीक्षण के लिए आवेदन.—(1) धारा 45 के अधीन अपील का प्रत्येक ज्ञापन–

(क) (i) लिखित में होगा ; और

(ii) जब अपील धारा 45 (क) या (ख) के अधीन दाखिल की जाती है तो प्ररूप मू.प.क.–36 में होगी, और जब अपील धारा 45 (ग) में दाखिल की जाती है तो प्ररूप मू.प.क.–37 में होगी ;

(ख) यथा स्थिति, प्ररूप मू.प.क.–36 या प्ररूप मू.प.क.–37 में दी गई समस्त विशिष्टियों को विनिर्दिष्ट करना ;

(ग) अपील के संक्षिप्त किन्तु स्पष्टतया (साफ–साफ) उपवर्णित तथ्यों और आधारों के स्पष्ट विवरण अन्तर्विष्ट होंगे ;

(घ) संक्षेप में अनुतोष के लिए की गई प्रार्थना (अभियाचना) का कथन ;

(ङ) के साथ निम्नलिखित संलग्न करेगा––

(i) मूल आदेश जिसके विरूद्ध अपील की गई है या उसकी अनुप्रमाणित प्रति जब तक कि ऐसा करने के लिए लोप या ऐसे आदेश को या प्रति प्रस्तुत करने में अपील प्राधिकारी के समाधान के लिए अपील के ज्ञापन को प्रस्तुत करने के समय पर स्पष्ट किया गया हो ; और

(ii) कर (संदेय ब्याज सहित) या शास्ति या दोनों के संदाय का सबूत, जब तक कि इन रकमों का संदाय करने की असमर्थता साबित नहीं हो जाती है और जब तक ऐसे प्रभाव की लिखित प्रार्थना अपील के ज्ञापन सहित प्रस्तुत नहीं की जाती है ;

(च) अपीलार्थी द्वारा या उसके द्वारा इस निमित्त, यथास्थिति, प्ररूप मू.प.क. –36 में या प्ररूप मू.प.क.–37 में उपबन्धित रीति में सम्यक् रूप से प्राधिकृत अभिकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित और सत्यापित किया गया हो ।

(2) धारा 46 की उप–धारा (3) के अधीन पुनरीक्षण के लिए प्रत्येक आवेदन प्ररूप मू.प.क.–38 में होगा ।

(3) इस नियम के खण्ड (च) के उप–खण्ड (ii) के उपबन्धों के सिवाए उप–नियम (1) के उपबन्ध पुनरीक्षण के लिए आवेदन को प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में यथावश्यक परिवर्तन सहित भी लागू होंगे ।

(4) उप नियम (1) के अधीन अपील का ज्ञापन या उप–नियम (2) के अधीन पुनरीक्षण के लिए आवेदन यथास्थिति, या तो अपीलार्थी या आवेदक द्वारा या उसके अभिकर्ता द्वारा अपीलीय या पुनरीक्षण प्राधिकारी को प्रस्तुत किया जाएगा या रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा उक्त प्राधिकारी को भेजा जाएगा ।

(5) अपील का ज्ञापन या पुनरीक्षण हेतु आवेदन मूल आदेश जिसके विरुद्ध यह किया गया है, या इसकी सम्यक् रूप से अनुप्रमाणित प्रति संलग्न की जाएगी, जब तक कि ऐसे आदेश या प्रति को प्रस्तुत करने का लोप (उपेक्षा) अपील या पुनरीक्षण के आवेदन को प्रस्तुत करने के समय पर अपील या पुनरीक्षण प्राधिकारी के समाधान हेतु प्रति में स्पष्ट न किया हो ।

78. संक्षेपतः अस्वीकृति.—(1) यदि पुनरीक्षण हेतु ज्ञापन या अपील या आवेदन में नियम–77 के अधीन अपेक्षित किन्हीं विशिष्टियों के कथन को छोड़ दिया है या आदेश, जिसके विरूद्ध पुनरीक्षण किया गया है, या उसकी सम्यक् रूप से अधिप्रमाणित प्रति, इसके साथ नहीं लगायी गई है, तो अपील या पुनरीक्षण हेतु आवेदन संक्षेपतः अस्वीकृत किए जाएंगे :

परन्तु यह कि इस उप–नियम के अधीन पुनरीक्षण हेतु कोई अपील या आवेदन संक्षेपतः अस्वीकृत नहीं किया जाएगा जब तक कि अपीलार्थी या आवेदक को, यथास्थिति, अपील का ज्ञापन या पुनरीक्षण हेतु आवेदन को संशोधित करने का अवसर नहीं दिया गया हो ।

(2) अपील या पुनरीक्षण हेतु आवेदन उप–नियम (1) में उन विनिर्दिष्ट से अन्यथा आधारों पर भी, जिन्हें अपीलीय या पुनरीक्षण प्राधिकारी पर्याप्त समझे

संक्षेपतः अस्वीकृत किए जाएंगे और जिन्हें अपीलीय या पुनरीक्षण प्राधिकारी द्वारा लघुकृत करके लेखबद्ध किया जाएगाः

परन्तु यह कि किसी अपील या इस उप–नियम के अधीन पुनरीक्षण के लिए आवेदन को संक्षेपतः अस्वीकार करने के आदेश पारित करने से पूर्व अपीलार्थी या आवेदक को सुनवाई का अवसर प्रदान किया जाएगा ।

79. अपील या पुनरीक्षण हेतु आवेदनों की सुनवाई और उनका निपटाया जाना.—(1) यदि अपीलीय या पुनरीक्षण प्राधिकारी अपील या नियम 78 के अधीन पुनरीक्षण हेतु आवेदन को अस्वीकार नहीं करता है, तो यह अपील या पुनरीक्षण हेतु आवेदन को ग्रहण करेगा और इसकी सुनवाई के लिए तारीख नियत करेगा ।

(2) अपीलीय प्राधिकारी, प्राधिकारी या अधिकारी को जिसके आदेश के विरुद्ध अपील प्रस्तुत की गई है, अपील के ज्ञापन की प्रति भेजेगा उससे अपनी टिप्पणी सहित आदेश, जिसके विरुद्ध अपील की गई है, का अभिलेख भेजने के लिए कहेगा।

(3) अधिकरण, अधिनियम की धारा 46 की उप–धारा (3) के अधीन इसको किए गए आवेदन की प्रति को आयुक्त को भेजेगा, जिसके आदेश के विरुद्ध पुनरीक्षण हेतु आवदेन प्रस्तुत किया गया है और अपनी टिप्पणी सहित मामले का अभिलेख मंगवाएगा ।

(4) (i) अपीलीय प्राधिकारी, अपीलार्थी और प्राधिकारी या अधिकारी, जिसके आदेश के विरुद्ध धारा 45 के अधीन अपील प्रस्तुत की गई है, को सुनवाई का नोटिस देगा । ऐसा नोटिस व्यक्तिगत रूप से या डाक द्वारा भेजा जाएगा ।

(ii) अधिकरण आवेदक को जिसने अधिनियम की धारा 46 की उप–धारा (3) के अधीन आवेदन किया है और प्राधिकारी या अधिकारी जिसके आदेश के विरूद्ध पुनरीक्षण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, को सुनवाई का नोटिस देगा । ऐसा नोटिस व्यक्तिगत् रूप से परिदत्त किया जाएगा या डाक द्वारा भेजा जा सकेगा ।

(5) अपीलीय प्राधिकारी, उप–नियम (2) के अधीन प्राधिकारी या अधिकारी द्वारा प्रस्तुत की गई टिप्पणी पर विचार करने के पश्चात्, या यदि प्राधिकारी या अधिकारी अपने किसी अधीनस्थ के माध्यम से या राज्य सरकार के प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से इस प्रकार की इच्छा रखने वाले और अपीलार्थी को या तो

वैयक्तिक रूप से या सम्यक रूप से प्राधिकृत अभिकर्ता को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात् ऐसी अपील का विनिश्चय करेगा ।

(6) अपीलीय प्राधिकारी, उप–नियम (5) के अधीन अपील का विनिश्चय करने से पूर्व, स्वंय ऐसी और जांच धारित करेगा या इसे प्राधिकारी या अधिकारी, जिनके विनिश्चय के विरुद्ध अपील प्रस्तुत की गई है, को इसे धारित करने के निदेश देगा या इस प्रयोजन के लिए इसके द्वारा सम्यक रूप से प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी द्वारा, जो उक्त अपीलीय या पुनरीक्षण प्राधिकारी को आवश्यक प्रतीत होते हों, निदेश देगा ।

(7) अधिकरण, अधिनियम की धारा 46 की उप–धारा (3) के अधीन पुनरीक्षण हेतु ऐसे आवेदन पर किसी अभ्यावेदन जो आयुक्त की ओर से उसके अधीनस्थ के माध्यम से या राज्य सरकार के प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत किए गए हैं, पर विचार करने के पश्चात् और आवेदक को या तो व्यक्तिगत् रूप में या सम्यक रूप से प्राधिकृत अभिकर्ता को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात्, विनिश्चय करेगा ।

(8) उपरोक्त अपीलीय या पुनरीक्षण प्राधिकारी पर्याप्त कारणों से किसी अपील या पुनरीक्षण हेतु आवेदन की सुनवाई को, उसी दिन किसी अन्य समय को या किसी अन्य दिन को, किसी भी अवस्था में स्थगित कर सकेगा ।

(9) यदि सुनवाई के लिए नियत–तारीख तथा समय पर या किसी अन्य तारीख और समय जिसको सुनवाई स्थगित की गई है, अपीलार्थी या आवेदक उक्त प्राधिकारी के समक्ष या तो व्यक्तिगत् रूप में या अभिकर्ता के माध्यम से पेश नहीं होता है, तो उक्त प्राधिकारी, जैसा वह उचित समझे, यथास्थिति, अपील या पुनरीक्षण को खारिज कर सकेगा या इसका विनिश्चय एक पक्षीय कर सकेगा :

परन्तु यह कि यदि वह तारीख जिसको इस उप–नियम के अधीन, अपील या पुनरीक्षण हेतु आवेदन खारिज या एकपक्षीय निर्णीत हुआ था, से तीस दिन के भीतर, यथास्थिति, अपीलार्थी या आवेदक अपीलीय या पुनरीक्षण प्राधिकारी के आदेश को अपरस्त करने के लिए आवेदन करेगा और उक्त अधिकारी का समाधान हो जाता है कि सुनवाई की तारीख की सूचना उसको सम्यक रूप से तामील नहीं की गई थी या उसे पर्याप्त कारणो सें निवारित किया गया था जब, यथास्थिति, अपील या पुनरीक्षण हेतु आवेदन सुनवाई के लिए पुकार हुई थी, तो उक्त प्राधिकारी ऐसे निबन्धनों पर जैसे वह उचित समझे खारिज या एकपक्षीय विनिश्चिय को अपरस्त करने के आदेश करेगा, और अपील या पुनरीक्षण के आवेदन पर कार्यवाही करने के लिए दिन नियत करेगा ।

(10) अपील या पुनरीक्षण प्राधिकारी अपीलार्थी या पुनरीक्षण हेतु आवेदक को गैर–हाजिर होने या आदेशों का अनुपालन न करने के लिए खर्च भी अधिरोपित कर सकेगा ।

(11) अपीलीय या पुनरीक्षण प्राधिकारी अपील या पुनरीक्षण हेतु आवेदनों या क्रमशः प्ररूप मू.प.क.–39 और मू.प.क.–29–अ में स्वः प्रेरणा से पुनरीक्षण के लिए एक संस्थित रजिस्टर और निष्पादन रजिस्टर अनुरक्षित करेगा ।

(12) धारा 3 की उप–धारा (4) में अन्तर्विष्ट उपबन्धों के अध्यधीन आयुक्त आवेदन पर तथा कारणों को लिखित में अभिलिखित करके अपील को एक उप–आबकारी एवं कराधान आयुक्त से अन्य को अन्तरित कर सकेगा ।

80. आयुक्त द्वारा पुनरीक्षण.—(1) जब आयुक्त धारा 46 की उप–धारा (1) के अधीन आदेश पारित करने का प्रस्ताव, जो किसी व्यक्ति पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, तो वह ऐसे व्यक्ति या व्यौहारी को प्ररूप मू.प.क.–40 में नोटिस जारी करेगा और, यथास्थिति, निर्धारण प्राधिकारी या अपीलीय प्राधिकारी जिसके समक्ष उस धारा में निर्दिष्ट कार्यवाहियां लम्बित हैं या जिसके द्वारा उन्हें निपटाया जाना है या जिसके द्वारा उनमें आदेश किए जाने हैं । ऐसा नोटिस व्यक्तिगत् रूप में परिदत्त किया जाएगा या डाक द्वारा भेजा जाएगा ।

(2) आयुक्त अधिनियम की धारा 46 की उप–धारा (1) के अधीन, कोई अभ्यावेदन जो इस नियम के उप–नियम (1) के अधीन या तो व्यक्तिगत् रूप में या इसके किसी अधीनस्थ द्वारा या अधिकारी जिसके समक्ष कार्यवाहियॉ लम्बित हैं या जिसके द्वारा इनका निपटारा किया गया हो या जिसके द्वारा इनमें कोई आदेश किया गया है, और व्यक्ति या व्यौहारी को या तो व्यक्तिगत रूप में या सम्यक् रूप से प्राधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से सुनवाई का अवसर देने के पश्चात्, विचार करने के पश्चात् आदेश पारित करेगा ।

(3) नियम 79 के उप–नियम (7), (8) और (9) के उपबन्ध अधिनियम की धारा 46 की उप–धारा (1) के अधीन आयुक्त द्वारा पारित आदेश के सम्बन्ध में यथावश्यक परिवर्तन सहित लागू होंगे ।

81. आदेश और अपील या पुनरीक्षण का संसूचित किया जाना.—(1) अपील प्राधिकारी द्वारा नियम 78 के अधीन अपील के अन्तिम रूप से निपटान के प्रत्येक आदेश की प्रति या अपील को संक्षेपतः नामन्जूर करने के आदेश, यथास्थिति, अपीलार्थी और निर्धारण प्राधिकारी या सम्बन्धित अधिकारी को भेजे जाएंगे।

(2) अधिकरण द्वारा अधिनियम की धारा 46 की उप–धारा (3) के अधीन पुनरीक्षण हेतु आवेदन को अन्तिम रूप से पारित प्रत्येक आदेश की एक प्रति, यथास्थिति, आवेदक और निर्धारण प्राधिकारी या सम्बन्धित अधिकारी को भेजेगा ।

(3) अधिनियम की धारा 46 की उप–धारा (1) के अधीन आयुक्त द्वारा पारित प्रत्येक अन्तिम आदेश की एक प्रति, व्यक्ति को या व्यौहारी जिसके मामले में वही पारित किया गया है, और, यथास्थिति, निर्धारण प्राधिकारी या अपील प्राधिकारी या सम्बन्धित अधिकारी को भेजी जाएगी ।

(4) आदेश की प्रति उप–नियम (1), (2) या (3) के अधीन व्यक्तिगत् रूप में परिदत्त कर या डाक द्वारा भेज कर संसूचित की जाएगी ।

82. अपील या पुनरीक्षण प्राधिकारी के आदेश का निष्पादन.—(1) यद्यपि धारा 45 के अधीन अपील में पारित आदेश आगे की कार्यवाहियों की विषय–वस्तु है जो निर्धारण प्राधिकारी, अपील प्राधिकारी या किसी अन्य अधिकारी के किसी आदेश के वर्जन या उपांतरित करने को प्रभावित करता है । ऐसा प्राधिकारी या अधिकारी आदेश को कार्यान्वित करने के लिए कार्यवाही करेगा, और निर्धारण प्राधिकारी या अन्य अधिकारी अतिरिक्त संदत्त रकम, को यथास्थिति, वसूल या प्रतिदाय या समायोजित करेगा । अतिरिक्त रकम का नियम 74 में यथा अधिकथित रीति में प्रतिदाय किया जाएगा ।

(2) उप–नियम (1) के उपबन्ध धारा 46 के अधीन पारित पुनरीक्षण आदेश को यथावश्यक परिवर्तन सहित लागू होंगे ।

अध्याय–12

समनों का जारी करना, नोटिस की तामील, व्यौहारियों द्वारा अभिलेख का निरीक्षण और फीस इत्यादि

83. समनों को जारी करना.—निर्धारण, अपील और पुनरीक्षण प्राधिकारी द्वारा, किसी व्यक्ति को उपस्थित होने के लिए या उसके द्वारा दस्तावेज या दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के लिए जारी किए जाने वाले समन प्ररूप मू.प.क. 41 में, जारी होंगे ।

84. नोटिस की तामील.— (1) अधिनियम या इन नियमों के अधीन नोटिस निम्नलिखित में से किसी एक रीति द्वारा तामील किए जाएंगे:–

(क) प्रेषिती को या उसके द्वारा इस निमित्त सम्यक् रूप से प्राधिकृत किसी अन्य अभिकर्ता को या उसके द्वारा, कारबार के सम्बन्ध में जिसकी बाबत वह व्यौहारी के रूप में रजिस्ट्रीकृत है, नियमित नियोजित व्यक्ति को, या व्यौहारी के साथ निवास कर रहे उसके परिवार के किसी व्यस्क पुरुष सदस्य को नोटिस की प्रति को दस्ती परिदान करके ।

(ख) डाक द्वारा, परन्तु यह कि यदि उपरोक्त उक्त रीतियों में से किसी द्वारा किसी ऐसे नोटिस की तामील करने का प्रयास किया गया है, तो सम्बन्धित प्राधिकारी के पास विश्वास करने के युक्ति–युक्त आधार हैं कि प्रेषिती नोटिस की तामील से बच रहा है या किसी अन्य कारण से जो ऐसे प्राधिकारी की राय में पर्याप्त हैं कि नोटिस उपरोक्त वर्णित किन्हीं रीतियों द्वारा तामील नहीं की जा सकती है तो उक्त प्राधिकारी इसके कारणों को अभिलिखित करने के पश्चात् नोटिस को कारित करने के लिए उसकी प्रति को चिपका कर तामील की जाएगी–

(i) यदि प्रेषिती व्यौहारी है, तो व्यौहारी के कार्यालय या भवन जिसमें व्यौहारी का कार्यालय स्थित है के किसी सहजदृश्य भाग पर या व्यौहारी द्वारा उक्त प्राधिकारी को अन्तिमतः संसूचित कारबार के स्थान के सहजदृश्य भाग पर या ऐसे स्थान पर जहां व्यौहारी अन्तिमतः कारबार का संचालन कर रहा है, या

(ii) यदि प्रेषिती व्यौहारी नहीं है, तो उसके निवास या कार्यालय या भवन जिसमें उसका निवास या कार्यालय स्थित है, के किसी सहजदृश्य स्थान पर और ऐसी तामील वास्तव में ऐसी की गई समझी जाएगी, जैसे कि इसे प्रेषिती को व्यक्तिगत् तौर पर किया गया हो :

परन्तु यह और भी कि, जहां अधिकारी, जिसके अनुरोध पर नोटिस की तामील की गई है, का जांच करने पर समाधान हो जाता है कि उक्त ज्ञात कार्यालय, भवन, स्थान या निवास विद्यमान नहीं है या अनुमार्गणीय नहीं है, तो ऐसा अधिकारी लिखित में आदेश द्वारा अन्तिम पूर्ववर्ती परन्तुक के अधीन नोटिस की तामील की अपेक्षाओं से अभिमुक्ति प्रदान कर सकेगा ।

(2) जब नोटिस की तामील करने वाला अधिकारी नोटिस की प्रति को व्यौहारी या प्रेषिती को व्यक्तिगत् रूप में या उसके अभिकर्ता को या उप–नियम (1) के खण्ड (क) में निर्दिष्ट किन्हीं व्यक्तियों को परिदत्त या निविदत्त करता है, तो वह व्यक्ति जिसे प्रति परिदत्त या निविदत्त की गई है, से मूल नोटिस पर पृष्ठांकित तामील की अभिस्वीकृति के लिए हस्ताक्षर करवाने अपेक्षित होंगे । जब नोटिस की तामील उप–नियम (ख) के प्रथम परन्तुक के अनुसार उसकी प्रति को चिपका कर की जाती है तो इसकी तामील करने वाला अधिकारी इसकी मूल प्रति को उस प्राधिकारी को जिसने नोटिस जारी किया है, उस पर पृष्ठांकित या उससे संलग्नित रिर्पोट सहित, कथन करते हुए वापस करेगा, कि उसने प्रति चिपका कर, और परिस्थितियां, जिनके अधीन उसने ऐसा किया और नाम औरं पता या व्यक्ति, यदि कोई है, जिसके द्वारा प्रेषिती के कार्यालय या निवास या भवन जिसमें उसका कार्यालय या निवास स्थित है या उसके कारबार के स्थान की पहचान की गई थी और जिसकी उपस्थिति में प्रति चिपकाई गई थी । उक्त अधिकारी अपनी रिपोर्ट में उस व्यक्ति के हस्ताक्षर या अंगुठे का निशान भी प्राप्त करेगा जिसने प्रेषिती के निवास या कार्यालय या भवन या कारबार के स्थान की पहचान की है ।

(3) जब तामील डाक द्वारा की जाती है, तो नोटिस की तामील, समुचित तौर पर पता लिखकर और नोटिस तैयार करते हुए और इसे रसीदी रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा भेजा जाएगा, और जब तक कि विपर्यय साबित नहीं हो जाता है, तो तामील उस समय जिस में नोटिस डाक के सामान्य अनुक्रम में परिदत्त हुआ था तब से प्रभावी समझा जाएगा ।

85. व्यौहारियों द्वारा अभिलेख का निरीक्षण.—(1) प्रत्येक व्यौहारी के मामले में, समुचित निर्धारण प्राधिकारी दो नस्तियां नामतः 'व्यक्तिगत' नस्ति और 'गोपनीय नस्ति' अलग–अलग तैयार करेगा ।

(2) सम्बन्धित व्यौहारी या उसका अभिकर्ता दस रूपये के मूल्य की स्टाम्प न्यायालय फीस सहित लिखित आवेदन समुचित निर्धारण प्राधिकारी को करने पर अपनी 'व्यक्तिगत् नस्ति', के अभिलेख या नियमों के अधीन अनुरक्षित किसी रजिस्टर में उससे सम्बन्धित किन्हीं प्रविष्टियों का निरीक्षण कर सकेगा । प्रत्येक अभिलेख या रजिस्टर के निरीक्षण हेतु एक अलग आवेदन किया जाएगा ।

(3) आवेदन पर संदत्त दस रूपए की न्यायालय फीस सिर्फ निरीक्षण के एक घण्टे के लिए होगी । प्रत्येक पश्चात्वर्ती घण्टे या घण्टे के भाग हेतु, अतिरिक्त दस रुपये की स्टाम्प न्यायालय फीस का पूर्व संदाय करके प्रतिदाय किया जाएगा । आगामी कार्य दिवस पर अधूरे निरीक्षण के अनुसरण के लिए किसी नए आवेदन की मांग नहीं की जाएगी ।

(4) यदि किसी पूर्ववर्ती वर्ष से सम्बन्धित दस्तावेज का निरीक्षण करना है, तो प्रति आवेदन बीस रूपये के मूल्य की स्टाम्प न्यायालय फीस के रूप में गवेषणा फीस प्रभारित की जाएगी ।

(5) उप नियम (2) के अधीन किसी दस्तावेज के निरीक्षण के हकदार व्यक्ति को उसकी प्रति, उसके द्वारा निम्नलिखित मापमान के मूल्य की स्टाम्प न्यायालय फीस लगे इस निमित्त किए गए आवेदन पर न्यायालय फीस के रूप में प्रभारों के संदाय करने पर, प्रदान की जाएगी :–

(क) रजिस्टर में प्रत्येक प्रविष्टी हेतु दस रुपए;

(ख) निर्धारण प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए प्रत्येक नोटिस या समन हेतु दस रूपए ;

(ग) प्रत्येक विवरणी या इन नियमों के अधीन धारित किसी जांच में अभिलिखित कथन या कोई अन्य दस्तावेज जिसकी प्रतियां इन नियमों के अधीन अनुज्ञेय है, हेतु बीस रुपए प्रति पृष्ठ ;

(घ) कर के निर्धारण के प्रत्येक प्रतिकूल आदेश हेतु पांच रूपए ; और

(ड.) निर्धारण के प्रत्येक अन्य आदेश हेतु दस रुपए ; और

(6) यदि दस्तावेज जिसकी प्रति, उप–नियम (5) के अधीन प्रदान की जानी है, किसी पूर्ववर्ती वर्ष से सम्बन्धित है, प्रति आवेदन बीस रुपए मूल्य के स्टाम्प न्यायालय फीस के रूप में गवेषणा फीस प्रभारित की जाएगी ।

(7) उप–नियम (5) के अधीन प्रदान की जाने वाली प्रति समुचित निर्धारण प्राधिकारी के कार्यालय में तैयार की जाएगी।

(8) उप–नियम (2) से (7) के उपबन्ध अपील और पुनरीक्षण प्राधिकारियों के कार्यालय के अभिलेखों के निरीक्षण के लिए और उनकी प्रतियों को प्रदान करने के लिए यथावश्यक परिवर्तनों सहित लागू होंगे ।

86. कतिपय मामलों के लिए फीस.—निम्नलिखित फीस स्टाम्प न्यायालय फीस के रूप में संदेय होगी :—

क्रम संख्या 1	दस्तावेजों की प्रकृति 2	स्टाम्प न्यायालय फीस का मूल्य 3
1	(क) धारा 45(1)(क) के अधीन अपील का ज्ञापन	बीस रुपए
	(ख) धारा 45(1)(ख) और (ग) के अधीन अपील का ज्ञापन	पच्चास रूपए
	(ग) धारा 46(3) के अधीन पुनरीक्षण के लिए आवेदन	एक सौ रुपए
	(घ) धारा 47 के अधीन अशुद्धियों को शुद्ध करने के लिए आवेदन	बीस रुपए
2	निर्धारिती या व्यौहारी या अभिकर्ता के वकील या सम्बन्धी या नियमित या पूर्णकालिक कर्मचारी द्वारा वकालतनामा, जब अधिकरण, आयुक्त और आयुक्त की पंक्ति से नीचे के किसी अधिकारी के सम्मुख दाखिल किया जाए	पांच रुपए
3	(क) अधिनियम के अधीन किसी प्राधिकारी के समक्ष किन्हीं कार्यवाहियों के स्थगन लिए आवेदन	पांच रुपए
	(ख) अपील इत्यादि के पुनः स्थापन के लिए आवेदन	बीस रुपए
4	(क) अधिनियम या किसी अन्य दस्तावेज के अधीन किसी प्राधिकारी द्वारा पारित किसी आदेश की प्रति	प्रत्येक पृष्ठ या उसके भाग के दो रुपए
	(ख) आवश्यक प्रतियों के लिए आवेदन	उपरोक्त 4(क) में संदेय फीस का दो गुना (प्रतियां आवेदन की प्राप्ति की तारीख से दो दिनों के भीतर जारी की जाएंगी)
5	संशोधन या रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र के लिए आवेदन	पच्चीस रुपए

1	2	3
6	कर इत्यादि की मांग की किस्तों को प्रदान करने या किसी मांग के संदाय के स्थगन या कर इत्यादि की मांग पर रोक के लिए आवेदन	दस रुपए
7	आस्थगन प्रमाणपत्र, छूट प्रमाण पत्र या अधिनियम के अधीन किसी अन्य प्रमाणपत्र के लिए आवेदन	पच्चीस रुपए
8	अधिनियम के अधीन वैधानिक प्ररूपों के लिए आवेदन	शून्य
9	उपरोक्त क्रम संख्या 1 से 8 और नियम 86 के अधीन न आने वाले किसी अन्य दस्तावेज के लिए आवेदन	पांच रुपए

अध्याय–13

87. अधिनियम के अधीन प्रशासन का अधीक्षण और नियन्त्रण.—(1) प्रकीर्ण आयुक्त, प्रशासन का अधीक्षण और अधिनियम के अधीन उद्गृहित कर का संग्रहण करेगा और अधिनियम की धारा 3(1) के अधीन उसकी सहायता करने को नियुक्त समस्त अधिकारियों को नियन्त्रित करेगा ।

(2) आयुक्त के नियन्त्रण के अध्यधीन, परिक्षेत्र का प्रभारी उप–आबकारी एवं कराधान आयुक्त उसके अधीनस्थ और जिलों में तथा उसकी अधिकारिता के अन्तर्गत क्षेत्र में तैनात समस्त अन्य अधिकारियों को नियन्त्रित करेगा ।

(3) आयुक्त और परिक्षेत्र के प्रभारी उप–आबकारी एवं कराधान आयुक्त, जिला के प्रभारी सहायक आबकारी एवं कराधान आयुक्त या के नियन्त्रण और निदेश के अध्यधीन आबकारी एवं कराधान अधिकारी अधिनियम के उपबन्धों को कार्यान्वित करने के कर्त्तव्यों से प्रभारित हैं ।

(4) धारा 3 की उपधारा (4) और धारा 46 की उपधारा (2) में अन्तर्विष्ट उपबन्धों के अध्यधीन आयुक्त, स्वप्रेरणा से या आवेदन पर कारणों को लिखित में अभिलिखित करके धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन उसकी सहायता करने को नियुक्त किसी निर्धारण प्राधिकारी या पुनरीक्षण प्राधिकारी के समक्ष लम्बित कार्यवाहियों के किसी भी स्तर पर निर्धारण या पुनरीक्षण के लिए किसी अन्य निर्धारण या ऐसे पुनरीक्षण प्राधिकारी को अन्तरित कर सकेगा और अन्तरण के आदेश से प्रभावित आवेदक या सम्बन्धित प्राधिकारियों को संसूचित करेगा ।

88. नेमी (नैत्येक) कर्त्तव्यों का प्रत्यायोजन.—निर्धारण प्राधिकारी लिखित में आदेश द्वारा, उसके अधीनस्थ और उसके अधीन कार्यरत किसी व्यक्ति को इन नियमों के अधीन प्राप्तियों, नोटिस और चालान को तैयार करने और हस्ताक्षरित करने से सम्बन्धित ऐसी शक्तियों के रूप में इन नियमों के अधीन ऐसे प्राधिकारी को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करने को साधारणतया प्राधिकृत या किसी विशिष्ट मामले में प्रत्यायोजित कर सकेगा ।

89. समय का विस्तारण करने की शक्ति.—जहां इन नियमों में कतिपय कार्य करने के लिए समय विहित है, तो समुचित निर्धारण प्राधिकारी, विशेष कारणों को लिखित में अभिलिखित करके उस अवधि का समय–समय पर विस्तार कर सकेगा।

90. निःशक्तता के अन्तर्गत व्यक्ति द्वारा कारबार का स्वाधिकृत.—कोई स्वामी, जो निःशक्तता के अन्तर्गत है, की ओर से, कारबार को कार्यान्वित करने वाला न्यासी, संरक्षक या प्रबन्धक (चाहे न्यायालय द्वारा या अन्यथा नियुक्त हो), या प्रतिपाल्य अधिकरण (कोर्ट आफॅ वार्ड्स) ऐसे कारबार की बाबत अधिनियम और इन नियमों द्वारा अधिरोपित समस्त बाध्यताओं का, उसी विस्तार तक अनुपालन करने के लिए दायी होगा, जहां तक कि स्वामी, यदि वह निःशक्तता के अन्तर्गत नहीं होता और कारबार को स्वयं कार्यान्वित करता तो दायी होता ।

91. किसी न्यायालय के नियन्त्रण के अधीन कारबार का संपदा का भागरूप होना.—भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, 1925 के अधीन (महाप्रशासक) प्रशासनिक जनरल, शासकीय न्यासी (आफिशियल ट्रस्टी) और प्रशासक का निष्पादक, न्यायालय के आदेश द्वारा उसके नियन्त्रणाधीन किसी कारबार में लगा हुआ है किसी सम्पदा का भागरूप है ऐसे कारबार की बाबत उसी विस्तार तक जैसे कि वह स्वयं कारबार का मालिक हो, अधिनियम और इन नियमों द्वारा अधिरोपित समस्त बाध्याताओं को पूरा करने का दायी होगा। और अधिनियम और इन नियमों के अधीन उस अवधि के लिए जिस दौरान वह उसके नियन्त्रण में रहा है, के लिए भी कोई कर, शास्ति या ब्याज का संदाय करने का दायी होगा।

92. निर्धारण, अपील या पुनरीक्षण के आदेश की प्रतियां देना.—(1) समुचित निर्धारण प्राधिकारी द्वारा, नियम 70 में यथा विहित नोटिस की प्रति सहित निर्धारण आदेश की प्रमाणित प्रति व्यौहारी को दी जाएगी।

(2) अपील या पुनरीक्षण में तत्काल आदेश पारित होते ही, यथास्थिति, सम्बंधित प्राधिकारी द्वारा, इसकी प्रमाणित प्रति अपीलार्थी या आवेदक को दी जाएगी।

अध्याय–14

आस्थगन और छूट

93. विक्रय कर प्रोत्साहन की अनवसित अवधि के लिए प्रोत्साहनों की शर्तें.—धारा 62 की उप–धारा (5) के प्रयोजनों के लिए छूट या आस्थगन की शर्तें वही होंगी जो अधिनियम के प्रारम्भ पर निरसित अधिनियम के अधीन विद्यमान है:

परन्तु यह कि जहाँ कोई व्यौहारी (औद्योगिक इकाई) निरसित अधिनियम के अधीन उद्गृहीत कर से आंशिक छूट का प्रोत्साहन प्राप्त कर रहा है, तो ऐसा व्यौहारी, प्रोत्साहन की अनवसित अवधि के लिए, ऐसे व्यौहारी द्वारा विनिर्मित माल के विक्रय पर हिमाचल प्रदेश मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2005 की धारा 6 के अधीन अधिसूचित या विनिर्दिष्ट कर की दर का 25 प्रतिशत की दर से कर का संदाय करने का हकदार होगा :

परन्तु यह कि ऐसा व्यौहारी, उसके द्वारा क्रय माल पर किसी आगत कर प्रत्यय का, हकदार नहीं होगा ।

94. प्रोत्साहन प्राप्त करने वाली इकाईयों द्वारा बीजक जारी करना.—इन नियमों में अन्तर्विष्ट किसी बात के प्रतिकूल होते हुए भी, कोई औद्योगिक इकाई जो छूट की प्रसुविधा प्राप्त कर रही है, फुटकर बीजक जारी करेगी और कोई औद्योगिक इकाई जो आस्थगन की प्रसुविधा प्राप्त कर रही है, उसके द्वारा विक्रीत माल की बाबत कर बीजक जारी करेगी ।

95. निर्धारण इत्यादि.—औद्योगिक इकाई कर के संदाय से या कर का आस्थगित संदाय करने से छूट की प्रसुविधा प्राप्त कर रही है अधिनियम या इन नियमों के उपबन्धों द्वारा शास्ति होगी। अतिरिक्त मांग, यदि कोई अधिनियम या इन नियमों के अधीन, सृजित होती है, तो अधिनियम और तद्धीन बनाए गए नियमों के उपबन्धों के अनुसार संदत्त की जाएंगी ।

अनुसूची

आगत कर निर्वाधित माल

धारा 11(8) रजिस्ट्रीकृत व्यौहारी निम्नलिखित माल के क्रय पर संदत्त कर की बाबत आगत कर प्रत्यय हेतु अर्हित नहीं होगा, अर्थात्:–

क्रम संख्या 1	माल का विवरण 2
1	वाणिज्यिक यानों, दुपहिया, तीन पहिया सहित ओटोमोबाईल और उनकी मुरम्मत और अनुरक्षण हेतु कल–पूर्जे, जब तक व्यौहारी ऐसे ओटोमोबाइलज या कल–पूर्जो के संव्यवहार के कारबार में है ।
2	केक, बिस्कुट और कन्फेक्शनरी, स्वीटस और स्वीट मीट सहित खाने के स्थानों में विक्रीत और तैयार किए गए खाद्य और पेय वस्तुएं।
3	समस्त विद्युत या इलैक्ट्रोनिक माल और एयर–कन्डीशनरज, एयर कूलरज, टेलीफोनज, फैक्स, मशीने, अनुलिपि (डुप्लीकेटिंग) मशीने, फोटोकोपियर और स्कैनरज, उनके भाग और उपसाधान सहित साधित्र, विक्रय या विनिर्माण, प्रसंस्करण, पैकिंग में प्रयोग से अन्यथा और वह जिन्हें संगणना करने, कर बीजक, विक्रय बिलों, प्रतिभूति जारी करने और भण्डारण सूचना हेतु उपयोग करना है ।
4	पैट्रोल, डीजल, विमानन टरबाइन इन्धन,द्रव, पैट्रोलियम गैस और संघनन प्राकृतिक गैस, जब तक व्यौहारी व्यक्ति ऐसे उत्पादों को विक्रीत करने के कारबार में है और अधिनियम की धारा 11 की उप–धारा (3) के द्वितीय परन्तुक के अध्यधीन है ।
5	फर्नीचर, विद्युत फिक्सचर और फिटिंग सहित फर्नीचर फिक्सचर, कार्यालय उपकरण और भवन सामग्री जब तक व्यौहारी ऐसे माल के संव्यवहार के कारबार में है ।
6	मिट्टी हटाने वाले उपकरण जैसे कि बुल्डोजर, जेसीबीज तथा प्रोकलेन इत्यादि, जब तक व्यौहारी ऐसे माल के संव्यवहार के कारबार में है ।
7	लाईम,लाइम–स्टोन, कलींकर और डोलोमाइट ।
8	काष्ठ (टिम्बर) ।

परिशिष्ट

प्ररूप

मूल्य परिवर्धित कर प्ररूप–1

[नियम 3(1) देखें]

हिमाचल प्रदेश मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2005 की धारा 14 के अधीन मूल्य परिवर्धित / साधारण रजिस्ट्रीकरण प्रदान करने के लिए आवेदन

सेवा में

निर्धारण अधिकारी
जिला .....

मैं / हम ..... स्वामी / प्रबन्धक (सम्यक् रूप से प्राधिकृत) हिन्दू अविभक्त कुटुम्ब के भागीदार (ओं) कर्ता / कम्पनी / सोसाइटी / व्यक्तियों के संगम / क्लब के कारबार / कार्यकलापों का प्रबंध करने वाले प्रधान अधिकारी / विभागाध्यक्ष या उसके द्वारा लिखित में सम्यक् रूप में प्राधिकृत कोई अन्य अधिकारी, कारबार जिसका ब्यौरा नीचे दिया गया है, उक्त कारबार के निमित हिमाचल प्रदेश मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2005 के अधीन एतद्द्वारा रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए आवेदन करते हैं जिसके लिए रजिस्ट्रीकरण फीस एक सौ रूपए ट्रेजरी चालान संख्या.....तारीख.....को संदत्त किए जा चुके हैं ।

1. नाम और कारबार का अभिनामः

2. कारबार का मुख्य स्थान और संपर्क पता:

कारबार का मुख्य स्थान	
पता	फोन
शहर	फैक्स
जिला	ई–मेल

3. आयकर अधिनियम, 1961 के अधीन कारबार का स्थायी लेखा संख्या
(पैन)

4. कारबार का गठन, जो लागू हो **पर** (√) का निशान लगाएं

स्वत्वधारिता	प्राइवेट लिमिटड कम्पनी	व्यक्तियों का संगम	सरकारी निगम / बोर्ड
भागीदार	पब्लिक लिमिटड कम्पनी	क्लब	*
हिन्दू अविभक्त कुटुम्ब	सहकारी सोसाइटी	सरकारी	

*(यदि दिए गए विवरण इसके अन्तर्गत नहीं आते हैं तो विनिर्दिष्ट किए जांए)

5. कारबार का स्वरूप , (√)जो लागू हो

विनिर्माण	पट्टे पर	दूरसंचार	स्टोन क्रशर
थोक कारबार	खानपान (खाद्य वस्तु सेवा)	हलवाई / ढाबा / तन्दूर लोह / चाट सेवा	अन्य
परचून विक्रय कारबार	खनन	ईंट भट्टा स्वामी	
संकर्म संविदाकारी	ऊर्जा उत्पाद या वितरण	लाटरी व्यौहारी	

6. मुख्य वस्तुएं जिसमें कारबार किया जा रहा है ।

7. ई.ए.सी. (आर्थिक क्रिया कलाप संहिता)

8. कर के संदाय के दायित्व उपगत करने का आधार आयात:
(√)जो लागू हो निर्यात:
.....रूपए से अनधिक विक्रय
धारा 14(2) के अधीन
रजिस्ट्रीकरण

9. दायित्व की तारीख

दिवस			मास			वर्ष			
		-			-				

10. कारबार में हित रखने वाले व्यक्तियों के बैंक खाते(तों) के ब्यौरे :

बैंक का नाम और पता	लेखा का प्रकार	लेखा संख्या

11. कारबार में हित रखने वाले व्यक्तियों द्वारा स्थावर संपत्तियों में पूर्णतः या भागतः स्वामित्व का ब्यौरा :

क्रम संख्या	स्वामी का नाम	संपत्ति का विवरण	जहां संपत्ति स्थित है का पता	लगभग मूल्य	शेयर प्रतिशतता

12. लिपि जिसमें लेखा पुस्तकें अनुरक्षित की गई हैं

13. उपाबन्ध–1 के अनुसार स्वत्वधारी, प्रत्येक भागीदार या सदस्य हिन्दू अविभक्त कुटुम्ब के कर्ता और प्रत्येक निदेशक (प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी के मामले में) का नाम, पता और अन्य ब्यौरे संलग्न हैं ।

14. भागीदारी विलेख / संगम का ज्ञापन और संगम का अनुच्छेद, संगम की नियमावली / अन्य करार / दस्तावेज की अधिप्रमाणित प्रति संलग्न है (हैं) ।

15. कारबार के अतिरिक्त स्थानों का ब्यौरा उपाबंध–II के अनुसार संलग्न है ।

16. विनिर्माण, दूर संचार तन्त्र, विद्युत ऊर्जा का उत्पादन या वितरण या अन्य बिजली के द्वारा उपयोग या माल को पैक करने और पूंजीमाल के रूप में उपयोग के लिए क्रय किए जाने के लिए अपेक्षित माल की सूची उपाबन्ध-III के अनुसार संलग्न है ।

17. उपाबन्ध -IV के अनुसार दी गई प्रतिभूति का ब्यौरा संलग्न है ।

18. स्वत्वधारी, प्रत्येक भागीदार, हिन्दू अविभक्त कुटुंब का कर्ता और प्रत्येक निदेशक (प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी की दशा में) इत्यादि का पासपोर्ट साईज का (स्वतः हस्ताक्षरित) फोटोग्राफ नीचे चिपकाया गया है:

नाम
हैसियत

नाम
हैसियत

नाम
हैसियत

और प्रत्येक सम्बद्व व्यक्ति का एक ऐसा (स्वतः हस्ताक्षरित) फोटोग्राफ संलग्न है ।

सत्यापन

मैं / हम ..... एतद्द्वारा सत्यानिष्ठा से प्रतिज्ञान और घोषणा करता हूँ / करते हैं कि इस आवेदन में अन्तर्विष्ट सूचना, इसके साथ संलग्न उपाबन्धों सहित, मेरी / हमारी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य और सही है ।

स्थान:

तारीख:

हस्ताक्षर .....

हैसियत .....

पूरा नाम .....

घोषणा

(i) मैं / हम हिमाचल प्रदेश मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2005 और हिमाचल प्रदेश मूल्य परिवर्धित कर नियम, 2005 के उपबंधों का पालन करने का वचन देता हूं / देते हैं।

(ii) मेरे / हमारे कारबार के नाम से साइन बोर्ड सभी कारबार परिसरों पर पहले ही प्रदर्शित किया जा चुका है ।

(iii) उक्त कारबार की बाबत लेखे की बहियां अनुरक्षित की जा रही है और उक्त कारबार परिसर में प्राप्त होंगी ।

स्थान: हस्ताक्षर .....

तारीख: हैसियत .....

पूरा नाम .....

(भागीदारी कारबार के मामले में अन्य भागीदारों के हस्ताक्षर)

(1) स्थान ..... हस्ताक्षर .....(2) स्थान ..... हस्ताक्षर .....

पूरा नाम ..... पूरा नाम .....

तारीख हैसियत तारीख हैसियत

(3) स्थान ..... हस्ताक्षर .....(4) स्थान ..... हस्ताक्षर .....

पूरा नाम ..... पूरा नाम .....

तारीख हैसियत तारीख हैसियत

(केवल कार्यालय उपयोग के लिए)

अभिस्वीकृति प्राप्ति संख्या.....तारीख.....सर्कल संख्या.....

उपाबन्ध–I

(मू0प0 कर प्ररूप–1 के साथ संलग्न किया जाना है)

स्वत्वधारी, प्रबंधक (सम्यक् रूप में प्राधिकृत) प्रत्येक भागीदार (भागीदारी कारबार की दशा में) / निदेशक(निजी कम्पनी की दशा में) पृथक रूप से हिन्दू अविभक्त कुटुम्ब के कर्ता के बारे में सूचना ।

1. पूरा नाम(बड़े अक्षरों में) _____
2. पिता का नाम(बड़े अक्षरों में) _____
3. हैसियत _____
4. कारबार में हित का परिमाण _____
5. स्थायी पता गृह संख्या.....गांव / नगर / शहर .....

   तहसील ..... जिला .....

   राज्य ..... पिन कोड.....

   वर्तमान पता गृह संख्या ..... गांव / नगर / शहर .....

   तहसील ..... जिला .....

   राज्य ..... पिन कोड .....

7. स्वामित्वाधीन समस्त स्थावर संपत्तियों का ब्यौरा :

क्रम संख्या	जहां संपत्ति स्थित है का पूरा पता	लगभग मूल्य	शेयर का परिमाण

8. अन्य कारबार की विशिष्टियां जिसमें व्यक्ति का हित है :

क्रम संख्या	जहां संपति स्थित है का पूरा पता	लगभग मूल्य	शेयर का परिमाण

सत्यापन

उपर्युक्त ब्यौरे मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य और पूर्ण है और इसमें कुछ भी छुपाया नहीं गया है ।

स्थान .....

सम्बद्ध व्यक्ति के हस्ताक्षर।

तारीख.....

उपाबन्ध–2

(मू0प0 कर प्ररूप–1 के साथ संलग्न किया जाना है)

कारवार के अतिरिक्त स्थानों का ब्यौरा

क्रम संख्या	पूर्ण पता	परिसरों, कारखाना / गोदाम / कार्यालय / विक्रय निर्गम / किसी अन्य का उपयोग (विनिर्दिष्ट किए जांए)	टेलीफोन नम्बर

सत्यापन

उपर्युक्त ब्यौरे मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य और पूर्ण है और उसमें कुछ भी छिपाया नहीं गया है । मैं यह भी घोषणा करता हूँ कि जब कभी भी इस उपाबंध में उपबधिंत सूचना में कोई परिवर्तन होगा तो मैं समुचित निर्धारण प्राधिकारी को सूचित करूंगा।

स्थान ——————————

तारीख ——————————

1. हस्ताक्षर .....
   पूरा नाम ——————————
   हैसियत ——————————
2. ——————————
3. ——————————

उपाबंध–3

(मू0प0 कर प्ररूप–1 के साथ संलग्न किया जाना है)

विनिर्माण, दूरसंचार, विद्युत के उत्पादन और वितरण या ऊर्जा के अन्य स्वरूप, माल को पैक करने और पूंजीमाल के रूप में उपयोग करने के लिए क्रय किए जाने के लिए अपेक्षित माल की सूची ।

क्रम संख्या	उपयोजन जिसके लिए अपेक्षित है	माल का वर्णन
1	2	3
1.	माल के विनिर्माण में उपयोग करने के लिए	
2.	दूरसंचार तन्त्र में उपयोग के लिए	
3.	विद्युत के उत्पादन या वितरण या किसी अन्य ऊर्जा के स्वरूप के उपयोग के लिए	
4.	यथास्थिति, उपर्युक्त 1 से 3 क्रम संख्या की प्रविष्टियों के स्तम्भ (3) में विनिर्दिष्ट माल पैक करने के उपयोग के लिए	
5.	पूंजी माल के रूप में उपयोग करने के लिए	

हस्ताक्षर.....

पूरा नाम.....

हैसियत.....

उपाबंध–4

(मू0प0 कर प्ररूप–1 के साथ संलग्न किया जाना है)

(दी गई प्रतिभूति का ब्यौरा)

क्रम संख्या	प्रतिभूति की किस्म	प्रतिभू का नाम (यदि लागू हो)	रकम	कारबार का नाम और(टी.आई.एन) कर पहचान संख्या जिसमें प्रतिभू का हित है	(बैंक गारंटी की दशा में) अवसान की तारीख

सत्यापन

उपर्युक्त ब्यौरे मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य और पूर्ण है और उसमें कुछ भी छिपाया नहीं गया है । मैं यह भी घोषणा करता हूं कि इस उपाबंध में उपबंधित सूचना में जब कभी भी परिवर्तन होगा तो मैं इसकी सूचना समुचित निर्धारण प्राधिकारी को दूंगा ।

स्थान _____

तारीख _____

1. हस्ताक्षर .....
   पूरा नाम _____
   हैसियत _____

उपाबंध–5

(मू0प0 कर प्ररूप–1 के साथ संलग्न किया जाना है)

31–03–2005 को (पूंजी माल के अतिरिक्त) माल के स्टाक का ब्यौरा

1. 31–03–2005 को स्टाक का कुल मूल्य रुपए_____

2. उपर्युक्त (1) में माल का मूल्य जो उसी रूप में पड़ा है जिसमें वह खरीदा गया था। रुपए_____

3. (विनिर्माण समुत्थान के मामले में) प्रसंस्करण में माल सहित विनिर्मित किए गए माल का मूल्य। रुपए_____

4. उपर्युक्त (2) को माल का अवशिष्ट मूल्य :

31–3–2005 को माल के स्टाक का मूल्यः रुपए.....

राज्य के भीतर खरीदे गए माल का मूल्य					राज्य के बाहर से खरीदे गए माल का मूल्य
कर संदत्त माल			कर मुक्त माल	कराधेय माल कर संदाय के बिना खरीदा गया माल	
कर की दर	माल का मूल्य रुपए	मूल्य में कर तत्व रुपए	रुपए	रुपए	रुपए
कुल जोड़					

5. उपर्युक्त (3) पर माल के विनिर्माण में उपयोग किए माल का अवशिष्ट मूल्य :

कुल मूल्य : रुपए					
राज्य के भीतर खरीदे गए माल का मूल्य : रुपए					
कर संदत माल			कर मूक्त माल	कराधेय माल (कर के संदाय के बिना खरीदा गया)	राज्य के बाहर से खरीदे गए माल का मूल्य
कर की दर	माल का मूल्य रुपए	मूल्य में कर तत्व रुपए	रुपए	रुपए	रुपए
कुल जोड़					

सत्यापन

उपर्युक्त ब्यौरे मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य और पूर्ण है और उसमें कुछ भी छिपाया नहीं गया है ।

स्थान ——————

1. हस्ताक्षर .....
   हैसियत
   पूरा नाम ——————

तारीख ——————

मू0प0 कर प्ररूप –2

[(हिमाचल प्रदेश मूल्य परिवर्धित कर नियम, 2005 का नियम 3 (2) और 33 (1) और 37 (1) देखें]

चालान

मूल	तृतीय
द्विप्रतिक	चतुर्थ

खजाना/उप–खजाना/शाखा या भारतीय स्टेट बैंक या स्टेट बैंक ऑफ पटियाला .... में कर संदत्त करने का बीजक और हिमाचल प्रदेश मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2005 के अधीन जमा किए गए लेखा शीर्षक "0040 सेल्ज टैक्स–रसीप्ट ।"(0040 विक्रय कर–प्राप्तियां)

जिला:															सर्कल		

अवधि जिससे			/			/	2	0			तक			/			/	2	0		

संदाय की अन्तिम तिथि			/			/	2	0			

1. जिसके द्वारा पेश किए गए																						

2. व्यौहारी/व्यक्ति का नाम																						

3. पूरा पता :																						

कर पहचान संख्या (टी.आई.एन.)											

राज्य मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम से 102–प्राप्तियां :

01—स्वैच्छिक मूल्य परिवर्धित कर		रुपए
02 – क्रय कर		रुपए
03 -- धारा 17 के अधीन कटौती किया गया कर		रुपए
04 – अतिरिक्त मांग -----		रुपए
05 -- धारा के अधीन शास्ति		रुपए
06 –ब्याज		रुपए
07 ----------की बाबत अन्य संदाय		रुपए
अंको में कुल जोड़:		रुपए
शब्दों में कुल जोड़:		रुपए

प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त दी गई विशिष्टियां सही हैं ।

जमाकर्ताओं के हस्ताक्षर

निर्धारण प्राधिकारी (मुद्रा सहित)

तारीख: | | | / | | | / | 2 | 0 | | |

खजाना में उपयोग के लिए

रुपए.....की राशि प्राप्त की		
और लेखा "0040–मूल्य परिवर्धित कर–102 राज्य मूल्य परिवर्धित कर के अधीन जमा की गई		
खजाना लेखाकार		

कोषाधिकारी / उप–कोषाधिकारी / प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक/
प्रबंधक स्टेट बैंक ऑफ पटियाला

खजाना की मोहर

पाद टिप्पण:

"मूल" : कोषाधिकारी द्वारा सहायक आबकारी एवं कराधान आयुक्त और जिला के प्रभारी आबकारी एवं कराधान अधिकारी को भेजी जानी है

"द्विप्रतिक": खजाना में रखी जानी है ।

"तृतीय": संदाय करने वाले व्यक्ति को वापस भेजी जानी है ।

"चतुर्थ" : संदाय करने वाले व्यक्ति को वापस भेजी जानी है ।

मू0 प0 कर प्ररूप –3

ऋण शोधक्षम प्रतिभू के साथ वैयक्तिक बंध–पत्र

[नियम 4(1)(ख) देखें]

हिमाचल प्रदेश मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2005 की धारा 15 के अधीन; निर्धारण प्राधिकारी के समक्ष..... सर्किल ..... जिला ..... हिमाचल प्रदेश

संख्या..... 200 .....

मैसर्ज/----------याची

बनाम

निर्धारण प्राधिकारी के माध्यम से

हिमाचल प्रदेश राज्य

यह सबको ज्ञात हो कि मैं / हम ..... पूरा नाम ..... पूरा पता ..... करदाता पहचान संख्या.....(यदि कोई हो) हिमाचल प्रदेश सरकार के (जिसे इसमें इसके पश्चात सरकार कहा गया है और इसके अन्तर्गत उनके पद उत्तरवर्ती और समनुदेशिती भी है जब तक कि ऐसा विषय या संदर्भ से अपवर्जित या उसके विरूद्ध नहीं है) .....रूपए) की रकम जिसे इसमें इसके पश्चात् "उक्त राशि कहा गया है" सरकार को संदाय करने के लिए वचनबद्ध और दृढ़तापूर्वक आबद्ध हूं । यह संदाय पूर्णता और सही रूप में करने के लिए मैं / हम / मुझे / हमें / हमारे वारिसों, निष्पादकों, प्रशासकों और विधिक प्रतिनिधियों को इस विलेख द्वारा दृढ़तापूर्वक आबद्ध करता हूं / हैं ।

यह कि उपर्युक्त आबद्धकर से समुचित निर्धारण प्राधिकारी ..... जिला ..... हिमाचल प्रदेश द्वारा निम्नलिखित प्रयोजनों के लिए उक्त राशि की प्रतिभूति देना अपेक्षित है,...

(क) हिमाचल प्रदेश मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2005 (जिसे इसमें इसके पश्चात् अधिनियम निर्दिष्ट किया गया है) के अधीन उसके / उनके द्वारा कर, ब्याज या

शास्ति की बाबत देय किसी रकम के संदाय को उपबंधित समय के भीतर और विहित रीति में सुनिश्चित करने के लिए , और

(ख) सरकार को सभी हानियों, लागतों या व्ययों जिन्हें उपर्युक्त आबद्धकर (मर्यादित) को त्रुटि, चूक या असफलता या दिवालियापन के कारण सरकार को किसी प्रकार से भोगना, संपोषित या संदाय करना पडता है या उसके या उनके लिए या अधीन काम कर रहे किसी व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा उपर्युक्त अधिनियम और तद्धीन बनाए गए नियमों के अधीन ऐसी रीति में और उप बंधित या विहित समय में उक्त राशि के संदाय की प्रतिपूर्ति करना

अब उपर्युक्त लिखित बंधपत्र की शर्तें ऐसी है कि यदि उपर्युक्त आबद्धकर (मर्यादित) उसके/उनके वारिसों, निष्पादकों, प्रशासकों और विधिक प्रतिनिधियों या उसके/उनके अधीन या के लिए कार्य कर रहा कोई अन्य व्यक्ति ,–

(क) उक्त अधिनियम और तद्धीन बनाए गए नियमों के अधीन देय पूरी रकम उक्त अधिनियम और नियमों के अधीन ऐसी रीति में और उपबंधित या विहित अवधि के भीतर, उक्त अधिनियम की धारा 3 के अधीन सरकार द्वारा नियुक्त किसी प्राधिकारी द्वारा मांग पर संदाय करेगा, ऐसी मांग लिखित में होगी और उपर्युक्त आबद्धकर (मर्यादित) उसके/उनके वारिसों निष्पादकों, प्रशासकों और विधिक प्रतिनिधियों या उसके/उनके अधीन या के लिए कार्य कर रहे किसी अन्य व्यक्ति को उक्त अधिनियम या तद्धीन बनाए गए नियमों के अधीन ऐसी रीति में और उपबंधित या विहित अवधि के भीतर तामील की जानी है, और

(ख) हर समय, सरकार को प्रत्येक हानि लागतों और व्ययों की क्षतिपूर्ति करेगा और से बचाएगा जिसके लिए उपर्युक्त आबद्धकर को या उसके/उनके अधीन या के लिए कार्य कर रहे किसी व्यक्ति को उक्त अधिनियम और तद्धीन बनाए गए नियमों के अधीन कारित कारणों द्वारा देय किसी राशि को संदाय करने के लिए किसी भी समय या इसके पश्चात् की किसी समय अवधि के लिए दायी ठहराया गया है या जाएगा या जा सकता है ,

तो यह बाध्यता शून्य हो जाएगी और कोई प्रभाव नहीं होगा, अन्यथा वह पूर्ण रूप में प्रवृत्त और प्रभाव में होगी और रहेगी और एतद् द्वारा आगे करार किया जाता है कि अधिनियम या तद्धीन बनाए गए नियमों के अधीन उपर्युक्त आबद्धकर की मृत्यु / विभाजन / विछिन्नता / विघटन / परिसमापन या दायित्व की अन्तिम समाप्ति की दशा में(क) उपर्युक्त आबद्धकर द्वारा देय किसी राशि की वसूली के लिए या (ख) किसी हानि, लागत या व्यय जो उपर्युक्त आबद्धकर, उसके / उनके वारिसों, निष्पादकों, प्रशासकों और विधिक प्रतिनिधियों के दिवालिएपन पर अधिनियम या तद्धीन बनाए गए नियमों के अधीन और जिसका उपर्युक्त आबद्धकर की मृत्यु / विभाजन / विछिन्नता / विघटन / परिसमापन या अन्तिम समाप्ति या उक्त अधिनियम या तद्धीन बनाए गए नियमों के अधीन उसके / उनके दायित्व को संपोषित, उपगत किए जाने के लिए उपलब्ध न होने पर उपर्युक्त आबद्धकर का यह बंध पत्र उपरोक्त निर्धारण प्राधिकारी के पास रहेगा :

परन्तु यह और भी कि अधिनियम के अधीन देय किसी राशि या उपर्युक्त हानि या नुकसान की वसूली के लिए किसी अन्य अधिकार या उपाय पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना सरकार इस बंध पत्र के अधीन देय रकम को भू–राजस्व के बकाया के रूप में वसूल करने की हकदार होगी ।

इसके साक्ष्य स्वरूप उक्त ——————(पूरा नाम) ने आज—————— के दिन ——————उसके / उनके हस्ताक्षर कर लिए हैं और उपर्युक्त नामित द्वारा इसमें नीचे लिखे साक्षियों की उपस्थिति में परिदत्त कर दिए है

हस्ताक्षर_____

साक्षी

हैसियत——————————

1. (पूरा नाम)——————

2. (पूरा नाम) ——————

हम (1) ———————————————————————

(2) ———————————————————————

(प्रतिभू का पूरा नाम और पता)

